सूर्योदय 7:07 सूर्यास्त 6:04

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.0 न्यू | 13.0 अधि |
| धर्मशाला | 8.0 न्यू | 16.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,065.75 |
| निफ्टी | 25,867.30 |
| सोना 1,54,876 | चांदी 2,53,665 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 10 फरवरी 2026 | 28 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 44, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### फरीदाबाद जेल में आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या

**एजेंसी, फरीदाबाद।** हरियाणा की फरीदाबाद जेल में बंद आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या कर दी गई है। रविवार देर रात जेल में मर्डर केस में बंद अरुण चौधरी उर्फ अब्बू जट नाम के कैदी ने उस पर नुकीली चीज से हमला किया। दोनों को हाई सिक्योरिटी वाली बैरक में एक साथ बंद किया गया था। कत्ल का पता चलते ही जेल अधिकारी बैरक में पहुंचे। इसके बाद आतंकी की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया। 20 साल के आतंकी अब्दुल को गुजरात एसआईटी ने मार्च 2025 में पकड़ा था। जांच में पता चला कि वह अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट के कुख्यात आतंकी सूफियान के संपर्क में था। (अनंत ज्ञान)

### संसद और 15 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के 15 स्कूलों को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिले। मेल में दावा किया गया कि 13 फरवरी को दोपहर 1.11 बजे संसद में ब्लास्ट होगा और दिल्ली को खालिस्तान बना देंगे। अधिकारियों ने बताया कि आठ धमकियां बाद में फर्जी पाई गईं। ई-मेल में आतंकी अफजल गुरु और पंजाब को खालिस्तान बताने का भी जिक्र था। धमकी के बाद स्कूलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। फायर टेंडर, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड तुरंत मौके पर पहुंची। हालांकि, तलाशी में कुछ भी नहीं मिला। (अनंत ज्ञान)

### कुलदीप सेंगर को कोर्ट से नहीं मिली जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उन्नाव रेप केस मामले में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने पूर्व विधायक को जमानत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके बाद बड़ा आदेश देते हुए सेंगर के खिलाफ मामले को फास्ट ट्रैक करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट को तीन महीने में अपील पर फैसला करने को कहा है। गौरतलब है कि सेंगर ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी।सेंगर के वकील ने दलील दी कि रिमीशन को मिलाकर 9 साल 7 महीने से ज्यादा की सजा पूरी हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### जापान चुनाव में पीएम तकाइची की बड़ी जीत

**एजेंसी टोक्यो।** जापान में हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री साने ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की है। एलडीपी व गठबंधन को 465 में से 352 सीटें मिली हैं। एलडीपी अकेले 316 सीटें जीती हैं, जो बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों से काफी ज्यादा हैं। यह पार्टी की अब तक की सबसे बड़ी जीतों में से एक मानी जा रही है। इससे पहले 1986 में पार्टी ने 300 सीटें जीती थीं। चुनाव जीतने के बाद ताकाइची ने कहा कि वह जापान को मजबूत और समृद्ध बनाने पर काम करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ी तो विपक्ष के साथ मिलकर काम करेंगी। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- प्रदेश में सेब बागवानों में बेचैनी से कारोबार पर संकट के बादल -पेज 2
- हिमुडा में आवास व टाउनशिप विकास को मंजूरी -पेज 3
- 30 साल में कोर्ट के आदेशों को लागू नहीं करवा पाया राजस्व विभाग -पेज 6
- औहर पंचायत बनी विकास, आस्था और सहभागिता की मिसाल -पेज 10
- शहर में घरों से कूड़ा उठाने की दरें बढ़ाने का प्रस्ताव ठुकराया -पेज 12


# एडीबी से लग रहे पर्यटन को पंख

## सीएम सुक्खू बोले- पर्यटन विकास पर व्यय किए जा रहे 2350 करोड़ रुपए

## शिमला और मनाली में आइस स्केटिंग रिंक, नादौन में बनेगा राफ्टिंग कॉम्प्लेक्स

## पालमपुर-नगरोटा बगवां के सौंदर्यीकरण पर खर्च किए जा रहे 77.7 करोड़ रुपए

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में पर्यटन विकास परियोजनाओं पर कुल 2350 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने एशियन विकास बैंक (एडीबी)के सहयोग से संचालित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए बताया कि ट्रेंच-1 में 1620 करोड़ रुपए तथा ट्रेंच-2 में 730 करोड़ रुपए की परियोजनाएं विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने सभी निर्माण कार्यों में विश्वस्तरीय गुणवत्ता सुनिश्चित करने और तय समय-सीमा में उन्हें पूर्ण करने के निर्देश दिए।



पर्यटन परियोजनाओं की समीक्षा करते मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री ने बताया कि एशियन विकास बैंक के सहयोग से शिमला में आइस और रोलर स्केटिंग रिंक, मनाली में आइस स्केटिंग रिंक, नादौन में राफ्टिंग कॉम्प्लेक्स, कालेश्वर महादेव मंदिर कूहना में जन-सुविधाएं, नादौन में वेलनेस सेंटर का निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं हिमाचल को चारों मौसमों का आकर्षक पर्यटन गंतव्य बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल पर्यटन को एक सशक्त और विश्वसनीय ब्रांड के रूप में विकसित करने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। इसी सोच के तहत पर्यटन से जुड़ी अधोसंरचना, सुविधाओं और कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। पर्यटन विकास से प्रदेश की आर्थिकी को मजबूती मिलेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पालमपुर और नगरोटा बगवां में एशियन विकास बैंक के सहयोग से 77.70 करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं। पालमपुर में मल्टीलेवल पार्किंग, पुरानी सब्जी मंडी के समीप पार्किंग सुविधा, कैफे, पुस्तकालय व रीडिंग रूम, न्यूगल कैफे का जीर्णोद्धार तथा सड़कों के सुधार कार्य किए जा रहे हैं। नगरोटा बगवां में सड़कों के उन्नयन, ड्रेन और डक्ट निर्माण, पुराने बस अड्डे का सौंदर्यीकरण, क्लॉक टावर, गांधी ग्राउंड, नारदा-शारदा मंदिर, मटौर गार्डन, मेला ग्राउंड और गुरुद्वारा श्री पौड़ साहिब के सौंदर्यीकरण जैसे कार्य शामिल हैं। हमीरपुर जिले के श्री बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में 51.09 करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण और अधोसंरचना विस्तार किया जा रहा है। धर्मशाला में 33.78 करोड़ से आइस और रोलर स्केटिंग रिंक, कुल्लू में 20.57 करोड़ और मनाली में 36.19 करोड़ की लागत से वेलनेस सेंटर विकसित हो रहे हैं।

### 12 फरवरी को फिर होगी मंत्रिमंडल की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की अगली बैठक की तिथि तय कर दी गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में यह बैठक 12 फरवरी को राज्य सचिवालय में आयोजित होगी। सुबह 11 बजे शिखर सम्मेलन हाल में शुरू होने वाली इस बैठक में प्रशासनिक और वित्तीय मामलों से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर मंथन होने की संभावना है। बैठक में 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट के प्रभावों और वित्त विभाग की ओर से सुझाए गए विकल्पों पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। सरकार के अनुसार प्रदेश का बजट अब तक राजस्व घाटा अनुदान यानी आरडीजी पर काफी हद तक निर्भर रहा है। हिमाचल, नगालैंड के बाद देश का दूसरा राज्य है, जहां बजट का बड़ा हिस्सा आरडीजी से आता रहा है और कुल बजट का लगभग 13 प्रतिशत हिस्सा इसी मद से जुड़ा रहा है।

# कर्ज के बोझ तले दबा हिमाचल वित्तीय आपात जैसे बने हालात

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की आर्थिक सेहत इन दिनों गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। कर्ज के सहारे विकास की नीति अब उलटी पड़ती दिख रही है। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि पुराने कर्ज का बोझ उतारने के लिए लिया जाने वाला नया कर्ज भी नाकाफी साबित हो रहा है। वित्त वर्ष 2026-27 में राज्य को लगभग दस हजार करोड़ रुपए का नया ऋण मिलने का अनुमान है, जबकि पुराने कर्ज के ब्याज और अदायगी पर करीब तेरह हजार करोड़ रुपए खर्च करने होंगे।

साफ है कि जितनी राशि उधार के रूप में आएगी, उससे कहीं अधिक पहले से चढ़े कर्ज को चुकाने में चली जाएगी। कुल मिलाकर राज्य पर एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज बोझ बन गया है। वित्त विभाग के आकलन के अनुसार यदि सरकार सब्सिडी पूरी तरह समाप्त कर दे और विकास कार्यों पर एक पैसा भी खर्च न करे, तब भी कुल व्यय करीब 48 हजार करोड़ रुपए रहेगा।

### राजस्व घाटा अनुदान बंद होना सबसे बड़ा आघात

**इस** संकट की जड़ राजस्व घाटा अनुदान का बंद होना है, जिसे पहाड़ी और सीमित संसाधनों वाले राज्यों के लिए जीवनरेखा माना जाता था। देश के कई राज्यों में यह अनुदान समाप्त हुआ, लेकिन हिमाचल की निर्भरता इस पर सबसे अधिक थी। राज्य के कुल बजट का बड़ा हिस्सा इसी से संतुलित होता था। इसके अचानक समाप्त होने से नकदी प्रवाह बुरी तरह डगमगा गया और दैनिक प्रशासनिक जरूरतें पूरी करना भी चुनौती बन गया।

इसके मुकाबले राज्य की कुल अनुमानित आय लगभग 42 हजार करोड़ रुपए ही होगी। इसमें ऋण, केंद्रीय करों में हिस्सा और राज्य का आंतरिक राजस्व शामिल है।

नतीजा यह कि सभी कटौतियों के बावजूद करीब छह हजार करोड़ रुपये का सीधा घाटा बना रहेगा, जो वित्तीय संकट की गहराई को उजागर करता है।

# हिमाचल में 4 एचएएस के तबादले दो आईएएस को मिला अतिरिक्त दायित्व

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार देने तथा चार एचएएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। जानकारी के अनुसार, कार्मिक विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार वर्ष 2002 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन को सचिव (तकनीकी शिक्षा) का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। डॉ. जैन वर्तमान में सलाहकार (नियामक सुधार), सचिव (वित्त, योजना, अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी) तथा 20 सूत्री कार्यक्रम और वस्तु एवं सेवा कर से जुड़े विभागों की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। आगामी आदेशों तक वे तकनीकी शिक्षा विभाग का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगे।

वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी संदीप कुमार को कांगड़ा मंडल के मंडलायुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वर्तमान में वे कांगड़ा मंडल धर्मशाला में सेटलमेंट अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। सरकार ने उनके प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी है। वर्ष 2014 बैच के एचएएस अधिकारी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सुंदरनगर में अतिरिक्त निदेशक के पद पर तैनात नरेश कुमार वर्मा को हिमाचल पथ परिवहन निगम का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है।

उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद वर्तमान कार्यकारी निदेशक भुवन शर्मा को इस पद से मुक्त कर दिया जाएगा। भुवन शर्मा इस समय नगर निगम शिमला में संयुक्त आयुक्त के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा वर्ष 2024 बैच के एचएएस अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी शिलाई जय पाल को उपमंडलाधिकारी कफोटा, जिला सिरमौर के पद पर नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे एचएएस अधिकारी जगदीप सिंह को उपमंडलाधिकारी निसंग लगाया गया है, जबकि ओम प्रकाश को मेडिकल कॉलेज चंबा में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनाती दी गई है।

# एसआईआर प्रक्रिया में बर्दाश्त नहीं होगी रुकावट: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वह इस प्रक्रिया में



किसी भी तरह की रुकावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि यह बात सभी राज्यों के लिए है। जरूरत पड़ने पर आदेश जारी किए जाएंगे। कोर्ट ने बंगाल एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की तारीख भी 14 से बढ़ाकर 21 फरवरी कर दी है। वहीं, चुनाव आयोग ने कोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर आरोप लगाया था कि कुछ बदमाशों ने बंगाल में एसआईआर से जुड़े नोटिस जला दिए और अब तक इस मामले में कोई एफआईआर नहीं हुई। मामले में 4 फरवरी को हुई सुनवाई में सीएम बनर्जी ने अदालत में दलीलें पेश की थीं। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में पहली बार किसी राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री ने कोर्ट में पेश होकर दलीलें रखीं। मुकदमों में आमतौर पर सीएम के वकील या सलाहकार ही पेश होते हैं। (अनंत ज्ञान)

# राहुल को बोलने का मौका न देने पर हंगामा

## बजट सत्र के 9वें दिन लोकसभा में केवल 13 मिनट तक ही चली कार्यवाही

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बजट सत्र के 9वें दिन सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई।



विपक्ष सदन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहा है। राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि 1 घंटा पहले स्पीकर के पास हम गए, स्पीकर ने कमिट किया कि मुझे बजट डिस्कशन से पहले बोलने दिया जाएगा, आप मुझे बोलने नहीं दे रही हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप मुझे बोलने देंगी या नहीं। 3 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो आसंदी (स्पीकर की चेयर) पर संध्या राय (भाजपा सांसद) बैठी थीं।

राहुल की बात के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं भी स्पीकर के कैबिन में मौजूद था। ऐसा कोई कमिटनमेंट नहीं किया गया। वहां दोनों पक्षों में संसद चलने को लेकर बात हुई थी। ये तय नहीं हुआ था कि केवल किसी मुद्दे पर चर्चा होगी। वहीं, संध्या ने राहुल से कहा कि आपकी तरफ से किसी और मुद्दे के लिए कोई नोटिस नहीं आया है, बजट पर चर्चा करनी हो तो बताएं। इसके बाद विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि स्पीकर पर इतना प्रेशर है कि उन्हें खुद बयान देना पड़ रहा है, जो सही नहीं है। इसका सवाल ही नहीं उठता कि कोई मोदी पर हाथ उठाए। (अनंत ज्ञान)

### लोकसभा स्पीकर ओम बिडला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी ला सकता है विपक्ष

**विपक्ष** लोकसभा स्पीकर ओम बिडला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है। एक न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। यह प्रस्ताव पेश करने के लिए कम से कम 50 सांसदों का समर्थन जरूरी होता है। इसके लिए सदन में 14 दिन पहले लिखित नोटिस देना होता है।

# शरद पवार की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी, पुणे।** एनसीपी (एसपी) के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें पुणे के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें बारामती के गोविंदबाग में उनके घर से कार्डियक एंबुलेंस के



काफिले में पुणे ले जाया गया है। पवार को पिछले कुछ दिनों से खांसी, कफ और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। गोविंदबाग अस्पताल में डॉक्टरों ने करीब एक घंटे तक मेडिकल जांच करने के बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए पुणे के एक प्राइवेट अस्पताल रूबी हॉल में भर्ती होने की सलाह दी। बता दें कि हाल ही में उनकी सेहत खराब हो गई थी। पिछले कुछ महीनों में उन्होंने कई पब्लिक इवेंट्स में जाने से परहेज किया था। (अनंत ज्ञान)

# इसरो ने चंद्रयान-4 के लिए तलाशी लैंडिंग साइट

## चंद्रमा के साउथ पोल पर मॉन्स माउंटेन पर उतारने की योजना

**एजेंसी, बेंगलुरु**

इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चंद्रमा के साउथ पोल के पास एक लैंडिंग साइट तलाश ली है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से मिली तस्वीरों के आधार पर वैज्ञानिकों ने मॉन्स माउंटेन को लैंडिंग के लिए सबसे सही बताया है। मॉन्स माउंटन चंद्रमा के साउथ पोल के पास स्थित करीब 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है। इसकी चोटी काफी हद तक सपाट है, जो लैंडिंग के लिए अनुकूल है। हालांकि, लैंडिंग साइट को लेकर अंतिम फैसला लॉन्च के करीब लिया जाएगा।



वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह इलाका इसलिए भी अहम है, क्योंकि यहां लंबे समय तक सूर्य की रोशनी मिलती है। इसके अलावा इस क्षेत्र में वॉटर आइस मौजूद होने की संभावना भी जताई जाती है। मॉन्स माउंटन, चंद्रमा के साउथ पोल पर है। इसे सामान्य रूप से लीबनिट्ज बीटा के नाम से जाना जाता था। बाद में नासा की गणितज्ञ और कंप्यूटर प्रोग्रामर मेल्बा रॉय माउटन पर मॉन्स माउटन नाम रखा गया।

**◆ 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़, चोटी है सपाट**

मॉन्स माउंटन, चंद्रमा के साउथ पोल पर है। इसे सामान्य रूप से लीबनिट्ज बीटा के नाम से जाना जाता था। बाद में नासा की गणितज्ञ व कंप्यूटर प्रोग्रामर मेल्बा रॉय माउटन पर मॉन्स माउटन नाम रखा गया। (अनंत ज्ञान)

### चंद्रयान-2 की तस्वीरों से मिली यह साइट

**मीडिया** रिपोर्ट्स के मुताबिक वैज्ञानिकों ने इस स्टडी को लूनर एंड प्लैनेटरी साइंस कॉन्फ्रेंस में पेश किया गया। लैंडिंग साइट तय करने के लिए चंद्रयान-2 ऑर्बिटर पर लगे ऑर्बिटर हाई रेजोल्यूशन कैमरे की तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया। यह कैमरा चंद्र सतह को करीब 32 सेंटीमीटर प्रति पिक्सल के रेजोल्यूशन में दिखाता है। इससे छोटे क्रेटर, पत्थर, ढलान और सतह की बनावट साफ नजर आती है, जिससे लैंडिंग के लिए खतरनाक इलाकों की पहचान पहले ही हो जाती है।

## अगले वित्त वर्ष में 6.4% रहेगी भारत की जीडीपी

# मूडीज रेटिंग : जी20 में इंडियन इकोनॉमी की ग्रोथ सबसे तेज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को भारतीय इकोनॉमी को लेकर नए अनुमान जारी किए हैं। मूडीज के मुताबिक, अगले वित्त वर्ष (2026-27) में भारत की जीडीपी 6.4% की दर से बढ़ सकती है। मूडीज ने कहा कि यह रफ्तार दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले जी20 देशों के ग्रुप में सबसे ज्यादा होगी। एजेंसी ने इसके पीछे मजबूत घरेलू खपत, सरकार के नीतिगत फैसलों और देश के स्थिर बैंकिंग सिस्टम को मुख्य वजह बताया।

मूडीज की रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर 2025 में जीएसटी सुधारों और पर्सनल इनकम टैक्स की सीमा बढ़ाए जाने से लोगों की जेब में ज्यादा पैसा बचेगा। इससे बाजार में मांग बढ़ेगी, जिससे इकोनॉमी में ग्रोथ होगी। रेटिंग एजेंसी ने अपनी बैंकिंग सिस्टम आउटलुक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय बैंकों की हालत बेहतर बनी रहेगी। वित्त वर्ष 2027 में भारतीय बैंकों की लोन ग्रोथ 11-13% रहने का अनुमान है। (अनंत ज्ञान)

### यह अनुमान भारत सरकार और आरबीआई से कम

**ग्लोबल** रेटिंग एजेंसी मूडीज का यह अनुमान भारत सरकार और रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान के मुकाबले थोड़ा कम है। पिछले महीने संसद में पेश हुए इकोनॉमिक सर्वे में वित्त वर्ष 2027 के लिए 6.8% से 7.4% की ग्रोथ का अनुमान बताया गया था। वहीं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भी हाल ही में अपनी मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग में वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही के लिए करीब 7% ग्रोथ की उम्मीद जताई है।

# नेटवर्क तत्परता सूचकांक में भारत अब 45वें पायदान पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने वैश्विक नेटवर्क तत्परता सूचकांक (एनआरआई) 2025 में अपनी स्थिति बेहतर करते हुए 45वें पायदान पर पहुंच गया है। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि वॉशिंगटन डीसी स्थित पोर्टुलन्स संस्थान की इस रिपोर्ट में भारत चार स्थान ऊपर चढ़कर अब 45वें पायदान पर पहुंच गया है। पिछले वर्ष भारत का अंक 53.63 था, जो इस बार बढ़कर 54.43 हो गया है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत कई अहम संकेतकों में दुनिया में सबसे आगे है। इनमें दूरसंचार सेवाओं में वार्षिक निवेश, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी वैज्ञानिक प्रकाशन, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सेवाओं का निर्यात और ई-वाणिज्य कानून शामिल हैं। साथ ही भारत को फाइबर टू द होम इंटरनेट सदस्यता, मोबाइल ब्रॉडबैंड यातायात और अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट बैंडविड्थ में दूसरा स्थान मिला है। वहीं, घरेलू बाजार के आकार और आय असमानता के मामले में भारत तीसरे स्थान पर है। रिपोर्ट में 127 देशों की नेटवर्क की स्थिति को चार स्तंभों प्रौद्योगिकी, आम लोग, शासन और प्रभाव के आधार पर आंका गया है। इसमें कुल 53 संकेतकों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की नेटवर्क तैयारी उसके आय स्तर से कहीं अधिक है। (अनंत ज्ञान)

## खुलासा — एपस्टीन ने अपने अपार्टमेंट में लगा रखी थी फोटो, सिलिकॉन वैली में डिनर के दौरान ली थी

# एपस्टीन फाइल्स में एलन मस्क और मार्क जुकरबर्ग की भी तस्वीर

**एजेंसी, लंदन**

एपस्टीन फाइल्स में टेस्ला के मालिक एलन मस्क और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में सिलिकॉन वैली के बड़े टेक दिग्गज साथ में डिनर करते नजर आ रहे हैं। यह फोटो साल 2015 की बताई जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वही डिनर पार्टी है, जिसे यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने 'वाइल्ड डिनर' कहा था। एपस्टीन ने यह तस्वीर अगस्त 2015 में खुद को ईमेल की थी और इसे फ्रेम कराकर अपने न्यूयॉर्क स्थित अपार्टमेंट में लगा रखा था। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को एपस्टीन फाइल्स के 30 लाख दस्तावेज सार्वजनिक किए थे, जिसके बाद से इस मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक एपस्टीन फाइल्स के नए खुलासे सामने आने के बाद अब एक बार फिर सवाल उठ रहे हैं कि दुनिया के सबसे ताकतवर और अमीर लोगों के एपस्टीन से रिश्ते कितने गहरे थे। (अनंत ज्ञान)



### एपस्टीन फाइल्स में पहले भी आ चुका है एलन मस्क का नाम

**मस्क** का नाम पहले भी एपस्टीन फाइल्स में आ चुका है। 2012 के एक ई-मेल में मस्क ने एपस्टीन से पूछा था कि उसके आइलैंड पर सबसे 'वाइल्ड पार्टी' किस दिन होगी। यह मेल उस सवाल के जवाब में था, जिसमें एपस्टीन ने आइलैंड पर जाने वालों की संख्या पूछी थी।

### एपस्टीन ने डिनर को बताया था 'वाइल्ड'

**अमेरिका** के जस्टिस डिपार्टमेंट की फाइलों के मुताबिक, 2 अगस्त 2015 को एपस्टीन ने अपने दोस्त पीटर एटिया को ई-मेल भेजकर लिखा था कि उस रात एलन मस्क, पीटर थील और मार्क जुकरबर्ग के साथ डिनर है। जवाब में एटिया ने लिखा था कि यह शानदार डिनर लग रहा है। इसके कुछ दिनों बाद 20 अगस्त 2015 को एपस्टीन ने अरबपति टॉम प्रिट्जकर को एक और ईमेल भेजा, जिसमें उसने इस डिनर को 'वाइल्ड' बताया।

### पुतिन से भी नजदीकी बढ़ाना चाहता था एपस्टीन

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका जस्टिस डिपार्टमेंट के नए दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीब जाने की कोशिश कर रहा था। एपस्टीन ने कई मौकों पर पुतिन और उनके करीबी अधिकारियों तक पहुंच बनाने के प्रयास किए। एपस्टीन 2018 में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के जरिए पुतिन तक अपनी बात पहुंचाना चाहता था।



उसने इसके लिए नॉर्वे के पूर्व पीएम थॉर्बजॉर्न यागलैंड से संपर्क किया था। जून 2018 के एक ई-मेल में एपस्टीन ने नॉर्वे के पूर्व पीएम थोर्ब्योर्न यागलैंड से कहा था कि वह पुतिन को यह सुझाव दें कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव उससे बातचीत करें। दस्तावेजों के मुताबिक, एपस्टीन खुद को एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति के तौर पर पेश कर रहा था, जो अंतरराष्ट्रीय राजनीति और निवेश जैसे मुद्दों पर रूस की मदद कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

**◆ रूस की मदद करने का दिया था ऑफर**

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में एसपी गौरव सिंह ने संभाला पदभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला में पदभार संभालते ही एसपी गौरव सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि जिले में नशा तस्करी पर प्रभावी रोक लगाना और इसके संगठित नेटवर्क का भंडाफोड़ करना पुलिस की शीर्ष प्राथमिकता होगी। इसके लिए खुफिया तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि नशे के कारोबार में शामिल लोगों पर निर्णायक प्रहार हो सके। एसपी ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी ठोस कदम उठाने की बात कही। उन्होंने बताया कि यातायात को सुचारू बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के सभी खाली पदों को शीघ्र भरा जाएगा। इससे शहर में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और आम लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय और संवेदनशील रवैया अपनाएगी।

### रामपुर में ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के रामपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना रविवार शाम की है, जब एनएच-05 पर खनेरी के राय मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे चल रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता पेप चंद ने बयान दिया कि रामपुर से झाकड़ी की ओर जाते समय उन्होंने देखा कि ट्रक नंबर [illegible]62-1698 के चालक मनोज कुमार (34 वर्ष), निवासी बिलासपुर ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क के किनारे चल रहे देविन सिंह (69 वर्ष) निवासी कल्पा जिला किन्नौर को टक्कर मार दी। हादसे में देविन सिंह को गंभीर सिर की चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में पुलिस थाना रामपुर में बीएनएस की धारा 281 और 106(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### आज सुन्नी दौरे पर रहेंगे मंत्री विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 10 फरवरी को सुन्नी के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री सुबह 9:30 बजे शिमला से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर 10:45 बजे सुन्नी पहुंचेंगे। वहां 11 बजे से धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने के साथ-साथ आम लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे सुन्नी से शिमला के लिए रवाना होकर 3:30 बजे शिमला पहुंचेंगे। दौरे के दौरान उनके साथ निजी स्टाफ और पीएसओ भी मौजूद रहेंगे।

### राज्यपाल ने एसपीयू मंडी का कैलेंडर किया जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोक भवन में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा प्रकाशित कैलेंडर एवं डायरी 2026 का विमोचन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, शोध और प्रशासनिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रकाशन संस्थान की पहचान और कार्यसंस्कृति को दर्शाते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

### केवाईसी सुरक्षित बैंकिंग जागरूकता पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हर वर्ष मनाए जाने वाले वित्तीय साक्षरता सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को शिमला में किया गया। वर्ष 2026 के लिए यह सप्ताह 9 फरवरी से 13 फरवरी तक मनाया जा रहा है, जिसका विषय केवाईसी सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम' रखा गया है। शिमला के होटल पीटर हॉफ में आयोजित उद्घाटन समारोह का उद्घाटन भारतीय रिजर्व बैंक के बैंकिंग लोकपाल श्री रमेश चंद ने किया। कार्यक्रम में नाबार्ड, एसएलबीसी, राज्य के वरिष्ठ बैंकरों, स्थानीय लोगों और उद्यमियों सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बैंकिंग लोकपाल रमेश चंद ने कहा कि पूरे सप्ताह के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक, शिमला के अधिकारी राज्य के विभिन्न जिलों में केवाईसी आधारित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें और सुरक्षित बैंकिंग से जुड़ी जानकारी प्राप्त करें।

# प्रदेश में सेब बागवानों में बेचैनी से कारोबार पर संकट के बादल

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से हिमाचल के सेब उत्पादकों की बढ़ी चिंता

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सेब बागवानी संकट में है। भारत-अमेरिका के बीच आयात शुल्क में बदलाव को लेकर हुए ताज़ा फैसले ने राज्य के सेब उत्पादकों की नींद उड़ा दी है। अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क भले ही 50 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया हो, लेकिन न्यूनतम आयात मूल्य को 50 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलो करने के फैसले ने नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

बागवानों का कहना है कि इस नई व्यवस्था में अमेरिकी सेब भारतीय बाजार में लगभग 100 रुपये प्रति किलो की दर से पहुंचेगा, जो सीधे-सीधे स्थानीय प्रीमियम सेब को टक्कर देगा। राज्य संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान ने सरकार के उस दावे को चुनौती दी है जिसमें कहा गया था कि समझौते से पहले अमेरिकी सेब भारत में 75 रुपये प्रति किलो उतर रहा था।

चौहान का कहना है कि अगर अमेरिकी सेब वाकई इतनी कम कीमत पर आयात होता था, तो खुदरा बाजार में वही सेब 200 से 250 रुपये प्रति किलो कैसे बिक रहा था। उनके मुताबिक नए नियमों के बाद आयात मूल्य 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंचने से उपभोक्ता घरेलू सेब छोड़कर आयातित सेब की ओर आकर्षित हो सकते हैं, जिससे स्थानीय उत्पादकों को सीधा नुकसान होगा। बागवानों की चिंता यहीं खत्म नहीं होती। उनका कहना है कि अगर अमेरिकी सेब 100 रुपये प्रति किलो की दर से बाजार में उपलब्ध होगा, तो कोल्ड स्टोर में प्रीमियम भारतीय सेब को लंबे समय तक रखना व्यावहारिक नहीं रहेगा। छह महीने तक भंडारण की लागत जोड़ने के बाद स्थानीय सेब की कीमत और बढ़ जाएगी, जबकि आयातित सेब अपेक्षाकृत सस्ता दिखाई देगा। ऐसे में कोल्ड स्टोरेज मालिक भी भारतीय सेब खरीदने से कतराएंगे, जिसका सीधा असर पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ेगा।

### राज्य के बागवानों को नीति पर पुनर्विचार की उम्मीद

**प्रगतिशील** बागवान संघ समेत कई किसान संगठनों का मानना है कि यह फैसला हिमाचल की सेब आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कमजोर कर सकता है। सेब केवल एक फल नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की रोज़ी-रोटी है। बागवानों की मांग है कि सरकार आयात नीति पर दोबारा विचार करे और घरेलू उत्पादकों को संरक्षण दे। उनका कहना है कि अगर समय रहते संतुलन नहीं साधा गया, तो आने वाले मौसम में सेब के बागानों की हरियाली के पीछे किसानों की मायूसी साफ दिखाई देगी।

◆ प्रीमियम सेब पर सीधा वार, भंडारण भी बनेगा घाटे का सौदा

## विदेशी सेब से बागवानों को नुकसान नहीं एमआईपी पूरी तरह लागू: गोपाल जबैईक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गोपाल जबैईक ने कहा कि केंद्रीय वाणि'य मंत्री पीयूष गोयल के ताज़ा और स्पष्ट बयान के बाद अब किसी भी तरह का भ्रम नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि विदेशी सेबों से हिमाचल प्रदेश के सेब बागवानों को कोई नुकसान नहीं होगा और न्यूनतम आयात मूल्य यानी एमआईपी पूरी मजबूती से लागू है। जबैईक ने कहा कि जो बात भाजपा नेता चेतन बरागटा ने 4 जुलाई 2025 को कही थी, वही आज पूरी तरह सच साबित हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय कांग्रेस नेताओं ने लगातार भ्रम फैलाया, लेकिन अब सच्चाई सामने आने के बाद उनके पास कहने को कुछ नहीं बचा है।



गोपाल जबैईक ने बताया कि मोदी सरकार ने बागवानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए यूरोपीय यूनियन से आयात होने वाले सेब पर 80 रुपये प्रति किलो का एमआईपी पूरी तरह लागू रखा है, जिससे किसी भी स्थिति में यूरोपीय सेब की लैंडेड कीमत 96 रुपये प्रति किलो से कम नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड से आने वाले सेब पर इससे भी अधिक एमआईपी लागू है, जहां लैंडेड कीमत करीब 140 रुपये प्रति किलो रहती है। ऐसे में यह साफ है कि विदेशी सेब केवल प्रीमियम श्रेणी में ही बिकते हैं और हिमाचल के सेब से सस्ते नहीं हैं। जबैईक ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सेब बागवान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वाणि'य मंत्री पीयूष गोयल के आभारी हैं, जिन्होंने बागवानों के हितों की रक्षा को सर्वो'च प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि एमआईपी, कोटा और सेफगार्ड जैसे प्रावधानों के कारण हिमाचल के बागवानों का भविष्य सुरक्षित हुआ है और केंद्र सरकार आगे भी उनके हितों से कोई समझौता नहीं करेगी।

## ऑनलाइन ठगी: यूपीआई के जरिए बैंक खातों से निकाले 3 लाख, एफआईआर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है, जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने एक व्यक्ति के बैंक खातों से चुपचाप तीन लाख रुपये से अधिक की राशि निकाल ली। घटना का पता तब चला जब पीड़ित ने अपने खाते का विवरण जांचा और कई अनजान लेनदेन दिखाई दिए। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस से संपर्क किया।

यह मामला पुलिस थाना रोहड़ू क्षेत्र का है। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार पीड़ित व्यक्ति के एचडीएफसी बैंक रोहड़ू और स्टेट कोऑपरेटिव बैंक देवली (टिक्कर) में खाते हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि 24 जनवरी से 7 फरवरी के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने यूपीआई के माध्यम से कई ट्रांजैक्शनों में कुल 3,05,799 रुपये निकाल लिए। इन लेनदेन की जानकारी उन्हें उस समय नहीं थी और न ही उन्होंने किसी को इस तरह की अनुमति दी थी।

बताया जा रहा है कि रकम अलग-अलग ट्रांजैक्शनों के जरिए निकाली गई। इससे शुरुआत में उन्हें शक नहीं हुआ। बाद में खाते की जानकारी देखने पर रकम कम होने का पता चला और तब उन्होंने बैंक से संपर्क किया। बैंक से प्रारंभिक जानकारी मिलने के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और साइबर तकनीकी माध्यमों से यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि रकम किन खातों में ट्रांसफर हुई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। जांच के तहत संबंधित बैंक खातों के लेनदेन का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है और संदिग्ध खातों को चिन्हित करने की प्रक्रिया जारी है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने बैंक खाते, ओटीपी, यूपीआई पिन और अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक पर भरोसा करने से बचें। इस संबंध में पुलिस थाना रोहड़ू में बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

◆ धोखाधड़ी में संलिप्त खातों की पहचान और राशि ट्रांसफर का पता लगाने के लिए जांच तेज

◆ बैंक ग्राहकों को चेतावनी:ओटीपी यूपीआई पिन और गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें

## भट्टाकुफर में 5 दिवसीय अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ

# संस्कृति से जुड़ाव व नशा मुक्त जीवन का संदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में पांच दिवसीय अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मेरा युवा भारत शिमला द्वारा भट्टाकुफर स्थित द मिराज होटल में किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए 37 युवा प्रतिभाग कर रहे हैं, जो आगामी पांच दिनों में शिमला की सामाजिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत को नजदीक से समझेंगे। दिन के पहले सत्र में कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन अनिल कुमार हारटा, सहायक निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।



अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर सिंपल सकलानी, जिला लोक संपर्क अधिकारी, शिमला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डॉ. आशीमा डोगरा, शिक्षक एवं शोधकर्ता ने कार्यक्रम में सहभागिता की। अतिथियों ने युवाओं को नशे से दूर रहने, लोक संस्कृति से जुड़े रहने और अपनी जड़ों को पहचानने का आह्वान किया। विपिन कुमार, उप निदेशक, मेरा युवा भारत शिमला ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा प्रतिभागियों को कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराया।

अपने संबोधन में विपिन कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य विभिन्न राज्यों और जिलों के युवाओं के बीच विचारों व ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, सुनियोजित गतिविधियों के माध्यम से अनुभव और कौशल साझा करना तथा आपसी समझ को गहरा करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी युवा मेजबान जिले की परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत को जानेंगे, साथ ही स्थानीय युवाओं के साथ संवाद स्थापित कर स्थायी मित्रता और सहयोग के नए अवसर भी विकसित करेंगे।

◆ हरियाणा के 37 युवा शिमला की परंपराओं से होंगे रू-ब-रू

## आरडीजी मिलती रही, फिर भी कर्मियों और पेंशनरों के देय क्यों रुके: भोटका

अनंत ज्ञान



जितेंद्र भोटका रूपा शर्मा

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के भाजपा प्रवक्ता जितेंद्र भोटका, सक्षम गुडिया बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्षा रूपा शर्मा, राजेंद्र सिंह झिन्ना और शशांक अत्री ने संयुक्त बयान जारी कर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर राज्य के वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजस्व वित्तीय घाटा अनुदान (आरडीजी) बंद होने के बाद मुख्यमंत्री बौखलाए हुए हैं और प्रदेश में दी जा रही सुविधाओं को बंद करने की तैयारी की जा रही है।

उनका कहना है कि आरडीजी अगले वित्तीय वर्ष से बंद हुई है, जबकि बीते तीन वर्षों तक केंद्र से लगातार आरडीजी मिलती रही, फिर भी इस अवधि में कर्मचारियों और पेंशनरों के छठे वेतन आयोग के एरियर तथा मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं किया गया।

भोटका और रूपा शर्मा ने कहा कि विशेषकर पेंशनर, जो जीवन के चौथे पड़ाव पर हैं, पिछले तीन वर्षों से अपने देय लाभों की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने उन्हें कुछ नहीं दिया। अब आरडीजी बंद होने को बहाना बनाकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपने कार्यकाल में सरकारी धन का दुरुपयोग कर रही है, पंचायत चुनाव टालने में करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं और विधानसभा चुनाव में दी गई दस गारंटियां तीन वर्ष बाद भी पूरी नहीं हुईं। महिलाओं को 1500 रुपये मासिक देने का वादा भी अधूरा है, कई शिक्षण संस्थान और कार्यालय बंद किए जा चुके हैं, जबकि मुख्यमंत्री अपने करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने में आगे रहे हैं।

# एचपीयू में तहबाजारियों के समर्थन में सीटू का प्रदर्शन

## बिना वैकल्पिक व्यवस्था बेदखली का आरोप, कुलपति कार्यालय के बाहर दिया धरना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रेहड़ी-फड़ी तहबाजारी यूनियन से संबद्ध सीटू ने तहबाजारियों को उजाड़ने के खिलाफ हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के कुलपति कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। लगभग ग्यारह बजे सीटू कार्यकर्ता समरहिल चौक पर एकत्र हुए और रैली के रूप में कुलपति कार्यालय पहुंचे। यहां करीब दो घंटे तक धरना-प्रदर्शन चला, जिसमें सैकड़ों तहबाजारी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय परिसर से तहबाजारियों को गैरकानूनी तरीके से हटाया जा रहा है और उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था दिए बिना बेदखल किया जा रहा है, जो सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है।

कुलपति से मिला प्रतिनिधिमंडल, प्री-फैब्रिकेटेड दुकानों का आश्वासन प्रदर्शन के बाद यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल कुलपति महावीर सिंह से मिला और उजाड़े गए तहबाजारियों को पुन: बसाने की मांग रखी।





तहबाजारियों की बेदखली के खिलाफ प्रदर्शन करते सीटू कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

प्रतिनिधिमंडल में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला सचिव विवेक कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही प्री-फैब्रिकेटेड दुकानें तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर उजाड़े गए तहबाजारियों को आवंटित की जाएंगी। हालांकि यूनियन ने स्पष्ट किया कि जब तक ठोस कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।

### स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट लागू करने की उठाई मांग

**प्रदर्शन** को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सीटू स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 और वर्ष 2007 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बनी स्ट्रीट वेंडर्स पॉलिसी को सख्ती से लागू कराने की मांग पर अडिग है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार और अनुच्छेद 19 के तहत व्यवसाय के अधिकार को दरकिनार कर तहबाजारियों के रोज़गार पर हमला किया जा रहा है। यूनियन ने चेताया कि यदि तहबाजारियों की बेदखली तुरंत बंद नहीं हुई और कानून का पालन नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## अब घर बैठे दर्ज होगी एफआईआर हिमाचल पुलिस की आमजन को राहत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** चोरी, ठगी या जरूरी दस्तावेज गुम होने जैसी घटनाओं के बाद आम आदमी की परेशानी सिर्फ नुकसान तक सीमित नहीं रहती, बल्कि थाने के चक्कर, समय की बर्बादी और लंबी प्रक्रिया भी चिंता बढ़ा देती है। इसी झंझट को कम करने के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस ने ई-एफआईआर की सुविधा को प्रभावी बनाया है, जिसके तहत लोग अब घर बैठे ही ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इस पहल का मकसद खासतौर पर दूरदराज क्षेत्रों, बुजुर्गों और व्यस्त लोगों को राहत देना है, ताकि छोटी घटनाओं के लिए उन्हें थाने न जाना पड़े।

जानकारी के अनुसार ई एफआईआर यानी इलेक्ट्रॉनिक फर्स्ट इंफॉर्मेशन रिपोर्ट के जरिए अब साधारण चोरी, वाहन चोरी, मोबाइल गुम होना, आधार, पैन, ड्राइविंग लाइसेंस या अन्य जरूरी दस्तावेज खो जाने जैसी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज की जा सकती हैं। इसके अलावा साइबर ठगी, बैंक से अवैध लेनदेन या सोशल मीडिया से जुड़ी धोखाधड़ी के मामलों में भी यह सुविधा उपयोगी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जिन मामलों में तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई जरूरी नहीं होती, वहां ई-एफआईआर आम लोगों के लिए समय और मेहनत दोनों बचाती है।

### किन मामलों में ऑनलाइन एफआईआर की मिलेगी सुविधा

**हालांकि** हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, गंभीर मारपीट या जानलेवा हमले जैसे संगीन मामलों में ई-एफआईआर की अनुमति नहीं है। ऐसे मामलों में सीधे थाने जाकर शिकायत दर्ज कराना जरूरी है, ताकि पुलिस तुरंत कार्रवाई कर सके। ई एफआईआर दर्ज करने के लिए राज्य पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर मोबाइल नंबर से ओटीपी के जरिए लॉगिन करना होता है, घटना से जुड़ी पूरी जानकारी भरनी होती है और फॉर्म सबमिट करते ही एक पंजीकरण नंबर मिल जाता है। इसी नंबर से शिकायत की स्थिति भी ऑनलाइन ट्रैक की जा सकती है, जिससे पारदर्शिता और भरोसा दोनों बढ़ता है।

**बैठक** स्पेशल वार्ड से लेकर एमआरआई तक बढ़े शुल्क, पैट-स्कैन 10 हजार व एमआरआई 3500 रुपए

# हिमाचल के सबसे बड़े अस्पताल में इलाज महंगा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में मरीजों से लिए जाने वाले कई शुल्क बढ़ाने का फैसला किया गया है। अब अस्पताल में पीईटी-सीटी (पैट स्कैन) की जांच लगभग 10 हजार रुपये में होगी, जबकि एमआरआई की दर 2750 रुपये से बढ़ाकर 3500 रुपये कर दी गई है। इसके साथ ही स्पेशल वार्ड में भर्ती मरीजों के लिए भी संशोधित दरें लागू की गई हैं। इससे निजी सुविधा लेने वाले मरीजों पर पहले की तुलना में अधिक खर्च आएगा।

यह निर्णय सोमवार को आईजीएमसी में आयोजित रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की गवर्निंग बॉडी की 14वीं बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने की। बैठक में वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान समिति द्वारा किए गए खर्चों को मंजूरी दी गई और वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान को भी पारित किया गया।

बैठक में रेडियोलॉजी और ऑन्कोलॉजी विभागों ने नई 3 टेस्ला एमआरआई और पीईटी-सीटी मशीनों को लेकर विस्तृत प्रस्तुति दी। इन आधुनिक जांच सुविधाओं की दरें तय करने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। समिति ने तय किया कि जांच सेवाओं की दरों को व्यावहारिक रखते हुए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चमियाणा की दरों से तुलना करके अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि अस्पताल में पंजीकरण के समय सभी मरीजों से 10 रुपये का परामर्श शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क 5 जनवरी से लागू किया जा चुका है और राज्य के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में भी इसी प्रकार का शुल्क लिया जा रहा है। आईजीएमसी परिसर में संचालित सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन की दुकान का किराया भी बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। अभी तक दुकान का किराया वार्षिक टर्नओवर का 1 प्रतिशत था, जिसे बढ़ाकर 5 प्रतिशत कर दिया जाएगा।

बैठक में अस्पताल में उपकरणों की जरूरतों पर भी चर्चा हुई। मेडिकल एंड नर्सिंग सेंटर के रेडियोलॉजी विभाग में स्थापित पुरानी कलर डॉप्लर यूएसजी मशीन अब काम नहीं कर रही है और उसकी वारंटी अवधि भी समाप्त हो चुकी है। अस्पताल के सुचारु संचालन के लिए नई कलर डॉप्लर यूएसजी मशीन खरीदने की आवश्यकता बताई गई, जिस पर लगभग 50 लाख रुपये का खर्च आने का अनुमान है। इसी तरह ऑपरेशन थियेटर में इस्तेमाल हो रही एक पुरानी ओटी टेबल भी खराब हो चुकी है और मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लगभग 30 लाख रुपये की लागत से नई ओटी टेबल खरीदने की जरूरत जताई गई है।

बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए कई अहम फैसले लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जांचों की बढ़ी हुई दरों का प्रस्ताव सरकार की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। साथ ही हिमकेयर और आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों की बकाया देनदारियां चुकाने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है, जिससे मरीजों के इलाज में किसी तरह की बाधा न आए।

### कर्मचारियों को मिलेगा नियमित वेतन

**आरकेएस** के कर्मचारियों से जुड़े मामलों पर भी बैठक में चर्चा हुई। समिति के तहत कुल 91 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से कुछ कर्मचारियों को नियमित वेतनमान और भत्ते मिल रहे हैं, जबकि अन्य कर्मचारियों को निर्धारित प्रारंभिक वेतनमान के अनुसार भुगतान किया जा रहा है। कर्मचारियों को छठा वेतनमान लागू करने और लंबे समय से सेवा दे रहे कर्मचारियों को नियमित वेतनमान देने का प्रस्ताव भी सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया।

◆ सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन की दुकान का किराया 1% से बढ़ाकर 5% किया गया

◆ पुरानी कलर डॉप्लर यूएसजी मशीन व ओटी टेबल बदलने के लिए लाखों का प्रस्ताव

# विद्यार्थियों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

## सन शाइन स्कूल रामपुर का वार्षिक समारोह धूमधाम से संपन्न

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** सन शाइन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल पदमनगर रामपुर बुशहर का वार्षिक समारोह रामपुर कॉलेज के सभागार में बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश वन विभाग रामपुर वृत के कंजरवेटर चंदूलाल बी. तशिलदार भारतीय वन सेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में अभिभावकों, गणमान्य नागरिकों तथा नगरवासियों की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुषमा मखैक ने मुख्य अतिथि को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने स्वागत संबोधन में उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना, देशभक्ति प्रस्तुतियां, पहाड़ी नाटी, किन्नौरी नृत्य, भांगड़ा, कव्वाली सहित कई रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और मंच प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। इस दौरान मुख्य अतिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार देने का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



सन शाइन स्कूल में होनहार छात्रों को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम में प्रधानाचार्या सुषमा मखैक ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए मोबाइल के दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अत्यधिक मोबाइल प्रयोग बच्चों की एकाग्रता, अध्ययन, व्यवहार और स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल रहा है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के मोबाइल उपयोग पर निगरानी रखने तथा उन्हें खेल, पुस्तक पढ़ने और रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करने का आग्रह किया। अंत में प्रधानाचार्या ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित अभिभावकों ने सराहा। विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# हिमुडा में आवास व टाउनशिप विकास को मंजूरी

## राज्य में किफायती आवास, नियोजित शहरीकरण और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगी नई गति

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** टाउन एंड कंट्री प्लानिंग मंत्री राजेश धर्माणी ने हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण (हिमुडा) की निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि हिमुडा का मुख्य लक्ष्य आम लोगों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराना है। राज्य में बढ़ती आवासीय मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार नियोजित टाउनशिप के विकास को प्राथमिकता दे रही है, ताकि शहरी विस्तार संतुलित और सुव्यवस्थित ढंग से हो सके।

बैठक में सोलन जिला के बद्दी क्षेत्र के शीतलपुर में प्रस्तावित 'हिम चंडीगढ़ टाउनशिप', पच्छाद के मोरनी हिल्स और कांगड़ा हवाई अड्डे के समीप लुंज में प्रस्तावित नई टाउनशिप परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। इन सभी परियोजनाओं में प्रारंभिक चरण के लिए पांच करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ विभिन्न विकास गतिविधियां शुरू करने का निर्णय लिया गया। इन टाउनशिप से न केवल आवासीय सुविधा बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा। शिमला के समीप जाठिया देवी क्षेत्र में हिमुडा द्वारा पहले चरण में 241 बीघा भूमि पर लगभग 1,327 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 919 आवासीय इकाइयों के निर्माण को मंजूरी दी गई। मंत्री ने कहा कि इस परियोजना से शिमला शहर पर बढ़ते जनसंख्या दबाव को कम करने में मदद मिलेगी और आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्थित विकास को गति मिलेगी।



हिमुडा की निदेशक मंडल बैठक की अध्यक्षता करते राजेश धर्माणी। अनंत ज्ञान

### राज्य में नियोजित शहरीकरण की दिशा में मजबूत कदम

**बैठक** में लिए गए निर्णय हिमाचल प्रदेश में नियोजित शहरीकरण, किफायती आवास और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं। इन परियोजनाओं से न केवल आवासीय सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि राज्य की आर्थिक और सामाजिक संरचना को भी मजबूती मिलेगी।

### व्यावसायिक परिसरों को मंजूरी

**बैठक** में जिला बिलासपुर के घुमारवीं में लगभग 7.69 करोड़ रुपये की लागत से 17 दुकानों और दो हॉल सहित एक व्यावसायिक परिसर तथा एग्जीक्यूटिव इंजीनियर कार्यालय के निर्माण को स्वीकृति दी गई। इसके अलावा कांगड़ा जिले के श्री ज्वाला जी शक्ति विहार कॉलोनी में 18.61 करोड़ रुपये की लागत से 125 कनाल भूमि पर 130 प्लॉट और व्यावसायिक स्पेस विकसित करने का निर्णय लिया गया। ऊना के छेत्रा क्षेत्र में विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

### विशेष कोटा, छूट और नई नीतियां

**निदेशक** मंडल ने ओलंपिक और एशियन गेम्स पदक विजेताओं, गैलेंट्री अवॉर्ड प्राप्तकर्ताओं तथा चिल्ड्रन ब्रेवरी अवॉर्ड धारकों के लिए हिमुडा की आवासीय योजनाओं में विशेष कोटा रखने का निर्णय लिया। साथ ही, अलॉटमेंट लेटर जारी होने के 45 दिनों के भीतर एकमुश्त भुगतान करने पर अलॉटी को पांच प्रतिशत की छूट देने को मंजूरी दी गई। भूमि मालिकों की सहमति से लैंड पूलिंग पॉलिसी के माध्यम से नई कॉलोनियों के विकास, सरकारी आवासों और परिसंपत्तियों के रखरखाव के लिए बाय-बैक पॉलिसी और रिडेवलपमेंट पॉलिसी को भी स्वीकृति दी गई।

# सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी: सरकारी कार्यालय स्थानांतरण नीतिगत निर्णय, न्यायिक हस्तक्षेप सीमित

अनंत ज्ञान

- कहा- जब तक संविधान का उल्लंघन नहीं, प्रशासनिक निर्णयों में हस्तक्षेप नहीं
- उच्च न्यायालय के आदेश पर शीर्ष अदालत की रोक
- राज्य सरकार को अधिकार: उपयुक्त स्थान पर मुख्यालय स्थानांतरित करना संभव

शिमला। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग का मुख्यालय शिमला से कांगड़ा जिले के धर्मशाला स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर अंतरिम प्रतिबंध लगाया गया था। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी सरकारी संस्था या आयोग के मुख्यालय का स्थानांतरण नीतिगत विषय है और ऐसे मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप की सीमा अत्यंत सीमित होती है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह एक नीतिगत निर्णय प्रतीत होता है, जो सामान्यत: न्यायिक समीक्षा के दायरे में नहीं आता, विशेषकर तब, जब उसका संबंध व्यापक जनहित से हो। पीठ ने यह भी रेखांकित किया कि मामला अभी उच्च न्यायालय में लंबित है, इसलिए वह गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं कर रही, लेकिन राज्य सरकार के लिए कार्यालय स्थानांतरित न करने का कोई ठोस कारण सामने नहीं आता। अदालत ने स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय में लंबित कार्यवाही में पारित होने वाले अंतिम आदेशों के अधीन रहते हुए सरकार आयोग का मुख्यालय धर्मशाला या किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र होगी।

गौरतलब है कि नौ जनवरी को उच्च न्यायालय ने आयोग के पूर्व सदस्य राम लाल शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रस्तावित स्थानांतरण पर रोक लगाई थी। इस आदेश को चुनौती देते हुए राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि निर्वाचित सरकार को यह अधिकार है कि वह अपने कार्यालयों का स्थान तय करे। राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दिवान ने दलील दी कि शिमला कार्यालय कैंप कार्यालय के रूप में कार्य करता रहेगा और कांगड़ा क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग की आबादी अधिक होने के कारण मुख्यालय को वहां स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। पीठ ने इन दलीलों से सहमति जताते हुए कहा कि न्याय तक पहुंच और शिकायत निवारण की व्यवस्था लोगों के अधिक निकट लाई जानी चाहिए, और जब तक कोई निर्णय संविधान या मौलिक अधिकारों का प्रत्यक्ष उल्लंघन न करे, न्यायपालिका को ऐसे प्रशासनिक मामलों से दूरी बनाए रखनी चाहिए।

# शिशु आहार व सॉफ्ट ड्रिंक्स में अतिरिक्त चीनी की मात्रा चिंताजनक: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**शिमला।** हमीरपुर से सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने लोकसभा में शिशु आहार और सॉफ्ट ड्रिंक्स में अतिरिक्त चीनी की उच्च मात्रा को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है और बच्चों में मोटापा, डायबिटीज और दांतों की समस्याओं को बढ़ा सकती है।



अनुराग ठाकुर ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वयस्क और बच्चों को कुल ऊर्जा का 10% से कम मुक्त शर्करा लेनी चाहिए, आदर्श रूप से 5% से कम, और शिशु आहार में किसी भी अतिरिक्त चीनी का उपयोग नहीं होना चाहिए। भारत में पैकेज्ड शिशु आहार में प्रति सर्विंग 2.7 ग्राम और लोकप्रिय सॉफ्ट ड्रिंक्स में प्रति 100 मिलीलीटर 10.6 ग्राम चीनी पाई जाती है। सांसद ने सरकार से स्पष्ट और प्रभावी फ्रंट-ऑफ-पैक लेबलिंग लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि चित्रात्मक चेतावनी या स्टार-आधारित रेटिंग से चीनी, नमक और हानिकारक वसा की मात्रा आसानी से समझी जा सकेगी। इससे उपभोक्ता सही आहार विकल्प चुन सकेंगे और खाद्य निर्माता स्वस्थ उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित होंगे।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कई देशों में इस तरह की लेबलिंग सफल रही है और भारत को भी वैश्विक मानकों के अनुरूप कदम उठाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोटापे और तेल-उपयोग कम करने के संदेश का हवाला देते हुए कहा कि चीनी की निगरानी और स्पष्ट लेबलिंग बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा, दीर्घकालिक स्वास्थ्य बोझ कम करने और स्वस्थ भारत के लक्ष्य के लिए जरूरी है।

# 19 मामलों पर सुनवाई, 7 का किया निपटारा

## याचिका समिति की बैठक में राजस्व, वन, गृह व स्वास्थ्य विभाग से जुड़े मामलों पर चर्चा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में सोमवार को याचिका समिति की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष एवं समिति सभापति कुलदीप सिंह पठानिया ने की। बैठक पूर्वाह्न 11:30 बजे आरंभ होकर लगभग 1:20 बजे तक चली। समिति के समक्ष कुल 19 याचिकाएं प्रस्तुत की गईं, जिनमें से 7 मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को आवश्यक सुझावों के साथ अगली बैठक तक लंबित रखा गया। बैठक में समिति सदस्य नीरज नैय्यर, कमलेश ठाकुर और अनुराधा राणा के साथ विधान सभा सचिव यशपाल शर्मा भी उपस्थित रहे।



याचिका समिति की बैठक की अध्यक्षता करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

बैठक के दौरान राजस्व विभाग की 11, वन विभाग की 4 और गृह विभाग की एक याचिका पर सुनवाई हुई। राजस्व विभाग की 11 में से 5 याचिकाओं का निपटारा किया गया, जबकि शेष पर संबंधित विभागों को शीघ्र और उचित निर्णय लेने के निर्देश दिए गए। वन विभाग की चार में से दो याचिकाएं निपटाई गईं, जिन पर प्रधान मुख्य अरण्यपाल संजय सूद का मौखिक साक्ष्य लिया गया। गृह विभाग की एकमात्र याचिका, जो माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, को निर्णय आने तक लंबित रखने का फैसला किया गया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग की तीन याचिकाओं पर भी विचार हुआ, जिनमें एक मामले को पुन: अगली बैठक में प्रस्तुत करने और शेष दो को बिना सुनवाई के स्थगित रखने का निर्णय लिया गया।

कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि समिति के समक्ष अब तक कुल 97 अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 46 मामलों का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समिति का उद्देश्य आमजन को त्वरित और नि:शुल्क न्याय उपलब्ध कराना है। जिन अभ्यर्थियों को विभागीय स्तर पर न्याय नहीं मिल पा रहा है या जिनका अनावश्यक उत्पीड़न हो रहा है, वे समिति के समक्ष अपने अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि उन्हें शीघ्र राहत मिल सके।

# नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प: जैनब चंदेल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल ने महिला कांग्रेस की सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का उन्हें मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें जो नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगी। बाल विकास परिषद के महासचिव पद को उन्होंने अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ यह दायित्व दिया है, उस पर वह हमेशा खरी उतरने का प्रयास करेंगी।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में उनके नए पद के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में संगठन की एकजुटता और महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश भी दिया गया।

### नियुक्ति के लिए केंद्रीय नेतृत्व और संगठन का जताया आभार

**जैनब** चंदेल ने अपनी नियुक्ति के लिए केंद्रीय नेतृत्व, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और प्रदेश संगठन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला शक्ति संगठन के साथ मजबूती से खड़ी है और संगठन के हर निर्देश का वह सदैव पालन करती रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में महिला कांग्रेस संगठनात्मक मजबूती के साथ सामाजिक दायित्वों का भी प्रभावी ढंग से निर्वहन करेगी।



# जिंदा लोगों को 'मृत' घोषित कर रही सरकारी वेबसाइट

अनंत ज्ञान

- मुख्यमंत्री सहारा पेंशन और हिमकेयर योजना में बड़ी गड़बड़ी

**बलवंत कमल, दधोल।** प्रदेश स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सहारा योजना पेंशन की वेबसाइट पर चौंकाने वाली और गंभीर लापरवाही सामने आई है। कई जिंदा लाभार्थियों का स्टेटस 'डेथ' दिखाया जा रहा है, जिसके कारण उनकी पेंशन महीनों से रुकी हुई है और वे सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। पेंशन न आने पर जब लाभार्थी लोक मित्र केंद्र पहुंचे और लाइफ सर्टिफिकेट, आय प्रमाण पत्र व मेडिकल दस्तावेज अपलोड कराने की कोशिश की, तो वेबसाइट पर उनका कार्ड पहले 'नो रिकॉर्ड फाउंड' और बाद में इनएक्टिव दिखा, जिसमें स्पष्ट रूप से डेथ स्टेटस दर्ज मिला। दो अलग-अलग व्यक्तियों का स्टेटस जांचने पर दोनों को ही मृत दर्शाया गया, जबकि वे जीवित हैं।

मामले पर जब जिला स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर से संपर्क किया गया तो उन्होंने इस गड़बड़ी से अनभिज्ञता जताते हुए संबंधित डीलिंग अधिकारी को जांच के निर्देश देने की बात कही। वहीं क्षेत्र की आशा वर्कर ने साफ किया कि उन्होंने किसी भी लाभार्थी की मृत्यु संबंधी कोई रिपोर्ट विभाग को नहीं भेजी है, जिससे सवाल और गहरे हो गए हैं कि आखिर यह गलती किस स्तर पर हुई।

इतना ही नहीं, हिमकेयर कार्ड भी स्वास्थ्य बीमा योजना की साइट पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। कई ऐसे कार्ड, जिनकी वैधता 2027 तक है, उन्हें भी 'नो रिकॉर्ड फाउंड' बताया जा रहा है। इसका सीधा असर यह हुआ है कि जरूरतमंद लोग न तो इलाज करवा पा रहे हैं और न ही पेंशन का लाभ मिल रहा है। गरीब और गंभीर बीमार लोगों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं थी, लेकिन वेबसाइट की इस भारी लापरवाही ने इसे उनके लिए सजा बना दिया है। सवाल यह है कि क्या यह सिर्फ तकनीकी गलती है या फिर किसी बड़े स्तर पर की गई चूक, जिसकी कीमत आम जनता चुका रही है?

अब जरूरत है कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग तत्काल जांच कर दोषियों की जवाबदेही तय करे, वरना जिंदा लोगों को कागजों में मारने वाली यह व्यवस्था गरीबों की आखिरी उम्मीद भी छीन लेगी।

# सरकार की नाकामी की कीमत क्यों चुकाएं मरीज: जयराम

## कहा-केंद्र की मुफ्त डायग्नोस्टिक योजना प्रभावित, सरकार केवल 10% खर्च कर रही वहन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार के लिए प्रदेश के बीमार लोग ही सबसे आसान शिकार है जब चाहे उनके खिलाफ कोई भी फैसला कर लो। केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित फ्री डायग्नोस्टिक इनिशिएटिव सर्विस के तहत प्रदेश के सभी अस्पतालों में मरीजों को नि:शुल्क जांच की सुविधा प्रदान की जा रही है।

इस योजना के तहत हिमाचल को कुल खर्च का 10 फीसदी हिस्सा ही वहन करना पड़ता है 90 फीसदी केंद्र सरकार द्वारा दिया जाता है। अब सुक्खू सरकार की इन पर भी नजर टेढ़ी कर दी है। अस्पताल में जांच के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। एक वेलफेयर स्टेट होने के नाते राज्य सरकार के जिम्मेदारी होती है कि वह अपने जरूरतमंद लोगों की मदद कर सके। यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करवाये हैं लेकिन सुक्खू सरकार पीछे हट रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि एक तरफ केंद्र की सरकार देश से 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के बाहर निकालती है तो प्रदेश में सुख की सरकार प्रदेश की 75 लाख की आबादी से निशुल्क जांच का आधिकार छीन रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का पूरा वित्तीय अनुशासन और बुद्धिमता सिर्फ स्वास्थ्य सुविधाओं को छीनने में ही दिखाई देती है। अब मुख्यमंत्री द्वारा मात्र 10त्न हिस्सा न देने के कारण प्रदेश के लोगों से निशुल्क जांच की सुविधा लगातार प्रभावित हो रही है। जबकि पिछले एक हफ्ते में ही उन्होंने अधिकारियों के इंटरनेट भत्ता और अपने एक मित्र को एक बोर्ड का अध्यक्ष बनाया है। पंचायत चुनाव समय से न करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया आया है। सरकार ने सलाहकारों की फौज खड़ी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रदेश पर असंवैधानिक सीपीएस थोपे। उन्हें बचाने के लिए करोड़ों रुपए वकीलों पर लुटाए। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार के खर्चों पर कोई नियंत्रण करने की बजाय मुख्यमंत्री हमेशा आम आदमी को ही शिकार बनाते हैं।

प्रदेश का आम आदमी सुख की सरकार के व्यवस्था परिवर्तन का दर्द क्यों झेले, मुख्यमंत्री अपने मित्रों के बेहिसाब खर्चे पर लगाम लगाएं। सरकार मरीजों के साथ यह अन्याय बंद करे। सुख की सरकार द्वारा बीमार लोगों को परेशान करने के हर कृत्य की जितनी निंदा की जाए वह कम है।



सांसद राजीव भारद्वाज को जन्मदिन पर केक खिलाते जयराम ठाकुर। अनंत ज्ञान

# चीन, अमेरिका और अपने सांसदों से डरते हैं प्रधानमंत्री: पवन खेड़ा

अनंत ज्ञान

**गगल।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा सोमवार सुबह कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कई राष्ट्रीय और राजनीतिक मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। भारत रत्न पुरस्कार को लेकर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी पर खेड़ा ने कहा कि यह सोच शर्मनाक है। उन्होंने सावरकर का नाम इतिहास से हटाने की भी बात कही। देश की वर्तमान स्थिति पर टिप्पणी करते हुए खेड़ा ने कहा कि जैसा दावा किया जा रहा है, देश में 'अच्छे दिन' नहीं आए हैं। जाति व्यवस्था पर भागवत की टिप्पणी को लेकर खेड़ा ने कहा कि यदि संघ सच में जाति समाप्त होने की बात करता है, तो उसे अगला सरसंघचालक दलित समाज से बनाकर उदाहरण पेश करना चाहिए। उन्होंने संघ में दलितों की स्थिति पर भी सवाल उठाए।

अमेरिका-भारत समझौते पर बोलते हुए खेड़ा ने आरोप लगाया कि इस डील की जानकारी भाजपा नेताओं को भी नहीं है। उन्होंने इसे किसानों के साथ धोखा बताया। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए खेड़ा ने कहा कि संविधान 'हम भारत के लोग' से शुरू होता है और भारत माता का अर्थ भी यही है, जिसमें देश की नदियां, पहाड़ और समस्त नागरिक शामिल हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और कांग्रेस नेता गौरव गोगोई से जुड़े मुद्दे पर खेड़ा ने कहा कि हिमंत बिस्वा द्वारा लगाए गए आरोप विरोधाभासी हैं। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और आने वाले समय में उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।



## अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव | अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

# कल्चरल परेड में शामिल होंगे देश-विदेश से 33 सांस्कृतिक दल

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** मंडी के विख्यात अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही कल्चरल परेड की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम उप-समिति के संयोजक एवं अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि 20 फरवरी को सायंकाल अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय व स्थानीय लोक दलों से सुसज्जित भव्य कल्चरल परेड का आयोजन मंडी शहर में किया जाएगा।

उपायुक्त कार्यालय परिसर से आरंभ होकर यह कल्चरल परेड सेरी मंच से होते हुए इंदिरा मार्केट परिसर का परिभ्रमण करेगी। उन्होंने बताया कि इस सांस्कृतिक परेड में भाग लेने के लिए 33 दलों को आमंत्रित किया गया है। इनमें 13 अंतरराष्ट्रीय और 6 भारत के विभिन्न राज्यों के दल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय दलों में संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, फ्रांस, तजाकिस्तान, अर्जेंटीना, जिम्बाब्वे, तंजानिया, नाइजीरिया, घाना, बोलीविया, नेपाल, भूटान, श्रीलंका से सांस्कृतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन दलों के शामिल होने से शिवरात्रि महोत्सव का अंतरराष्ट्रीय स्वरूप और निखर कर सामने आ सकेगा और लोगों को भी विश्व के विभिन्न देशों की संस्कृति से रू-ब-रू होने का अवसर मिल सकेगा।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह। अनंत ज्ञान

गुरसिमर सिंह ने बताया कि भारत के विभिन्न राज्यों से भी सांस्कृतिक दल इस परेड में शामिल होने के लिए बुलाए गए हैं। इनमें राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, पंजाब, आसाम और मणिपुर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अलग-अलग जिलों से भी सांस्कृतिक दल परेड में शामिल होंगे, जिनमें शिमला, हमीरपुर, लाहौल-स्पिति, कुल्लू, चंबा और किन्नौर से दल भाग लेंगे। मंडी जिला के पांच सांस्कृतिक दल इस भव्य परेड की शोभा बढ़ाएंगे।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा गतका दल, गृहरक्षक बैंड, विभिन्न विषयों पर आधारित झांकियों सहित कुछ अन्य प्रतिभागी भी कल्चरल परेड में सहभागिता जताएंगे। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए इस भव्य परेड को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) और उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (एनजेडसीसी) से समन्वय स्थापित करते हुए सांस्कृतिक दलों के आगमन, परिवहन, ठहराव सहित उन्हें अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने को भी कहा। परेड के दौरान परिभ्रमण पथ की साज-सज्जा के लिए भी उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में उपमंडलाधिकारी (ना.) रुपिंदर कौर, सहायक आयुक्त (मंडलायुक्त) सुनयना शर्मा, भारतीय प्रशासनिक सेवा की परिवीक्षाधीन अधिकारी डॉ. मनु वर्मा, जिला भाषा संस्कृति अधिकारी रेवती सैनी, जिला विकास अधिकारी गोपीचंद पाठक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# नेताओं की जुबान फिसली या सत्ता की हड़बड़ी

## विधायक त्रिलोक ने अपने संबोधन में सांसद अनुराग को बना दिया सीएम

अनंत ज्ञान

- कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री सुक्खू ने भाजपा नेता से हारे विवेक को बना दिया विधायक
- हिमाचल में भाषणों पर उठे सवाल, सोशल मीडिया ने तय किया सियासी शोर

**अरुण डोगरा रितु, बिलासपुर।** हिमाचल की राजनीति में इन दिनों मंच नहीं, बल्कि जुबान फिसल रही है। बीते दो दिनों में दो बड़े सियासी आयोजनों में नेताओं ने ऐसे संबोधन कर डाले, जिनसे न सिर्फ सियासी गलियारों में चर्चा तेज हुई, बल्कि सत्ता और पद की गंभीरता पर भी सवाल खड़े हो गए।

दो दिन पहले बिलासपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर की मौजूदगी ने उस वक्त नया मोड़ ले लिया, जब सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने अपने संबोधन में उन्हें सीधे 'मुख्यमंत्री' बना दिया। जम्वाल ने मंच से कहा 'आज के कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित हुए मुख्यमंत्री, मेरे बड़े भाई अनुराग ठाकुर...'। हालांकि कुछ ही क्षणों में जम्वाल को अपनी भूल का अहसास हो गया और उन्होंने तुरंत सुधार करते हुए अनुराग ठाकुर को 'मुख्य अतिथि' कह दिया। भाजपा विधायक की यह तत्परता मंच और भाषण—दोनों को संभाल गई। इससे पहले झंडूता विधानसभा क्षेत्र के बरठीं में आयोजित विशाल जनसभा में इससे भी ज्यादा हैरान करने वाला दृश्य सामने आया। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंच से भाजपा नेता जीतराम कटवाल से चुनाव हार चुके कांग्रेसी नेता विवेक कुमार को 'झंडूता का विधायक' संबोधित कर दिया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा 'मेरे छोटे भाई, झंडूता के विधायक विवेक कुमार...'।

यह संबोधन तथ्यात्मक रूप से गलत होने के बावजूद न तो सुधारा गया और न ही मंच से कोई स्पष्टीकरण आया। हैरानी की बात यह भी है कि भाजपा से जुड़ा यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और जमकर ट्रोल किया जा रहा है, जबकि मुख्यमंत्री द्वारा की गई कांग्रेस से जुड़ी इस चूक को सोशल मीडिया पर वैसी जगह नहीं मिल पाई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह फर्क सिर्फ गलती का नहीं, बल्कि डिजिटल नैरेटिव और सोशल मीडिया की सियासी ताकत का भी संकेत देता है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार मंच से निकले शब्द कभी-कभी अनजाने नहीं होते। फर्क बस इतना रहा कि एक गलती सुधर गई और वायरल हो गई, दूसरी न सुधरी और भीड़ में दबा दी गई।

राजनीतिक मंचों से दिए गए संबोधन केवल औपचारिक शब्द नहीं होते, बल्कि वे नेताओं की सजगता, तैयारी और पद की गरिमा को भी दर्शाते हैं। ऐसे में छोटी-सी जुबानी चूक भी बड़ा संदेश दे जाती है। यही कारण है कि आज के डिजिटल दौर में हर शब्द रिकॉर्ड होता है और जनता अपनी राय बनाती है।

# सीयू में अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

## नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने किया प्रतियोगिता का आगाज, अर्जुन अवार्डी दीपक हुड्डा भी रहे मौजूद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला कबड्डी चार दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण कर किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं कुलपति ने मशाल प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में विभिन्न जोनों की 15 टीमों के 224 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

◆ **विभिन्न जोन की 15 टीमों की 224 से अधिक खिलाड़ी ले रही हिस्सा**

उद्घाटन समारोह में कांगड़ा सांसद राजीव भारद्वाज, धर्मशाला विधायक सुधीर शर्मा, विधायक विपिन सिंह परमार, कांगड़ा विधायक पवन काजल तथा भारतीय विश्वविद्यालय संघ के ऑब्जर्वर डॉ. श्याम सिंह मंचासीन रहे। इस अवसर पर कई स्टार खिलाड़ी भी उपस्थित रहे, जिनमें हरियाणा के अर्जुन अवॉर्डी एवं भारतीय पुरुष कबड्डी टीम के कप्तान दीपक हुड्डा, साई की सेवानिवृत्त डीडीजी ललिता शर्मा, कबड्डी टीम की पूर्व कप्तान पूजा ठाकुर, वर्ल्ड कप चैंपियन 2025 चंपा ठाकुर, भावना ठाकुर व ज्योति ठाकुर शामिल रहीं। इस दौरान विश्वविद्यालय के खेल न्यूज लेटर एवं वार्षिक टेबल कैलेंडर का भी विमोचन किया गया।



भारतीय इंटर जोनल महिला कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करते जयराम ठाकुर। अनंत ज्ञान

### खेल क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा भारत: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** खेल के क्षेत्र में भारत लगातार आगे बढ़ता जा रहा है और अपनी पहचान बना रहा है। यह बात नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सोमवार को धर्मशाला इंडोर स्टेडियम में अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला कबड्डी की चार दिवसीय प्रतियोगिता का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए कही। पत्रकारों से बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि धर्मशाला में बनने वाले सीयू के कैंपस का कार्य जल्द शुरू हो, इसके लिए सरकार से लगातार आग्रह किया जा रहा है। आगामी बजट सत्र में भी सीयू के धर्मशाला कैंपस निर्माण के मामले को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। सरकार की ओर से जो 32 करोड़ रुपए जमा करवाने हैं, उसे सरकार जल्द जमा करवाएं, इसके लिए सरकार से आग्रह किया जाएगा। बिना आधारभूत ढांचे के बावजूद सीयू लगातार इस तरह के बड़े आयोजन करवा रहा है, इसके लिए सीयू प्रशासन बधाई का पात्र है। जयराम ने कहा कि आल इंडिया जोनल महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन धर्मशाला में सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश की मेजबानी में किया जा रहा है। यहां खेलने आई बेटियों का देश के खेल क्षेत्र में आगामी समय में बहुत बड़ा योगदान रहने वाला है। मुझे खुशी है कि वर्ल्ड कप जीतने वाली देश की महिला कबड्डी टीम में हिमाचली खिलाड़ी भी शामिल रही हैं।

◆ **बजट सत्र में भी उठाएंगे सीयू के धर्मशाला कैंपस का मुद्दा**

### प्रो. बंसल बोले- खेल तक सीमित नहीं बल्कि महिला शक्तिकरण का माध्यम है कबड्डी

**कुलपति** प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला को छठी बार अखिल भारतीय इंटर जोनल कबड्डी प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ है, जो अत्यंत हर्ष और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल कबड्डी खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम भी है। हिमाचल प्रदेश की छह बेटियां देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं, जिनका उल्लेख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में भी किया है।

### सपना साकार होता दिख रहा: ललिता शर्मा

**साई** की सेवानिवृत्त डीडीजी ललिता शर्मा ने कहा कि उन्होंने धर्मशाला के साई ग्राउंड में एक ऐसे खेल वातावरण का सपना देखा था, जहां सभी खेलें और विशेष रूप से लड़कियों को खेलने के समान अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि आज उनका यह सपना साकार होता दिखाई दे रहा है, जिससे उन्हें अत्यंत खुशी और गर्व की अनुभूति हो रही है। पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पूजा ठाकुर ने कहा कि इसी मैदान से 4-5 खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो गर्व की बात है।

### खेल में अनुशासन जरूरी: डॉ. भारद्वाज

**कांगड़ा** सांसद राजीव भारद्वाज ने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही बेटियों की सराहना की और कहा कि खेल में अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। धर्मशाला विधायक सुधीर शर्मा ने धर्मशाला को स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है और प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई खेलो इंडिया जैसी योजनाओं ने खेलों को नई दिशा दी है।

## हिमाचल ने पहले ही कबड्डी में परचम लहराया : दीपक हुड्डा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हरियाणा के कबड्डी खिलाड़ी और अर्जुन अवार्डी दीपक हुड्डा ने कहा कि धर्मशाला में खेलने आई बेटियां देश का भविष्य हैं। वर्ष 2036 की ओलंपिक गेम्स की मेजबानी भारत को मिल चुकी है, उम्मीद है कि कॉमनवेल्थ गेम्स की भी मेजबानी भारत को मिलेगी।



हिमाचल प्रदेश ने पहले ही कबड्डी में परचम लहराया है, लगातार तीन नेशनल गेम्स, लगातार गोल्ड मेडल, फेडरेशन कप गोल्ड मेडल, हिमाचल की बेटियां लगातार एशियन कप व वर्ल्ड कप जीत रही हैं। उन्होंने कहा कि जिंदगी में आगे बढ़ते रहने के लिए उथल-पुथल होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि वह नाम कमाना चाहते थे, जिसके लिए लक्ष्य तय था, जिसकी बदौलत वह भारतीय कबड्डी टीम के कैप्टन बने और अर्जुन अवार्ड हासिल किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में उन्हें दुनिया के सबसे फिट खिलाड़ी का खिताब दिया गया था। उन्होंने कहा कि जीवन में संघर्ष करना पड़े तो घबराए नहीं, क्योंकि संघर्ष ही व्यक्ति को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि मैं जहां भी जाता हूं, धरातल की बात करता हूं। जब छोटा था, तभी माता-पिता का निधन हो गया था। जिंदगी में कई बार फेल हुआ, लेकिन हिम्मत नहीं हारी और आज इस मुकाम पर खड़ा हूं। उन्होंने खुशी जताई कि देश की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश तैयार कर रहा है, लेकिन पीड़ा का विषय है कि प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों का सम्मान नहीं किया

### पहले दिन कबड्डी प्रतियोगिता के परिणाम

**पहले** दिन पहले मुकाबले में लवली यूनिवर्सिटी जालंधर की टीम ने रामटेक यूनिवर्सिटी की टीम 16 अंकों से पराजित किया। मैच में स्कोर 48-32 रहा। वहीं, दूसरे मैच में दरभंगा यूनिवर्सिटी की टीम ने पेरीयार यूनिवर्सिटी सलेम की टीम को 38-34 अंकों से पराजित किया। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टीम ने भारती विद्यापीठ यूनिवर्सिटी पुणे की टीम को 48-38 से हराया। चौथे मुकाबले में अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी बिलासपुर की टीम ने भारथीहर यूनिवर्सिटी को 36-34 से पराजित किया। सीवी रमन यूनिवर्सिटी कोटा बिलासपुर की टीम ने विनायक मिशन रिसर्च फाउंडेशन सलेम को 42-18 से पराजित किया। वहीं, गुरु काशी यूनिवर्सिटी पंजाब की टीम ने कोटा राजस्थान यूनिवर्सिटी को 39-22 से पराजित किया। चंडीगढ यूनिवर्सिटी मोहाली की टीम ने नागपुर यूनिवर्सिटी को 45-29 से पराजित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### भटेड़ गांव में हिंदू एकता सम्मेलन आयोजित

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भटेड़ गांव में हिंदू एकता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कैप्टन मिल्खी राणा ने की। मुख्य अतिथि डॉ. यति निर्भयनंद गिरि महाराज ने समाज को जात-पात से ऊपर उठकर एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंदू जीवन जीने की कला है और गौरवशाली इतिहास से सीख लेना चाहिए। सम्मेलन में वक्ताओं ने भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की बात कही। महिला मंडलों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया। 80 वर्षीय केसरी देवी ने भजन से सभी को मंत्रमुग्ध किया।

### नंगल चौक में 58 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** नंगल चौक में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर 58 ग्रामीणों की जांच की। एमओ डॉ. विजय जरियाल के नेतृत्व में 26 मरीजों के मौके पर ही लैब टेस्ट किए गए। जांच में 9 ग्रामीण शुगर, 13 उच्च रक्तचाप, 8 हड्डी रोग और 2 महिलाएं स्त्री रोग से पीड़ित पाई गईं। टीम ने दवाइयां वितरित की और स्वास्थ्य जागरुकता भी फैलाई। पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पहल को ग्रामीणों के लिए लाभकारी बताते हुए सांसद अनुराग ठाकुर का आभार जताया।

### नंदनी गुलेरिया का छात्रवृत्ति के लिए चयन



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा सूरियां की प्लस टू मेडिकल की छात्रा नंदनी गुलेरिया पुत्री बलजीत सिंह का चयन शिव मंदिर काठगढ़ छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। नंदनी ने मेडिकल वर्ग में जिलेभर में चौथा स्थान प्राप्त किया है। नंदनी गुलेरिया को इस उपलब्धि के लिए शिव मंदिर काठगढ़ मंदिर समिति की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव में सम्मानित किया जाएगा। प्रधानाचार्य हरभजन सिंह सोहल व स्टाफ ने बधाई दी।

### संजय चौहान ने दृढ़ गांव में सुनी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, डरोह।** थुरल तहसील के अधीन दृढ़ गांव में सोमवार को प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। चौहान ने समस्याओं का जल्द समाधान करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व उपप्रधान प्रकाश चंद, कैप्टन बलदेव सिंह, चंचल राणा (अनु), अजीत सिंह, कैप्टन राजेश डढवाल, कमल राणा, महेंद्र सिंह, अमीं चंद, महिला मंडल दृढ़ की प्रधान बिनता देवी, सचिव पूजा देवी विजय व अशोक कुमार आदि मौजूद रहे। यह जानकारी दृढ़ निवासी कमल सिंह राणा ने दी।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारी करवाएं ई-केवाईसी

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** तहसील कल्याण अधिकारी मंजुल ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार पालमपुर उपमंडल के सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। पेंशनधारक 15 फरवरी तक अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करें। इसके लिए वे अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर प्रक्रिया पूरी करवा सकते हैं। मंजुल ठाकुर ने कहा कि इसका उद्देश्य पेंशन वितरण में पारदर्शिता लाना और लाभ केवल पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है। जिन पेंशनधारकों ने ई-केवाईसी नहीं कराई, उनकी पेंशन रोक दी जाएगी। उन्होंने सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की कि वे समय पर औपचारिकताएं पूरी करें, ताकि उनकी मासिक पेंशन निर्बाध रूप से जारी रहे।

### रक्तदान के लिए आगे आएं युवा: कुलविंदर

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विवेकानंद मेडिकल इंस्टीट्यूट के सौजन्य से कांगड़ा स्थित ब्लड बैंक में सोमवार को देहरा युवा कांग्रेस जिला महासचिव कुलविंदर डोगरा ने स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने अस्पताल के रक्त बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए आगे आकर यह सराहनीय कदम उठाया। कुलविंदर डोगरा ने बिना किसी हिचकिचाहट के रक्तदान किया, जिससे आपातकालीन स्थिति में मरीजों को सहायता मिल सकेगी। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे भी आगे आएं और नियमित रूप से रक्तदान करें।

### केंद्रीय बजट पर बतरा कॉलेज में सेमिनार आयोजित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर में बीबीए विभाग के सौजन्य से एकदिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। छात्रों ने पोस्टर प्रस्तुति, नारा लेखन और पीपीटी के माध्यम से बजट पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कृषि, लघु उपक्रम, जीएसटी, शिक्षा, ऑटोमोबाइल और शेयर बाजार पर बजट के प्रभावों पर चर्चा की। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कार्यक्रम में भाग लेकर बच्चों के विचारों पर वाद-विवाद किया और सभी विभागीय स्टाफ का धन्यवाद किया। कोऑर्डिनेटर डॉ. साहिल महाजन ने तकनीकी शब्दावली पर छात्रों के साथ विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. अजय ठाकुर, डॉ. अनुपमा डोगरा, डॉ. राजीव भूरिया, अनीता राणा, दीप्ति सूद, प्रियंका चित्रा एवं सुरेश उपस्थित रहे।

### सिक्योरिटी गार्ड पदों के लिए साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान, देहरा।** जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर द्वारा सिस इंडिया लिमिटेड में पुरुष सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 150 पद भरे जाने हैं। शैक्षणिक योग्यता 10वीं और आयु 19-40 वर्ष निर्धारित की गई है। वेतन 18,000 से 23,000 रुपए प्रति माह है। इच्छुक उम्मीदवार 11 फरवरी को सुबह 11 बजे उप रोजगार कार्यालय, नगरोटा में साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अपने साथ दो पासपोर्ट फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, बायोडाटा और अनुभव पत्र लाना अनिवार्य है।

## अवैध खनन: तीन टिप्पर और एक ट्रैक्टर जब्त

अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस जिल नूरपुर लगातार विशेष अभियान चला रही है। एसपी कुलभूषण वर्मा के दिशा निर्देशानुसार पिछले 24 घंटों में विभिन्न थाना क्षेत्रों में संवेदनशील स्थानों पर विशेष नाकाबंदी और चेकिंग की गई।

पुलिस थाना जवाली के तहत पुलिस पोस्ट कोटला और नगरोटा सूरियां तथा पुलिस थाना नूरपुर के तहत पुलिस पोस्ट सदवां ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में संलिप्त 3 टिप्पर और 1 ट्रैक्टर जब्त कियाहै। इसके अतिरिक्त, अवैध खनन और खनन सामग्री के अवैध परिवहन में संलिप्त 4 लोगों के खिलाफ चालान भी किए गए, जिन्हें न्यायालय में आगामी कार्रवाई के लिए भेजा गया।



अवैध खनन पर जब्त किया गया टिप्पर। अनंत ज्ञान

एएसपी धर्मचंद वर्मा ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि अवैध खनन संबंधी किसी भी जानकारी को पुलिस के साथ साझा कर प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा में सहयोग दें।

### रिहायाशी मकान में अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी। पंचरुखी** पुलिस थाना के तहत भौरा में एक रिहायशी मकान से 16,500 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की गई है। यह कार्रवाई पुलिस टीम की गश्त के दौरान हुई। शराब बरामदगी के मामले में संबंधित व्यक्ति बलजीत सिंह निवासी भौरा, तहसील पालमपुर के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने इस घटना की पुष्टि की और कहा कि अवैध शराब की सप्लाई रोकने के लिए पुलिस सतर्कता के साथ लगातार कार्रवाई कर रही है। इस प्रकार की कार्रवाई से शराब के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## हंस फाउंडेशन भवारना ने धीरा में दिया फायर फाइटिंग प्रशिक्षण


फायर फाइटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डरोह।** द हंस फाउंडेशन भवारना की ओर से धीरा में बेसिक फायर फाइटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वन विभाग, अग्निशमन विभाग, एसडीआरएफ तथा हंस फाउंडेशन के वॉलंटियर्स ने भाग लिया।

कार्यक्रम में 6 पंचायतों के 63 फायर फाइटर वॉलंटियर्स उपस्थित रहे। इस दौरान वॉलंटियर्स को आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षा उपायों तथा आग पर काबू पाने की जानकारी दी गई। वॉलंटियर्स को फायर फाइटिंग गियर भी वितरित किए गए, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में वे सुरक्षित व प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

## ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ


ग्रीनलैंड स्कूल के विद्यार्थियों को बताए योग के फायदे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल मोहटली सूरजपुर में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन लखविंदर सिंह जो कि पतंजलि योग समिति के राज्य प्रमुख, इस योग शिविर का का हिस्सा बने।

स्कूल के चेयरमैन रणवीर सिंह, सेक्रेटरी कमलजीत सिंह तथा प्रधानाचार्य अनुमीत कौर की अध्यक्षता अध्यक्षता में यह शिवर का आयोजन किया गया सर्वप्रथम स्कूल की प्रबंधक कमेटी की तरफ से उनका योग शिविर के संचालक लखविंदर सिंह का स्वागत किया गया। इस शिवर में विद्यालय के सभी छात्र एवं अध्यापक उपस्थित रहे। उन्होंने सबसे पहले आज योग शिविर की शुरुआत गायत्री मंत्र शांति पाठ तथा महामृत्युंजय पाठ के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस बाद छात्रों को योग तथा उसके फायदे बताए।

### कांग्रेस सरकार की आर्थिक नाकामी उजागर: परमार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं सुलह विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही सुधार और गारंटियों के बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन अब उसी सरकार के वित्त विभाग की प्रेजेंटेशन ने उसकी असलियत उजागर कर दी है। यह विपक्ष का आरोप नहीं, बल्कि सरकार की आर्थिक विफलता की आधिकारिक स्वीकारोक्ति है। परमार ने कहा कि राज्य वित्तीय अराजकता और आर्थिक आपातकाल की ओर बढ़ रहा है। सरकार 8,500 करोड़ के वेतन-पेंशन एरियर, 5,000 करोड़ के डीए/डीआर एरियर देने में असमर्थ है और भविष्य में भी कोई किस्त जारी नहीं हो पाएगी। 2,000 करोड़ से अधिक की विकास देनदारियां अगले वर्ष ढोनी होंगी। उन्होंने कहा कि आरडीजी समाप्त होने की सच्चाई भी सामने आ चुकी है। कांग्रेस सरकार अयोग्य शासन से प्रदेश को गर्त में ले गई है।

## महाराणा प्रताप स्कूल में विद्यार्थियों को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण


14बीएन एनडीआरएफ टीम ने मॉकड्रिल से सुरक्षित निकासी की दी जानकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल धरमगिरि में सोमवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (14बीएन एनडीआरएफ) की टीम की ओर से विद्यार्थियों के लिए विशेष आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर एनडीआरएफ के प्रशिक्षित अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न आपदाओं से निपटने की जानकारी दी। विद्यार्थियों को भूकंप, आग, बाढ़ आदि आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। 14बीएन एनडीआरएफ की टीम ने मॉकड्रिल के माध्यम से सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार एवं अनुशासित व्यवहार का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक कुलदीप ठाकुर, प्रबंधक सुभाष पठानिया तथा प्रधानाचार्या श्रीमती ऐश्वर्या संब्याल ने 14बीएन एनडीआरएफ टीम का स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरुकता, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। स्कूल प्रबंधन ने 14बीएन एनडीआरएफ टीम का आभार व्यक्त किया।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में भडियाड़ा की महिलाएं लामबंद

### उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश सरकार और राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



स्मार्ट मीटर के विरोध में डीसी ऑफिस के बाहर एकत्रित महिलाएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** स्मार्ट मीटर के विरोध को लेकर भडियाड़ा पंचायत में भी विरोध के सुर उठना शुरू हो गए हैं। इसी कड़ी में सोमवार को पंचायत भडियाड़ा व बैदी के महिला मंडलों व ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य जोगिंद्र सिंह पंकू की अगुवाई में स्मार्ट मीटर के विरोध को लेकर डीसी कांगड़ा के माध्यम से प्रदेश सरकार व राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। जोगिंद्र सिंह ने बताया कि एक तरफ प्रदेश सरकार आर्थिक संकट का रोना रो रही है।

वहीं, दूसरी तरफ स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन स्मार्ट मीटरों के माध्यम से आने वाले समय में बेरोजगारी भी सामने आएगी। जो गरीब घर के लोग बिल काटने आते थे। उनके परिवार का पालन-पोषण हो रहा था। उन्होंने चेताया कि यदि उनके संबंधित जिला परिषद क्षेत्र में विद्युत बोर्ड का कोई भी विद्युत कर्मचारी गांव में स्मार्ट मीटर लगाने आएगा तो उन्हें भी विरोध का सामना करना पड़ेगा व उन्हें वापस भेज दिया जाएगा। इस दौरान वर्तमान बीडीसी मेंबर भडियाड़ा कुशला देवी, वार्ड पंच आशा देवी, वार्ड पंच बिंदू वाला, महिला मंडल प्रधान निशा मिश्रा, वीना देवी, कल्पना, आशा कुमारी, सीता राम, धनीराम व अन्य मौजूद रहे।

## हिमाचल के कुफरी, जोत और मुरारी देवी में डोप्पलर वेदर राडार किए स्थापित

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी को संसद में बताया कि हिमाचल प्रदेश के किसानों और बागबानों को बर्फ, बारिश आदि मौसम के मिजाज की स्टीक जानकारी प्रदान करने के लिए कुफरी, चंबा के जोत और मंडी जिले के मुरारी देवी में डोप्पलर वेदर राडार (डीडब्ल्यूआर) स्थापित किए गए हैं, जो कि ग्राउंड आधारित रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी के माध्यम से वायुमंडलीय रफ्तार को माप कर बादलों के परिक्रमण के अध्ययन से राज्य में बारिश, बर्फबारी, ओलावृष्टि की स्टीक जानकारी देते हैं। किसानों और बागवानों को मौसम आंधी, तूफान और चक्रवात आदि की जानकारी प्रदान करने के लिए मंत्रालय ने मिशन मौसम लांच किया है, ताकि खराब मौसम की परिस्थितियों में इसके प्रभाव को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस समय हिमाचल सहित देश के विभिन्न राज्यों में 47 डोप्पलर वेदर राडार (डीडब्ल्यूआर) स्थापित किए गए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग एनडीएमए और सी-डॉट के समवन्य से मौसम की पूर्व जानकारी और चेतावनी समय-समय पर प्रदान करता है।

◆ **सांसद इंदु गोस्वामी को केंद्रीय मंत्री ने दी जानकारी**

## एकता फाउंडेशन ने बगली स्कूल में स्टूडेंट्स को भेंट किए पैन



विद्यार्थियों से किया नशे से दूर रहने का आह्वान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**गगल।** स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं आयोजित होने वाली है। इसके चलते समाजसेवा में बड़ा नाम कमा चुकी एकता फाउंडेशन ने सोमवार को छात्रों को कलम भेंट किए।

एकता फाउंडेशन के संयोजक सतीश चौधरी व शिक्षाविद, समाजसेवी और स्टार एक्स स्टेशनर झियोल धर्मशाला के मालिक राजेंद्र कुमार बगली सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंचे। उन्होंने छात्रों के लिए पैन प्रिंसिपल प्रोमिला शर्मा को भेंट किए। एकता फाउंडेशन के संयोजक सतीश चौधरी और स्टार एक्स स्टेशनर के मालिक राजेंद्र कुमार ने कहा कि वे भविष्य में भी जरूरतमंद छात्रों की मदद करते रहेंगे। सतीश चौधरी राजेंद्र ने कहा कि छात्र टाइम मैनेजमेंट से अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने स्कूलों में मोबाइल फोन पर रोक के फैसले को सही बताया। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया है कि वे नशे से दूर रहें। नशे के खिलाफ समूचे हिमाचल को मिलकर लड़ना होगा। दूसरी ओर स्कूल स्टाफ और छात्रों ने कलम जैसी अमूल्य भेंट के लिए एकता फाउंडेशन की सराहना की है।

## पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेश सरकार को चेताया

# आरडीजी का बहाना बनाकर एरियर न देने के भुगतने होंगे गंभीर परिणाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेश सरकार को चेताया कि आरडीजी का बहाना बनाकर महंगाई भत्ता फ्रीज करने व एरियर न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के चेयरमैन सुरेश ठाकुर, महासचिव इंद्र पाल शर्मा, अतिरिक्त महासचिव भूप राम वर्मा, मीडिया प्रभारी सैन राम नेगी, प्रेस सचिव चेत राम वर्मा और लाइक राम शर्मा, शिमला जिला के संयोजक मोहन ठाकुर और जिला प्रधान शिमला भाग चंद चौहान ने संयुक्त बयान में कहा कि प्रदेश सरकार ने यदि राजस्व घाटा अनुदान का बहाना बनाकर प्रदेश के पेंशनरों और कर्मचारियों का महंगाई भत्ता फ्रीज करने और एरियर न देने का फैसला लिया तो सरकार को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति की प्रदेश कार्यकारिणी की आपातकाल बैठक में उपरोक्त फैसला लिया कि जिस तरीके से प्रधान वित्त सचिव ने सरकार को वित्तीय प्रेजेंटेशन में सुझाव दिए हैं कि केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश में राजस्व घाटा अनुदान बंद होने की वजह से प्रदेश की वित्तीय स्थिति की भरपाई करने के लिए प्रदेश के पेंशनरों और कर्मचारियों का महंगाई भत्ता फ्रीज करना होगा और एरियर को भी नहीं दिया जा सकता है। प्रदेश सरकार को पेंशनरों और कर्मचारियों को 13 प्रतिशत महंगाई भत्ता और 146 महीने का महंगाई भत्ते के एरियर के साथ करोड़ों रुपए की वित्तीय अदायगी करने को है। इसमें संशोधित कम्युटेशन, ग्रेच्युटी और लीव इन कैशमेंट पहली जनवरी, 2016 से देय है। करोड़ों रुपये के चिकत्सा भत्ते की अदायगी के बिलों की अदायगी करने को है, जबकि 500 से ज्यादा पेंशनर्स बिना पैसों के स्वर्ग सिधार गए हैं।

### हिमकेयर, सहारा योजना बंद और पेंशन कटौती प्रस्ताव पर जताया विरोध

**प्रधान** वित्त सचिव ने हिमकेयर योजना, सहारा योजना को बंद करना और सामाजिक सुरक्षा पेंशन में कटौती करने का जो प्रस्ताव दिया है, उसका समिति ने विरोध किया है। सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षों में लिए गए गलत फैसलों का, अपनी मित्र मंडली को खुश करने के लिए सरकारी खजाने की लूटमार करना और जो सलाहकार नियुक्त किए हैं, उनकी गलत सलाह से आज प्रदेश का दिवालिया निकल चुका है मुख्यमंत्री और सरकार जिम्मेदार है। अब सरकार वित्तीय संकट में है, पेंशनरों और कर्मियों की देनदारियां नहीं दे सकती तो उन्हें अपने पदों से त्यागपत्र दे देना चाहिए।

## बाल शोषण और घरेलू हिंसा के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा की ओर से त्रिगर्त संस्कृत कॉलेज चामुंडा में शास्त्री एवं कर्मकांड प्रशिक्षुओं, अध्यापकों व स्टाफ के लिए जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता कॉलेज प्रधानाचार्य हरीश शर्मा व मंदिर अधिकारी राकेश कुमार ने की। मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बाल शिक्षा, स्वास्थ्य, संरक्षण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिला स्वास्थ्य, संरक्षण व सशक्तिकरण पर भी विचार साझा किए। विशेष अतिथि मंदिर अधिकारी राकेश कुमार व सीडीपीओ राजेश उपस्थित रहे। जिला समन्वयक मनमोहन चौधरी ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की कार्यप्रणाली समझाई। प्रतिभागियों को बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, बाल शोषण, घरेलू हिंसा, मानसिक प्रताड़ना व बाल अधिकारों से जुड़े नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

## बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश ने छात्रों को दिया सफलता का मंत्र

# अंतिम समय में घबराएं नहीं, रिवीजन और अनुशासन को बनाएं हथियार

◆ परीक्षा में शॉर्टकट नहीं मेहनत दिलाएगी कामयाबी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आगामी परीक्षाओं से पहले बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने छात्रों में जोश भरते हुए उन्हें सफलता का मार्ग दिखाया है। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि ईमानदारी, कड़ा परिश्रम और अनुशासन ही वे स्तंभ हैं, जिनके दम पर छात्र बोर्ड परीक्षाओं में न केवल बेहतर अंक प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि अपने भविष्य की ठोस नींव भी रख सकते हैं।



परीक्षा के अंतिम दिनों की संवेदनशीलता को देखते हुए डॉ. शर्मा ने छात्रों से आग्रह किया है कि वे किसी भी तरह के मानसिक तनाव को खुद पर हावी न होने दें। उन्होंने समय के सदुपयोग पर जोर देते हुए कहा कि यह समय नए विषयों में उलझने के बजाय पुराने पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति और लिखित अभ्यास का है। एक संतुलित जीवनशैली और नियमित दिनचर्या ही छात्र को परीक्षा कक्ष में आत्मविश्वास से भर सकती है।

### नकल के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

**बोर्ड** अध्यक्ष ने छात्रों को नकल जैसी अनुचित प्रवृत्तियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान एक निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बोर्ड का उद्देश्य छात्रों पर दबाव बनाना नहीं, बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक सुरक्षित मंच प्रदान करना है।

### राष्ट्र के भविष्य हैं विद्यार्थी

शिक्षा को भविष्य निर्माण की केंद्रीय धुरी बताते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि छात्रों की सफलता सीधे तौर पर प्रदेश और देश की प्रगति से जुड़ी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखने की प्रेरणा देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अंत में दोहराया कि ईमानदार मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती और इसका मीठा फल छात्र को अवश्य मिलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### कांगड़ा अंचल में भजन मंडली प्रतियोगिता संपन्न



**कपिल वासुदेवा, अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** संभाग उत्तर हिमाचल, भाग कांगड़ा की अंचल भजन मंडली प्रतियोगिता सोमवार को हटवास में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, तीन बार ओंकार, गायत्री मंत्र और हनुमान चालीसा से किया गया। इसमें 5 सत्संग मंडलियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं ने भजन गाकर और पहाड़ी लोक नृत्य प्रस्तुत कर अपने सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विनय चौधरी, विशेष अतिथि पवन चौधरी, रीना और लज्जा देवी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रथम स्थान गग्गल के विद्यालय, गांव मंदल मंडली ने और दूसरे स्थान पर रानीताल संच के गांव समेला की मंडली रही। सभी मंडलियों, समिति और कार्यकर्ताओं को मुख्य अतिथि द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### 50 शिक्षकों ने हासिल किया इंडक्शन प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** डाइट धर्मशाला में किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम के तहत शिक्षकों का इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समग्र शिक्षा के सौजन्य से किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम जिला कांगड़ा के नए शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। समापन अवसर पर डाईट प्राचार्य राकेश शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी मंजू धीमान ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कांगड़ा के 50 शिक्षकों ने इंडक्शन प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें प्रिंसिपल ललित मोहन, राजेश शर्मा, ओंकार सिंह तथा राजिंद्र राणा ने प्रशिक्षण दिया।

### स्वयंसेवियों ने शिव मंदिर में की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। इसके बाद स्वयंसेवियों ने लंज बाजार में शिव मंदिर की सफाई की और साथ ही बाजार में फैले प्लास्टिक कूड़े को एकत्रित किया और सफाई का संदेश दिया। इसके साथ ही मानसिक कार्यशाला में सौरभ कौंडल अधिवक्ता कांगड़ा कोर्ट मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने स्वयंसेवियों को एंटी रैगिंग एक्ट और यूजीसी न्यू रजिस्ट्रेशन की जानकारी दी। संध्या मानसिक कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा व वरिष्ठ आचार्य डॉ बृजेंद्र भूषण उपस्थिति हुए

# बैजनाथ शिवरात्रि लोगों की आस्था का उत्सव : किशोरी

## 15 से 19 फरवरी तक होगा राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन

◆ तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी करेंगे शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

अनंत ज्ञान



विधायक किशोरी की अध्यक्षता में हुई दूसरी समीक्षा बैठक। अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव-2026 के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को एसडीएम कार्यालय परिसर में दूसरी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक किशोरी लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन 15 फरवरी से 19 फरवरी तक जाएगा। इसका शुभारंभ 15 फरवरी को शोभायात्रा के साथ होगा। शुभारंभ में नगर नियोजन, आवास तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। जागरण का भी आयोजन किया जाएगा। विधायक ने महोत्सव के दौरान साफ-सफाई, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, उसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि बैजनाथ शिवरात्रि उत्सव का धार्मिक एवं पौराणिक महत्व अत्यंत प्राचीन है तथा इसका आयोजन जन-सहयोग एवं सहभागिता से ही संभव होता है। बैठक की कार्रवाई का संचालन करते हुए एसडीएम संकल्प गौतम ने जानकारी दी कि महोत्सव के दौरान बेबी शो, डॉग शो, फैशन शो 'मिस धौलाधार', पुरुष एवं महिला वर्ग की कुश्ती, शतरंज प्रतियोगिता, बैडमिंटन, क्रिकेट, वॉलीबाल, कबड्डी टेबल टेनिस सहित महिलाओं के लिए विशेष प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों की ओर से विकासात्मक, जनकल्याणकारी एवं जागरूकता से संबंधित प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी, जिनमें महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

## पालमपुर राज्यस्तरीय होली महोत्सव की तैयारियां तेज, मैदान आवंटन के लिए टेंडर आमंत्रित

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के राज्यस्तरीय होली महोत्सव-2026 की तैयारियां मेला कमेटी ने अब तेज कर दी हैं। महोत्सव के सफल आयोजन के लिए कमेटी की ओर से आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं उपमंडलाधिकारी (नागरिक) पालमपुर द्वारा महोत्सव के दौरान विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए शहीद कैप्टन विक्रम बतरा मैदान के आवंटन के लिए शॉर्ट टेंडर नोटिस जारी कर दिया गया है। इस बार राज्यस्तरीय होली मेला 1 मार्च से 4 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। मैदान के आवंटन के लिए इच्छुक पार्टियों और ठेकेदारों को अपने सीलबंद टेंडर 17 फरवरी को सुबह 11 बजे तक एसडीएम कार्यालय में जमा करने होंगे। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 3 बजे एसडीएम पालमपुर के कक्ष में उपस्थित बोलीदाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा। मेला कमेटी ने स्पष्ट किया कि केवल उन्हीं बोलीदाताओं को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास इस तरह के मेलों या आयोजनों को आयोजित करने का अनुभव है, जिसके लिए उन्हें दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। इच्छुक व्यक्ति टेंडर संबंधी विस्तृत दस्तावेज एसडीएम कार्यालय के कमरा नंबर 221 से 2000 रुपए का भुगतान कर प्राप्त कर सकते हैं। एसडीएम एवं अध्यक्ष राज्य स्तरीय होली मेला कमेटी ने स्पष्ट किया कि कमेटी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी टेंडरों को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है। इसके अलावा टेंडर में सभी आवश्यक शर्तें भी निर्धारित की गई हैं।

## भाजपा सरकार बनने पर ब्लॉक और अस्पताल का दर्जा होगा बहाल : अर्जुन

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** जवाली के पूर्व विधायक अर्जुन सिंह ठाकुर ने नगरोटा सूरियां की कथोली पंचायत में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर जनसभा आयोजित की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव जीतने के लिए टिकट का इंतजार न करें और बूथ स्तर पर आज से ही मेहनत शुरू करें। अर्जुन सिंह ने 1980 से वर्तमान तक हुए चुनावों का जिक्र करते हुए बताया कि 2017 में उन्होंने कांग्रेस दिग्गज चंद्र कुमार को आठ हजार से अधिक मतों से हराया था। उन्होंने 2022 में भी भाजपा के हारने का कारण टिकट आवंटन में त्रुटि बताया। अर्जुन ठाकुर ने पूर्व भाजपा सरकार की ओर से किए गए विकास कार्यों का स्मरण कराया, जैसे जवाली में नया विकास खंड कार्यालय खोलना और नगरोटा सूरियां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चार मंजिला भवन बनाना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें 2027 में विधायक बनने का अवसर मिलता है तो शिफ्ट किए गए विकास खंड कार्यालय को पुनः नगरोटा सूरियां में स्थापित किया जाएगा और स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ाया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने सभा में उनके समर्थन में जोरदार नारेबाजी की।

## सिहोटू के युवक का नागनी क्षेत्र में पेड़ से लटका मिला शव

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अधीन सिहोटू निवासी संदीप पुत्र बनवारी लाल का शव सुकड़नी नागनी क्षेत्र में गोशाला के नजदीक संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है। मृतक दिल्ली के एक होटल में काम करता था। वह रविवार की रात को घर आ रहा था, लेकिन थुरल पहुंचने की सूचना देने के बाद लापता हो गया। सोमवार दोपहर बाद उसका शव एक पेड़ से लटका हुआ मिला है। घटनास्थल पर उसका बैग भी बरामद हुआ। मौके की स्थिति को देखते हुए आत्महत्या की संभावना कम जताई जा रही है और मामले को लूट व हत्या के एंगल से भी जांचा जा रहा है। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू कर दी है। एसपी अशोक रत्न ने पुष्टि की है।

## नड्डी में व्यक्ति ने पेड़ से फंदा लगाकर दी जान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत आते गांव तोतारानी में एक व्यक्ति ने घर के पास पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान रमेश (48) निवासी नरवाणा के रूप में हुई है। पुलिस को सोमवार सुबह विजय कुमार निवासी नड्डी ने सूचना दी कि रिश्ते में उनके साढू रमेश ने घर के पास पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस जांच में पता चला कि रमेश लंबे समय से अपने ससुराल में रहता था और अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए स्थानीय क्षेत्र में दूध बेचने व घरों में पेंट करने का कार्य करता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। उधर, इस बारे में एएसपी कांगड़ा राजेंद्र जसवाल ने बताया कि पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई जारी है।

## शिक्षण कौशल प्रतियोगिता में अमीषा ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में अंतर सूक्ष्म शिक्षण समूह के तहत शिक्षण कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुराग शर्मा, प्रधानाचार्य गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि डॉ. पंकज बलौरिया, उपप्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

महाविद्यालय प्रबंधन से कार्यकारिणी निदेशक डॉ बीएस पठनीय, प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा द्वारा मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 13 सूक्ष्म शिक्षण समूहों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक समूह से एक प्रशिक्षु शिक्षक ने चार्ट एवं मॉडल के माध्यम से निर्णायक मंडल के समक्ष अपनी शिक्षण दक्षता एवं शैक्षणिक कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रशिक्षणार्थियों ने विषय प्रस्तुति, संप्रेषण क्षमता, कक्षा प्रबंधन एवं शिक्षण नवाचार का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्रतियोगिता में सहायक प्रवक्ता अनिल कोरला एवं सहायक प्रवक्ता वितिका महाजन ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई और प्रतिभागियों के प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन किया। अनुराग शर्मा ने कहा कि शिक्षण कौशल प्रतियोगिताएं भावी शिक्षकों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि डॉ. पंकज बलौरिया ने कहा कि शिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षु शिक्षकों को कक्षा शिक्षण की बारीकियों को समझने का अवसर मिलता है, जो भविष्य में उनके शिक्षण जीवन को सुदृढ़ बनाता है। प्रतियोगिता में अमीषा ने प्रथम, रितेश ने दूसरा तथा सुनिधि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## धर्मशाला में ई-रिक्शा शुरू करे सरकार, ट्रैफिक लाइटस की भी हो व्यवस्था

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला शहर के हरेक वार्ड में ई-रिक्शा की सुविधा सरकार शुरू करे। साथ ही शहर के प्रवेश द्वारों पर ट्रैफिक लाइट की भी व्यवस्था की जाए। ई-रिक्शा से जहां शहर के उन वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी, जहां बस सुविधा नहीं है। वहीं, इससे शहरी भी अपनी गाड़ियों का प्रयोग नहीं करेंगे। इसके अलावा ट्रैफिक लाइट व्यवस्था प्रवेश द्वारों में स्थापित होने से पर्यटन नगरी धर्मशाला आने वाले पर्यटकों का भी मार्गदर्शन होगा।

होटल कुनाल में अध्यक्ष आरसी कटोच की अध्यक्षता में हुई जन चेतना धर्मशाला की बैठक में उपरोक्त मांगों को उठाए जाने के अलावा गूगल मैप में गगल से लेकर सदर थाना के बाद गुरुद्वारा रोड में पर्यटक भटकते हैं। इससे ट्रैफिक जाम की भी समस्या उत्पन्न होती है। इस सुविधा को भी ठीक कराया जाए। जन चेतना पदाधिकारियों ने धर्मशाला में इंडियन इंस्टीटयूट आफ मैनेजमेंट यानी आइआइएम की धर्मशाला में स्थापना करने की मांग को उठाया है। साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालय के उत्तरी कैंपस के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो, इसके लिए प्रदेश सरकार से जमा होने वाली धनराशि को जल्द जमा कराए जाने की मांग को दोहराया है। इस दौरान जन चेतना के पदाधिकरियों में प्रदीप चौधरी, विजय जयकारिया और अन्य मौजूद रहे।

# जिले में एलपीजी सिलेंडर के लिए वितरण रोस्टर चार्ट जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग जिला कांगड़ा द्वारा जिले में एलपीजी सिलेंडर की सुचारु एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एलपीजी सिलेंडर के लिए वितरण रोस्टर/रूट चार्ट जारी किया है। यह रोस्टर जिले में कार्यरत गैस एजेंसियों एवं ग्रामीण वितरकों के संदर्भ में जिला दण्डाधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला द्वारा अनुमोदित किया गया है। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोतम सिंह पंवार ने बताया कि अनिल गैस सर्विस धर्मशाला से 94181 21403, एचपीएसीएसी गैस एजेंसी नगरोटा बगवां से 9459061896, सुविधा गैस सर्विस जवाली से 9816571525, शहीद अशोक कुमार गैस सर्विस फतेहपुर से 9805916206, मां सुकराला भारत गैस एजेंसी नगरोटा सूरियां से 9816484800, एचपीएसीएसी गैस एजेंसी सजानपुर 01972-272245, एचपीएसीएसी गैस एजेंसी घुघर 9816280634, रविंद्र एचपी गैस भवारना 9816311112, ज्वालाजी गैस सर्विस खुडियां 889442068, आरके गैस एजेंसी परागपुर 9418611622, साहिब गैस सर्विस रानीताल से 9711366531, शहीद योगिंद्र सिहं गैस सर्विस ज्वालामुखी से 9459645222, मेजर सुधीर वालिया इंडिन गैस सर्विस लंबागांव से 8894097195, एचपीएसीएसी गैस एजेंसी नूरपुर से 01893220215, वैषनू इंडिन ग्रामीण वितरक सुल्याली से 9816519421 पर संपर्क किया जा सकता है। अनूज इंडिन ग्रामीण वितरक बदुही से 8148300006, शिव इंडिन गैस एजेंसी गंगथ से 8894910228, टीएडब्लूएस इंडिन गैस मैक्लोडगंज से 7018768886, एचपीएसीएसी गैस एजेंसी शीला चौक धर्मशाला से 9816421580, धर्मशाला गैस सर्विस कोतवाली 8219494515, एचपीएसीएसी गैस एजेंसी बैजनाथ 9882940061, शुभम इंडिन ग्रामीण वितरक धानग 9459278000, कपूर इण्डिन ग्रामीण वितरक अबैरी 8679983598, कैप्टन सौरव कालिया गैस सर्विस पंचरुखी 8091335209, बैजनाथ 9418220214, जयंती गैस सर्विस कांगड़ा 9418030388, आकाश गैस सर्विस देहरा 9418156224, बड़ूखर इंडिन गैस एजेंसी इंदौरा 9816598222, पालम गैस सर्विस पालमपुर 9816031199, शहीद दिनेश गैस एजेंसी कांगडा 9418705298, एचपीएसीएसी गैस एजेंसी इंदौरा डमटाल 9805059336, उमेश गैस सर्विस डरोह 9816175506, वर्मा एचपी गैस एजेंसी कोटला 9816221129, एचपीएसीएसी गैस एजेंसी शाहपुर द्रह्म 884701904 संपर्क कर सकते हैं।

# डेढ़ दशक बाद पौंग में दिखी टैग लगी प्रवासी चिड़िया

◆ वर्ष 2011 में पौंग बांध में पक्षी को किया गया था रिंग

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** पौंग डैम क्षेत्र में हाल ही में देखी गई एक प्रवासी चिड़िया, जिसके गले में पहचान के लिए टैग लगी हुई थी, के संबंध में वैज्ञानिक पुष्टि प्राप्त हुई है कि इस पक्षी को मार्च 2011 में पौंग डैम झील में ही रिंग किया गया था।

डिप्टी कन्सरवेटर ऑफ फोरेस्ट रेजिओल्ड रॉयस्टन ने बताया कि भारत की प्रतिष्ठित संस्था बाम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के वेटलैंड्स प्रोग्राम की वैज्ञानिकों द्वारा सांझा की गई जानकारी में बताया गया है कि संबंधित प्रवासी पक्षी इतने लंबे अंतराल के बाद भी उसी शीतकालीन प्रवास स्थल पौंग डैम झील पर पुन: लौटा है, जोकि पक्षी विज्ञान के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रवासी पक्षियों में किसी निश्चित स्थल पर बार-बार लौटने की प्रवृत्ति को साइट फिडेल्टी कहा जाता है। 15 वर्षों के बाद भी उसी स्थल पर लौटना यह दर्शाता है कि पौंग डैम झील की पारिस्थितिकी, भोजन की उपलब्धता, जल स्तर और सुरक्षा की स्थिति अब भी अनुकूल बनी हुई है। यह दीर्घकालिक संरक्षण प्रयासों की सफलता का जीवंत प्रमाण है। रिंगिंग या टैगिंग की प्रक्रिया वैज्ञानिकों को पक्षियों की आयु, प्रवास मार्ग, व्यवहार, स्वास्थ्य और जीवनकाल से संबंधित अमूल्य जानकारी प्रदान करती है। टैग लगी चिड़िया को देखकर उसका रिकॉर्ड साझा करना वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। पौंग डैम झील में 11 साल बाद टैग की गई प्रवासी चिड़िया की पुन: वापसी केवल एक प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि यह हिमाचल प्रदेश में वेटलैंड संरक्षण, जैव विविधता सुरक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान की एक बड़ी सफलता है। यह उपलब्धि भविष्य की पीढियों के लिए प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने की दिशा में एक मजबूत संदेश देती है। डिप्टी कन्सरवेटर ऑफ फॉरेस्ट रेजिओल्ड रॉयस्टन बताते हैं कि विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, झील में 220 से अधिक प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं, जिनमें 100 से 120 प्रजातियों के प्रवासी पक्षी तथा 90 से अधिक स्थानीय रेजिडेंट प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। अच्छे वर्षों में शीतकालीन प्रवासी पक्षियों की संख्या 1.2 लाख से 1.5 लाख तक रहती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की गणना में कुल 1,24,344 जल-आश्रित पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की गई है।

## स्टार्टअप, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में दूरदर्शी और संतुलित बजट : संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने बजट 2026-27 के संदर्भ में एक युवा सम्मेलन नूरपुर के वैष्णो शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को युवाओं, उद्यमिता, रोजगार सृजन और समावेशी विकास की दिशा में एक दूरदर्शी और संतुलित बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला है, जिसमें युवाओं को नई संभावनाओं, कौशल विकास और नवाचार के लिए विशेष अवसर प्रदान किए गए हैं। युवाओं और रोजगार पर विशेष फोकस संजय शर्मा ने कहा कि बजट में स्किल डेवलपमेंट, डिजिटल इकोनॉमी, स्टार्टअप्स और नई तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रावधान युवाओं के लिए नए रोजगार के द्वार खोलेंगे। सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मजबूत किया गया है। शर्मा ने कहा कि स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए बजट में घोषित योजनाएं युवाओं के नवाचार को गति देंगी और भारत को वैश्विक स्टार्टअप हब बनाने में मदद करेंगी। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और नई टेक्नोलॉजी में निवेश से युवा उद्यमियों को नई संभावनाएं मिलेंगी। इस अवसर पर नूरपुर जिला एवं भाजपा के अध्यक्ष राजेश काका, युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव शाश्वत कपूर जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष सभ्य लाहोटीया वअन्य पदाधिकारी मौजूद थे ।

# देवेंद्र जग्गी ने सकोह में आइस व रोलर स्केटिंग रिंक निर्माण का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी ने सकोह क्षेत्र में प्रस्तावित आइस स्केटिंग एवं रोलर स्केटिंग रिंक परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना लगभग 33 करोड़ रुपए की लागत से विकसित की जा रही है, जो धर्मशाला के खेल, पर्यटन और आधारभूत ढांचे को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक अहम कदम है।



ज्ञापन सौंपते प्रभावित। अनंत ज्ञान

जग्गी ने बताया कि परियोजना के तहत आइस स्केटिंग के साथ-साथ रोलर स्केटिंग के लिए भी विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी। परियोजना के साथ ही लगभग 150 गाड़ियों की पार्किंग सुविधा भी विकसित की जा रही है, जिससे आयोजनों और पर्यटक आवागमन के दौरान ट्रैफिक प्रबंधन सुचारु रहेगा। यह सुविधा दर्शकों और पर्यटकों के लिए अतिरिक्त सहूलियत प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इस रिंक के निर्माण से पर्यटन को उल्लेखनीय बढ़ावा मिलेगा। धर्मशाला अपनी प्राकृतिक सुंदरता, खेल संस्कृति और साहसिक गतिविधियों के लिए पहले से ही प्रसिद्ध है, ऐसे में यह परियोजना शहर को स्पोर्ट्स टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे और होटल, परिवहन व अन्य सेवा क्षेत्रों को गति मिलेगी। धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर का कन्वेंशन सेंटर भी विकसित किया जा रहा है। यह कन्वेंशन सेंटर वैश्विक सम्मेलनों, सांस्कृतिक आयोजनों और व्यावसायिक बैठकों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे धर्मशाला की अंतरराष्ट्रीय पहचान और मजबूत होगी। जग्गी ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# 30 साल में कोर्ट के आदेशों को लागू नहीं करवा पाया राजस्व विभाग

## राष्ट्रीय मानवाधिकार, राज्य मानवाधिकार आयोग, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव को लिखा पत्र

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** कागज तो सही है, पर फाइल अभी 'टेक्निकल एरर' में फंसी है। यही जुमला राजस्व विभाग हमीरपुर पर बिल्कुल सही बैठता है। जहां राजस्व विभाग कोर्ट के फैसले को लागू करने में नाकाम रहा है। वहीं, बार-बार ओपिनियन को लेकर फाइलें ऊपर भेजी जा रही हैं। यह ओपिनियन की फाइल एक बार नहीं दो बार ओपिनियन को भेजी जा चुकी हैं, लेकिन मामला वहीं अटका हुआ है।

जाहिर सी बात है कि कोई तहसीलदार और कानूनगो इस कोर्ट के फैसले को लागू करवाने में असमर्थ दिख रहा है। यह मामला शहर के साथ लगती ग्राम पंचायत अणु के अणु खुर्द गांव का है। गांव के निवासी राज कुमार मिन्हास ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, उपायुक्त हमीरपुर व हिमाचल प्रदेश राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को शिकायत प्रेषित की, लेकिन वहीं ढाक के तीन पात।

### उपायुक्त के आदेशों पर भी अमल नहीं

उन्होंने बताया कि इस मामले को उपायुक्त के पास भी उठाया था, जिस पर उपायुक्त ने राजस्व विभाग को शीघ्र कार्रवाई करने के आदेश जारी किए थे। उपायुक्त के आदेशों के बावजूद भी राजस्व विभाग इस पर अमल नहीं कर रहा है। उन्होंने बताया कि वे एक बार नहीं कई बार कोर्ट के आदेशों को अमलीजामा पहचाने के लिए कई बार उपायुक्त कार्यालय से लेकर तहसीलदार कार्यालय में बार-बार लिखित गुहार लगा चुका है, लेकिन निचले स्तर के अधिकारी हैं जो इस पीड़ित परिवार को राहत देने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। डीसी के पास मामला उठाने के बाद 16 अप्रैल 2024 को राजस्व विभाग ने तहसीलदार को कोर्ट के आदेशों को अमल करने के आदेश दिए, यही नहीं 11 नवंबर 2025 को राजस्व अधिकारी ने फिर से तहसीलदार को इस संबंध में आदेश दिए, जबकि राजस्व विभाग के अतिरिक्ति मुख्य सचिव ने भी उपायुक्त हमीरपुर को निर्देश दिए कि इस समस्या का समाधान किया जाए, इसे ई-समाधान पोर्टल पर अपलोड किया जाए। जब आदेश की लागू नहीं हुए तो पोर्टल पर क्या अपलोड होंगे। गौर रहे कि 4 फरवरी 2002 से लेकर वर्तमान समय तक दलीले चलती आ रही है, लेकिन न तो जमीन मिली और न ही कोई ततीमा काटा गया। और पिछले 30 साल से मैं और मेरा परिवार अपनी जमीन का हक पाने के लिए अदालतों के चक्कर लगा चुका है। उन्होंने बताया कि इस उन्होंने यह मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार और राज्य मानवाधिकार को भेज दिया है।

**राजकुमार** मिन्हास ने बताया कि मेरी माता इसी परेशानी के चलते स्वर्ग सिधार गई।

राज कुमार मिन्हास ने बताया कि वर्ष 1995 में उनके परिवार के नाम भूमि की गई थी, वह कागजों में तो पूरी थी, लेकिन पैमाइश में कम थी। माननीय न्यायालय में केस चला और वर्ष 2002 में जमीन पूरी करने के आदेश राजस्व विभाग को जारी किए गए।

इन आदेशों के तहत मेरी भूमि एक कनाल 17 मरला जिस रकबा नंबर 280 से देने को कहा गया है, वह नहीं दी जा रही है। इसी जमीन को लेने के लिए वे 30 वर्षों से न्यायालयों में लड़ाई लड़ चुके हैं और इसका निर्णय भी उनके पक्ष में आया है। सभी न्यायालयों में अपील करने के बाद माननीय न्यायालय हमीरपुर से जो निर्णय था, वहीं यथावत रहा।

उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली से तंग आकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, मुख्यमंत्री और राजस्व विभाग के मुख्य सचिव को भी इस संबंध में पत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि मेरी माता स्व रोशनी देवी तथा हमने वरिष्ठ वकील द्वारा तहसीलदार हमीरपुर को मार्च 2023 में माननीय कोर्ट के आदेशों को अमलीजामा पहनाने के लिए तथा इन आदेशों की अनुपालना करने के लिए सभी दस्तावेजों के प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन आज दिन तक राजस्व विभाग इन आदेशों को लागू करवाने में नाकाम रहा।

> **फाइल** को ओपिनियन के लिए भेज दिया है। इसमें और भी पार्टियां, जिनसे जमीन ली जानी है। तीन चार आपतियां रह गई हैं, उन्हें दूर करने के बाद ही ततीमा काटा जाएगा।
> **-अमन धीमान, कानूनगो, पटवार सर्किल अणु।**

## न्यूज ब्रीफ

### कलश यात्रा से राम चरित मानस कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नदौन के पंचायत फस्टे में ब्यास नदी के किनारे स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिल्ल कलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में कलश यात्रा निकालकर नौ दिवसीय राम चरित मानस कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में काफी संख्या में मातृ शक्ति ने भाग लिया। प्रथम दिन कथा वाचक पंकज शर्मा ने बताया कि रामायण का वर्णन गोस्वामी तुलसी दास ने बहुत ही सरल शब्दों में किया है। इसे सात कांडो में वर्णित किया है, जिसमें प्रथम कांड में प्रभु श्रीराम के बाल्यकाल का वर्णन है।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ की जिला इकाई ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ जिला इकाई की बैठक सोमवार को पेंशनर भवन हमीरपुर में जिला प्रधान देव राज पटियाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन महासचिव तोता राम जंजुआ ने किया। बैठक में संघ संस्थापक स्व. बीडी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। बैठक में प्रदेश व जिला स्तर के कई पदाधिकारी और पेंशनर्स उपस्थित रहे। अंत में संघ की मजबूती और पेंशनरों की सेवा के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प लेकर बैठक स्थगित की गई।

### एनसीसी कैडेट रुचि ठाकुर का जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राष्ट्रीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में एनसीसी कैडेट रुचि ठाकुर के गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ परेड में भाग लेने और 29 दिवसीय राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कैडेट को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने इसे महाविद्यालय व क्षेत्र के लिए गौरव बताया। उप प्रधानाचार्य डॉ. जितेंद्र ठाकुर व एएनओ लेफ्टिनेंट राजेश खरवाल ने भी सराहना की। शिक्षकों व परिजनों की उपस्थिति में समारोह राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

### सनातन सेवा समिति ने उठाया पढ़ाई का जिम्मा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़सर में पढ़ रहे दीक्षा पुत्री विजय कुमार और शुभकरण पुत्र विनोद कुमार की वार्षिक स्कूल फीस का जिम्मा सनातन सेवा समिति बड़सर ने उठाया है। दीक्षा बाहरवीं कक्षा में और शुभकरण दसवीं कक्षा में पढ़ रहे हैं। समिति ने बच्चों को आश्वस्त किया कि उनका शिक्षा खर्च वहन किया जाएगा, ताकि वे पढ़ाई जारी रखते हुए देश और समाज के लिए योगदान दें। समिति अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बच्चों को अनुशासन, मेहनत और समर्पण के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस पहल से बच्चों को आर्थिक सहयोग के साथ पढ़ाई और समाज सेवा का महत्त्व भी समझ में आया।

### बड़सर में पशु मित्र भर्ती का ग्राउंड टेस्ट 12 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल बड़सर के विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थानों के लिए भर्ती होने वाले पशु मित्रों का ग्राउंड टेस्ट 12 फरवरी को सुबह 10 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़सर के मैदान में आयोजित होगा। सभी आवेदकों का शारीरिक परीक्षण किया जाएगा। उपनिदेशक डॉ. सतीश कपूर ने कहा कि उम्मीदवार सुबह 9.30 बजे तक परीक्षा स्थल पर पहुंचे और अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, मूल आधार कार्ड तथा उसकी फोटोकॉपी लाएं। अधिक जानकारी के लिए उपमंडलीय पशु चिकित्सालय बड़सर से संपर्क किया जा सकता है।

### मास्टर जिलास्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप 22 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले की मास्टर जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप 22 फरवरी को अणु साई बैडमिंटन हॉल में सुबह 10 बजे होगी। प्रतियोगिता 35 प्लस से 75+ आयु वर्ग में एकल, युगल और मिश्रित श्रेणी में आयोजित होगी। चुने हुए खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कुल्लू में भाग लेंगे। सभी प्रतिभागियों के लिए आयु प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ी अपनी एंट्री सुनिश्चित करें।

### विद्यार्थियों को समझाई कचरा प्रबंधन की विधि

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नगर परिषद नादौन और टीडब्ल्यूएचएस एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में केंद्रीय विद्यालय एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूल नादौन में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक उपयोग कम करने, कम्पोस्टिंग, डस्टबिन उपयोग और स्वच्छ शौचालय की सही विधि के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को स्वच्छ आदतें अपनाकर नादौन को मॉडल स्वच्छ शहर बनाने का संदेश दिया गया।

अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

# बजट में सामाजिक न्याय को मजबूती के लिए वित्तीय प्रावधान : आशीष

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला कार्यकारिणी बैठक गसोता महादेव मंदिर परिसर में जिला अध्यक्ष राजकुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशीष शर्मा और विशेष अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता एवं संसदीय क्षेत्र प्रभारी अभिषेक इंदौरिया, जिला महामंत्री राजेश सहगल, जिला प्रवक्ता मदन लाल और जिला महामंत्री राकेश कुमार भी मौजूद रहे। बैठक में सरकारी नीतियों और बजट 2026-27 के लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि इस बजट में सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक वित्तीय प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत लगभग 6,360 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा एससी/एसटी, ओबीसी समुदायों के समग्र विकास के लिए शिक्षा, कौशल विकास और आजीविका योजनाओं में बड़े पैमाने पर धनराशि आवंटित की गई है। राकेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया और समुदाय को केवल वोट बैंक माना, जबकि भाजपा ने उन्हें अधिकार, सम्मान और अवसर प्रदान किए।

# राजेंद्र राणा कर रहे अपनी राजनीतिक जमीन बचाने का प्रयास : विवेक कटोच

**अनंत ज्ञान, नादौन।** कांग्रेस नेता विवेक कटोच ने सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा द्वारा आयोजित 'सैन्य दिवस' कार्यक्रम को राजनीतिक स्वार्थ और अवसरवादिता का ढोंग बताया। कटोच ने कहा कि राणा सैन्य सम्मान की आड़ में अपने स्वार्थपूर्ण राजनीतिक इतिहास को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने महाराणा प्रताप वंशज लक्ष्यराज सिंह को चेतावनी दी कि ऐसे व्यक्ति के साथ मंच साझा करने से पहले उनके इतिहास पर नजर डालनी चाहिए। राणा ने अपने राजनीतिक गुरुओं और जनता के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने राज्यपाल से भी आग्रह किया कि वे ऐसे आयोजनों से दूरी बनाए रखें। कटोच ने यह भी कहा कि आयोजन करने वाली संस्था के धन स्रोत संदिग्ध हैं और कार्यक्रम केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए उपयोग किया जा रहा है।

# आस्था हॉस्पिटल के चिकित्सा शिविर में 160 लोगों ने करवाई जांच



निशुल्क चिकित्सा शिविर में जांच करने वाले डॉक्टर और अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** आस्था हॉस्पिटल हमीरपुर की ओर से सजाओ पीपलू तहसील धर्मपुर जिला मंडी स्थित अंबेडकर भवन में नि:शुल्क मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. दिनेश ठाकुर (ऑर्थो सर्जन) एवं डॉ. प्रिया ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में लगभग 160 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में प्रवीण उपाध्याय, रंजीत सिंह, जगरनाथ, चंद्रकांत राणा, कर्म सिंह ठाकुर, अजय ठाकुर, चमन ठाकुर आदि प्रबुद्ध व्यक्तियों ने भाग लिया और इस जनहितकारी कार्य की सराहना की।

# विधायक सुरेश ने धमरोला में किया संपर्क मार्ग का भूमिपूजन

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** विधायक सुरेश कुमार ने सोमवार को खरवाड़ पंचायत के धमरोला गांव में 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान गांव के संपर्क मार्ग के कार्य का भूमि पूजन किया और स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि गांव के संपर्क मार्ग के लिए विधायक क्षेत्र विकास निधि से पहली किस्त के रूप में 7 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है और इस सड़क पर जितनी भी धनराशि खर्च होगी, उसका प्रावधान चरणबद्ध ढंग से कर दिया जाएगा।

बजट की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने गांव में पुलिया के निर्माण के लिए तीन लाख रुपए और मोक्षधाम शेड के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि जख्योल गांव (मंझला वास) की सड़क के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दस लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। मोक्षधाम के लिए डेढ़ लाख रुपए, रमेहड़ा गांव में बनाए गए पेयजल के ओवर हेडटैंक के लिए एक माह के भीतर पाइपलाइन बिछाने और गांव लोहारवीं की सड़क को पक्का करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विस क्षेत्र पूरे प्रदेश में एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। इस अवसर पर लोगों की समस्याओं और विभिन्न मांगों को सुना। उन्होंने समस्याओं के निवारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय बन्याल, महिला कांग्रेस की सुशीला शर्मा, ग्राम पंचायत खरवाड़ की निवर्तमान प्रधान भागां देवी, पंचायत सदस्य राम प्यारी देवी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।



संपर्क मार्ग का भूमिपूजन करते विधायक सुरेश कुमार। अनंत ज्ञान

# डिप्टी डायरेक्टर शिक्षा एकत्रीकरण की फाइल ठंडा बस्ते में क्यों?

## करोड़ों की बचत होगी सालाना; जिलों में तीन-तीन डिप्टी डायरेक्टर, फिजूलखर्ची पर ऐसे कैसे होगा कंट्रोल?

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सूबे के शिक्षा विभाग में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों के एकत्रीकरण की फाइल ठंडे बस्ते में क्यों है? सरकार एक तरफ तो आर्थिक संकट से मुकम्मल तौर पर जिन परिस्थितियों से गिर गई है, उसी में शिक्षा विभाग में 24 डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों को खत्म करके समायोजित करने की जो मुहिम चली थी, उसकी फिलहाल हवा क्यों निकल गई है।

सूत्रों के मुताबिक, इससे संबंधित प्रस्ताव की फाइल सचिवालय स्तर पर पेंडिंग है, जबकि सरकार ने उच्चतर शिक्षा और सेकेंडरी निदेशालयों पर अलग तरह से काम करके इन पर अमल भी कर दिया है। हिमाचल में सरकार की वित्तीय स्थिति अब सबके सामने खुलकर आ चुकी है। सरकार के मुखिया और वित्त विभाग के लोग अपने-अपने हिसाब से इसकी चर्चा भी कर रहे हैं। लोगों को तैयार रहने के लिए भी सचेत कर रहे हैं। लेकिन असल बात तो यह है कि जहां-जहां इसमें सुधार हो सकता था, उस पर अभी भी लेट लतीफी जारी है।

### शिक्षा विभाग में निदेशालय और कार्यालयों के एकत्रीकरण से होगी करोड़ों की बचत

**शिक्षा** विभाग में दो निदेशालय बनाकर जिलों में भी वैसी ही व्यवस्था करने के लिए काम होना था, लेकिन उस फाइल को अभी भी सिरे नहीं चढ़ाया गया है। जिलों में इस समय तीन-तीन डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय मौजूद हैं। इनमें प्रारंभिक, हायर और इंस्पेक्शन विंग के नाम पर अलग से कार्यालय मौजूद हैं। इन सभी में स्टाफ भी है। इनके पास गाड़ियां भी हैं। कुल मिलाकर इनका आंकड़ा 36 बनता है। अब यदि इनका एकत्रीकरण हो जाए, तो 24 कार्यालय निरस्त हो जाएंगे। इतनी गाड़ियां भी बंद हो जाएंगी। इन पर हर साल लाखों का खर्च हो रहा है और यदि कुल मिलाकर इन सभी कार्यालयों का आर्थिक रूप से आंकलन किया जाए, तो करोड़ों रुपए सरकार बचा सकती है, क्योंकि जिलों की स्थिति में इन तीनों कार्यालयों के अभी भी बने रहने से ऊहापोह की स्थिति बरकरार है।

### होना क्या है?

इनके एकत्रीकरण से हर एक जिला में अकादमी और प्रशासनिक दो तरह के डिप्टी डायरेक्टर होंगे, लेकिन एक ही जगह बैठेंगे। इंस्पेक्शन बिग बंद होगा, उसका कामकाज भी इन्हीं अकैडमिक और प्रशासनिक में बांटा जाएगा। बिजली टेलीफोन पत्राचार गाड़ियों सहित कई तरह के खर्च का समायोजन हो जाएगा, लेकिन इस पर सरकार को तत्काल प्रभाव से काम करना चाहिए।

### फाइल वित्त सचिव के पास पेंडिंग

**सूत्रों** के मुताबिक संबंधित फाइल सचिवालय में वित्त सचिव के कार्यालय में पेंडिंग है, इस पर अंतिम मोहर क्यों नहीं लग रही, क्योंकि नई रिक्रूटमेंट बंद करने की सलाह, पेंशन रोकने और नई भर्ती नहीं करने जैसे सुझाव तो वित्त विभाग दे रहा है, लेकिन इस तरह के सुझावों पर जो फाइल उनके पास मौजूद है, उस पर भी तो काम होना चाहिए। आम जनता की सभी सुख सुविधाओं से जुड़ी हुई कटौतियों पर तो सारी जानकारी दी जा रही है, लेकिन जहां पर मशक्कत करने की जरूरत खुद को है, उस पर चुप्पी क्यों?

# केंद्र सरकार कर रही हिमाचल के हितों से खिलवाड़ : रूबल

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** केंद्र सरकार की ओर से वित्त आयोग के तहत हिमाचल प्रदेश को दी जाने वाली आरडीजी को बंद करना प्रदेश के साथ सोचा-समझा और खुला विश्वासघात किया है। इस फैसले से राज्य को मिलने वाले लगभग 37,000 करोड़ रुपए अब नहीं मिलेंगे, जो सीधे-सीधे हिमाचल की जनता के हक पर डाका डालने जैसा है। बड़सर के युवा नेता रूबल सिंह ठाकुर ने इस निर्णय पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि उसे पहाड़ी राज्यों, खासकर हिमाचल की जनता की समस्याओं और जरूरतों से कोई सरोकार नहीं है।



◆ **आरडीजी बंद करने से प्रदेश को करोड़ों का नुकसान जनता नहीं करेगी माफ**

प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे, सीमित संसाधनों वाले हिमाचल से आर्थिक सहायता छीनना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आरडीजी कोई भीख नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश का संवैधानिक अधिकार है। इस राशि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, जल आपूर्ति और रोजगार जैसे मूलभूत विकास कार्यों के लिए किया जाना था, लेकिन केंद्र सरकार ने इस अनुदान को बंद कर प्रदेश के विकास को जानबूझकर पीछे धकेलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार बनी है, तब केंद्र की तानाशाही सरकार हिमाचल के लोगों को दबाने में लगी है। हिमाचल से भाजपा के सात सांसद हैं, लेकिन किसी ने भी इस तानाशाही फैसले के विरोध में कोई शब्द नहीं बोला, जिससे साफ जाहिर होता है कि इन्हें हिमाचल के लोगों से कोई सरोकार नहीं है। यदि केंद्र सरकार ने जल्द ही अपने इस फैसले को वापस नहीं लिया, तो प्रदेशभर में जन आंदोलन छेड़ा जाएगा और सड़कों से लेकर संसद तक हिमाचल का हक मांगा जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से मांग की कि वह तुरंत आरडीजी को बहाल करे और हिमाचल प्रदेश को उसके वैध अधिकार दिलाए। साथ ही उन्होंने प्रदेश की जनता, युवाओं और सामाजिक संगठनों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर इस हिमाचल विरोधी फैसले के खिलाफ आवाज बुलंद करें।

# विधायक निधि पर रोक लगाना मुख्यमंत्री की तानाशाही : लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने प्रदेश सरकार द्वारा विधायक निधि पर रोक के फैसले को जनता के साथ विश्वासघात बताते हुए मुख्यमंत्री पर तीखा हमला बोला। लखनपाल ने कहा कि विधायक निधि किसी राजनीतिक अनुदान नहीं, बल्कि गांवों में सड़क, पेयजल, स्कूल सुविधाएं, स्वास्थ्य केंद्र और सामाजिक विकास कार्यों की जीवनरेखा है। निधि पर रोक सीधे गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के अधिकारों पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आर्थिक तंगी का बहाना बनाकर जनता और विकास कार्यों पर बोझ डाल रही है, जबकि अनावश्यक नियुक्तियों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लखनपाल ने चेतावनी दी कि यदि निधि बहाल नहीं की गई, तो भाजपा प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी और सड़क से लेकर विधानसभा तक सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी। उन्होंने कहा कि बड़सर विधानसभा की जनता के सम्मान, विकास और अधिकारों से समझौता नहीं किया जाएगा और सत्ता के अहंकार में लिया गया हर फैसला अंतत: जनता की अदालत में परखा जाएगा।

# विधायक रणजीत ने सुजानपुर में किया विकास कार्यों का निरीक्षण


विकास कार्यों का निरीक्षण करते विधायक रणजीत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा ने सोमवार को सुजानपुर बाजार पहुंचकर शहर में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। सुजानपुर के सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। विभिन्न अटियालों का मरम्मत की जा रही है, जबकि चौगान के चारों ओर बिजली के नए पोल लगाए जा रहे हैं। अब राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला नजदीक है, इसलिए सुजानपुर प्रशासन शहर की सुंदरता को बढ़ाने में कार्य कर रहा है।

विधायक ने कहा कि सुजानपुर का विकास करवाना उनकी पहली प्राथमिकता है। सुजानपुर शहर एक पौराणिक और ऐतिहासिक शहर है। ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखे जाने का कार्य किया गया है, जबकि नए विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

### होली उत्सव सुजानपुर के लिए प्लाट आवंटन के टेंडर रद्द

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर के लिए प्लाट आवंटन, पार्किंग, टेंट शामियाना, स्टाल और अन्य व्यवस्थाओं के लिए 5 फरवरी को आमंत्रित टेंडर रद्द कर दिए गए हैं। एसडीएम सुजानपुर विकास शुक्ला ने बताया कि कुछ आवश्यक संशोधनों के बाद ये टेंडर दोबारा आमंत्रित किए जाएंगे।

**बैठक** आर्थिकी एवं सांख्यिकी विभाग की कार्यशाला में अधिकारियों से की अपील

# डाटा एकत्रीकरण में गुणवत्ता का रखें ध्यान: डीसी

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** डीसी गंधर्वा राठौड़ ने सभी अधिकारियों से अपील की कि वे फील्ड में किसी भी तरह का डाटा एकत्रित करते समय इसकी सटीकता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि सभी तरह की योजनाएं हमेशा फील्ड के डाटा के आधार पर ही तैयार की जाती हैं और अगर डाटा सटीक होगा तो उससे संबंधित योजना तैयार करने में आसानी होगी। योजना का क्रियान्वयन भी बेहतर एवं प्रभावी ढंग से संभव होगा।

यह बात डीसी ने हमीर भवन में आर्थिकी एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में डाटा एकत्रीकरण की प्रक्रिया में सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या, आर्थिक सर्वेक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, रोजगार, उद्यमिता, कृषि, पशुपालन और विकास के अन्य महत्वपूर्ण मानकों से संबंधित डाटा विभिन्न विभागों के माध्यम से नियमित रूप से एकत्रित किया जाता है तथा उसके आधार पर ही सरकार योजनाएं बनाती हैं। इसी डाटा के आधार पर देश, प्रदेश और जिले की परफॉर्मेंस का पता चलता है। जिला सुशासन सूचकांक में भी इसी डाटा के आधार पर रैंकिंग की जाती है। उपायुक्त ने सभी विभागों के जिला प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यालयों में डाटा एकत्रीकरण के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें और अपने डाटा को हर समय अपडेट रखें। जिला सांख्यिकीय अधिकारी अशोक कुमार ने डाटा एकत्रीकरण की प्रक्रिया एवं डाटा के महत्व के बारे में जानकारी दी।

सांख्यिकीय सहायक जीवन कुमार ने डाटा एकत्रीकरण में आने वाली विभिन्न समस्याओं और इसकी गुणवत्ता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं तथा जिला सुशासन सूचकांक के मानकों से अवगत करवाया।


हमीर भवन में आर्थिकी एवं सांख्यिकी विभाग की बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

### जिले में 1,10,309 बच्चों को खिलाई जाएगी कृमिनाशक दवा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत इस माह के अंतिम सप्ताह में जिला हमीरपुर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और शिक्षण संस्थानों में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों, किशोरों और नवयुवाओं को कृमि नाशक दवाई एल्बेंडाजोल दी जाएगी। एक से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक भी दी जाएगी। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों में कृमि और एनीमिया जैसी बीमारियों से बचाव की महत्ता बताई। जिले में 1,10,309 बच्चों को दवाई दी जाएगी।

# दरोगण गांव में पुली निर्माण से ग्रामीणों को मिली राहत


जनता ने पूर्व विधायक राजेंद्र राणा का जताया आभार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** नेशनल हाईवे नंबर-3 पर दरोगण गांव में पुली का निर्माण होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों की मांग और सतत प्रयासों के बाद निर्माण कंपनी ने यहां नई पुली का निर्माण कर दिया है।

गौरतलब है कि दरोगण गांव के खेतों में बरसाती पानी भरने और भूमि कटाव की समस्या को लेकर ग्रामीण लंबे समय से आंदोलनरत थे। बरसात के दिनों में हाईवे निर्माण के कारण सड़क के एक तरफ पानी झील का रूप ले लेता था, जिससे खेतों को भारी नुकसान हो रहा था। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के साथ-साथ पूर्व विधायक राजेंद्र राणा से भी मुलाकात की थी। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और निर्माण कंपनी ने मिलकर दरोगण के पास नई पुली तैयार कर दी। हाईवे इंजीनियर अंकित सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे नंबर-3 पर दरोगण के समीप नई पुली का निर्माण कर सड़क को पक्का कर दिया गया है। नई पुली के निर्माण से खुश दरोगणवासियों ने पूर्व विधायक राजेंद्र राणा का आभार व्यक्त किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क परियोजनाओं व जनहित मुद्दों पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा प्रोग्रेसिव काउंसिल की मासिक बैठक सोमवार को लक्ष्मण क्लब में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ईसीपी सहगल ने की। सदस्यों ने शहर में बढ़ते अतिक्रमण पर गहरी चिंता व्यक्त की और प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की। पूर्व विधायक पवन नैयर ने बैंडिंग जोन पर लगे स्टे को लेकर चिंता जताई। काउंसिल ने राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन द्वारा पठानकोट-चंबा-पांगी-लेह सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की पहल की सराहना की, जिससे पर्यटन, सुरक्षा और पांगी क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी। साथ ही लंबित पासपोर्ट कार्यालय खोलने और चंबा-खजियार सड़क पर क्रैश बैरियर लगाने की मांग भी दोहराई गई। बैठक में मेजर श्रीचंद नैयर, विश्वामित्र महाजन, खुशाल बख्शी, डॉ. डीके सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### पुलिस ने तीन अपराधों में दर्ज किए अभियोग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा द्वारा कानून-व्यवस्था को सख्ती से बनाए रखने की दिशा में कार्रवाई करते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों में तीन अलग-अलग गंभीर आपराधिक मामलों में अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। सभी मामलों में नियमानुसार आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पहले मामले में महिला पुलिस थाना चंबा में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि योग राज निवासी मजोगा ने उसकी नाबालिग बेटी का शारीरिक शोषण किया। पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है। दूसरे मामले में पुलिस थाना सिहुंता में बनीएनएस के तहत केस दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार निवासी सलेहर, जिला कांगड़ा ने आरोप लगाया है कि राजिंदर निवासी कथला ने उसकी छोटी बहन को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, मारपीट की और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर किया। इस गंभीर मामले की जांच जारी है। तीसरे मामले में पुलिस थाना तीसा में मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता निशा बेगम निवासी राल्हेड़ा ने आरोप लगाया है कि मंजूर अहमद सहित दो अन्य व्यक्तियों ने उसका रास्ता रोककर गाली-गलौज की तथा मारपीट की। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जिला पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### समय पर पेंशन व लंबित देयों की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में हिमाचल परिवहन सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण संघ की विशेष बैठक में सरकार के रवैये पर सवाल उठाए गए। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पेंशन और वेतन समय पर न मिलने से 65 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों को गंभीर परेशानी हो रही है। भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार 'बंदरबांट' नीति अपनाकर कर्मचारियों के बीच भेदभाव कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 का एरियर, डीए, मेडिकल बिल और वर्ष 2024 की ग्रेच्युटी अभी तक लंबित है। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सभी देय लाभ तुरंत भुगतान किए जाएं। बैठक में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल रहे और अपनी समस्याओं को लेकर रोष व्यक्त किया।

### सुरक्षा व्यवस्थाओं की मिली व्यावहारिक जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करीया (चंबा) में संचालित वोकेशनल ट्रेड सिक्योरिटी के तहत विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल विकास के उद्देश्य से जिला कारागार, चंबा में शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 10वीं व 11वीं के 34 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भ्रमण के दौरान छात्रों को जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन प्रणाली और कारागार में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। जिला कारागार के सहायक अधीक्षक लेख राम ठाकुर, हवलदार विजय कुमार एवं हवलदार भीम सिंह ने सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए। यह शैक्षणिक भ्रमण प्रधानाचार्य रेखा शर्मा, वोकेशनल कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र हांडा और सिक्योरिटी वोकेशनल शिक्षक अमित ठाकुर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने इसे ज्ञानवर्धक, उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। विद्यालय परिवार ने कारागार प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### कार की टक्कर से महिला गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सरकाघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव घुलाणू में सड़क हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। रूप लाल निवासी डाकघर नबाही की शिकायत पर मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता के अनुसार जाहू से नबाही की ओर जा रही कार संख्या एचपी-74ए-8353 ने उनके घर के सामने उनकी पत्नी को टक्कर मार दी, जिससे महिला के कंधे और पेल्विस में फ्रैक्चर आए हैं। घायल महिला का उपचार चंडीगढ़ स्थित अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### धर्मपुर में रास्ता रोककर की मारपीट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** धर्मपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रास्ता रोककर मारपीट करने और वाहन को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। मेघ सिंह पुत्र गोपाल सिंह, निवासी डाकघर टौर जाजर, तहसील धर्मपुर, जिला मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उनके भाई सहित अन्य लोगों ने रास्ते में उन्हें रोका, धक्का-मुक्की की तथा उनकी पत्नी और बेटी के साथ मारपीट की। इस दौरान उनके टिप्पर वाहन के शीशे भी तोड़ दिए गए। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### सुंदरनगर में युवक से चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सुंदरनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गश्त और नाकाबंदी के दौरान एक युवक से चरस बरामद की है। पुंघ फोरलेन क्षेत्र में जांच के दौरान सुंदरनगर से बिलासपुर की ओर जा रही मोटरसाइकिल संख्या एचपी-56ए-7304 को रोका गया। तलाशी के दौरान दिव्यांश (20) पुत्र राजेश कुमार निवासी लंबागांव तहसील जयसिंहपुर के कब्जे से 431 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 12 चालान कर वसूला 1200 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 569 चालान किए गए। वहीं तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के तहत 12 चालान कर 1200 रुपए जुर्माना वसूला गया, जबकि खनन अधिनियम के अंतर्गत एक चालान किया गया। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# शॉर्ट सर्किट से उजड़ गया आशियाना

अनंत ज्ञान

**मैहला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। विकास खंड मैहला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मैहला के चौरी गांव में सोमवार दोपहर बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण एक परिवार का घर जलकर राख हो गया। इस भीषण अग्निकांड में पीड़ित परिवार का रिहायशी मकान पूरी तरह नष्ट हो गया, जिससे वे अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा 9 फरवरी, सोमवार दोपहर करीब एक बजे हुआ। घर के मालिक पवन कुमार (पुत्र अवतारो राम) के मकान से अचानक आग की ऊंची लपटें उठीं, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बहादुरी दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि घर के बड़े हिस्से को बचाया नहीं जा सका। पंचायत सचिव की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, आग लगने का मुख्य कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया गया है। इस त्रासदी में नुकसान अत्यधिक हुआ है। एक कमरा, रसोई, बाथरूम और बरामदा पूरी तरह जल गए। घर में रखा सारा अनाज, राशन और कपड़े राख हो गए। घर की पूरी गृहस्थी और जमा पूंजी आग की भेंट चढ़ गई। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत सचिव ने मौके का मुआयना कर नुकसान की रिपोर्ट तैयार की और इसे उच्च अधिकारियों को आगामी कार्रवाई के लिए भेज दिया।

## एचपीसीए कॉलोनी में अग्निकांड से मची अफरा-तफरी


एनएचपीसी कॉलोनी, सुरंगानी में देर रात लगी भीषण आग के बाद राख में तब्दील हुए मकान। अनंत ज्ञान

**सुरंगानी।** सुरंगानी क्षेत्र के हथनी स्थित एचपीसीए कॉलोनी में रविवार देर रात करीब 11:35 बजे अचानक भीषण आग भड़क उठी।

आग इतनी तेजी और भयावह रूप में फैली कि कॉलोनी में बने तीन कमरेनुमा मकान कुछ ही देर में जलकर पूरी तरह राख हो गए। हादसे के समय मकानों में मौजूद लोग जान बचाने के लिए सब कुछ छोड़कर बाहर भागे, जिससे कोई बड़ा जानी नुकसान टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें आसमान तक उठती नजर आईं और पूरे इलाके में दहशत फैल गई। मकानों के भीतर रखा समान आग की भेंट चढ़ गया। स्थानीय लोग भी सहम गए और अपने घरों से बाहर निकल आए। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया गया कि मकानों के आसपास सूखी घास और ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। एनएचपीसी द्वारा उक्त भवन को कुछ दिनों में डिस्मेंटल किया जाना था, जिससे लापरवाही और सुरक्षा मानकों पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच, दोषियों की जिम्मेदारी तय करने और भविष्य में आग से बचाव के ठोस उपाय लागू करने की मांग की है। इस घटना ने रिहायशी इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मलबा रावी नदी में गिराने से पर्यावरण व सुरक्षा को खतरा

अनंत ज्ञान



**देशराज कश्यप ,धरवाला।** विद्युत जल परियोजना धरवाला चरण-3 के तहत क्षतिग्रस्त गांव मौखर को तोड़कर सपाट किया जा रहा है। मलबा डंपिंग साइट पर न डालकर पास के चूड़ी पुल के समीप रावी नदी के किनारे फेंका जा रहा है, जहां 200 मीटर के दायरे में पहले से ही जमीन धस रही है। इस कारण न केवल रावी नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है, बल्कि पास के गांवों के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

गांव से निकलने वाली ईंट और पत्थर टिप्परों के माध्यम से सीधे नदी में फेंके जा रहे हैं। स्थानीय लोग इन मलबों को इकट्ठा करने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है, जिसमें बड़े-बड़े पत्थर और ईंटें नदी में फेंके जाते दिख रहे हैं। स्थानीय लोग विभाग की कार्रवाई न होने पर पास के धरवाला कस्बा और आसपास के गांवों में पानी का रुख बदलने की संभावना बताते हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि किसी भी अप्रिय घटना की संभावना गंभीर है। इसके अलावा, नेशनल हाईवे 154 ए (रुंगडी नाला, चन्नू हट्टी, चूड़ी जीरो से धरवाला तक) पहले से ही धस रहा है। मलबे और नदी के पानी के कारण सड़क मार्ग रावी में समा सकता है, जिससे भरमौर-पठानकोट मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो सकता है और वाहन चालकों व राहगीरों की आवाजाही ठप हो जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप कर मलबा सुरक्षित तरीके से हटाने और नदी व सड़क की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# 20 से सजेगा तलेरू लेक फेस्टिवल


उपायुक्त चंबा मीटिंग के दौरान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुनील ,सलूणी।** चंबा जिले के सलूणी क्षेत्र में प्रस्तावित तलेरू लेक फेस्टिवल को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। 20 से 22 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय महोत्सव के सफल आयोजन के लिए उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने संबंधित विभागों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

डीसी ने कहा कि तलेरू लेक फेस्टिवल न केवल सलूणी और चुराह क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों, युवाओं और हस्तशिल्प से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच भी प्रदान करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जाएं। प्रशासन की ओर से बोटिंग प्वाइंट पर पंडाल, मंच, ऑर्केस्ट्रा, साउंड सिस्टम व एलईडी स्क्रीन जैसी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इसके साथ ही महोत्सव में आने वाले पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। डीसी मुकेश रेपसवाल ने स्पष्ट किया कि फेस्टिवल के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।यह आयोजन स्थानीय संस्कृति, लोक संगीत और हस्तशिल्प को नई पहचान देने के साथ-साथ चुराह-सलूणी क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप से स्थापित करेगा।

## आपत्तियों का समयबद्ध समाधान किया जाए सुनिश्चित

**चंबा।** डीसी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) के अंतर्गत वन मंडल चुराह से संबंधित विभिन्न स्वीकृति मामलों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। डीसी ने बैठक के दौरान 23 विभिन्न विभागीय परियोजनाओं के अंतर्गत स्वीकृति मामलों के तहत प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कन्या छात्रावास हिमगिरी से संबंधित भूमि मामले को अगली बैठक से पूर्व वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के तहत सभी विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण कर अनुमति के लिए मामला प्रेषित करने के निर्देश दिए। मुकेश रेपसवाल ने स्वीकृति प्रक्रिया में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृति के द्वितीय चरण के अंतर्गत मामलों की अनुपालना शीघ्र सुनिश्चित बनाई जाए।

# चंबा में एसआईयू टीम की बड़ी कार्रवाई
## 5 .49 ग्राम चिट्टे सहित दो युवक काबू

अनंत ज्ञान



**चंबा।** जिला चंबा में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसआईयू चंबा की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है।

सोमवार को इंस्पेक्टर गगन के नेतृत्व में एएसआई परमेश व एसआईयू टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गोली क्षेत्र स्थित लेक व्यू होटल में दबिश देकर 5.49 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान अनिल ठाकुर (32 वर्ष) पुत्र रोशन लाल ठाकुर, निवासी , तहसील सलूणी, जिला चंबा तथा राकेश कुमार (23 वर्ष) पुत्र बिंदु राम, निवासी डलहौजी, जिला चंबा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी पठानकोट से चंबा आए थे और गोली क्षेत्र में स्थित निजी होटल में कमरा लेकर ठहरे हुए थे। पुलिस को इस संबंध में पूर्व से ही गुप्त सूचना प्राप्त थी। इसके आधार पर दोपहर के समय योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस ने बरामद चिट्टे को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि नशीला पदार्थ कहां से लाया गया था और इसके तार किन-किन लोगों से जुड़े हुए हैं। इंस्पेक्टर गगन ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मामले की आगे की जांच जारी है।

# 15 को धूमधाम से मनाया जाएगा शिवरात्रि महोत्सव

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के ऐतिहासिक चौरासी प्रांगण में शिवरात्रि महोत्सव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में चौरासी युवक मंडल भरमौर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 फरवरी को शिवरात्रि महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और भव्य रूप से मनाया जाएगा। चौरासी युवक मंडल भरमौर के सदस्यों ने बताया कि यह महोत्सव धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक एकता का प्रतीक है। महोत्सव के दौरान विशेष पूजा-अर्चना के साथ-साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। युवक मंडल ने स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी पर्यटकों से भी इस पावन अवसर पर भरमौर पहुंचकर महोत्सव में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाहरी पर्यटकों की सहभागिता से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिलेगी और महोत्सव और भी विशेष बनेगा।

**BEFORE THE ASSISTANT COLLECTOR 2ND GRADE DHALWAN DISTT. MANDI H.P.**

the matter of :- Smt Meena Devi W/O Late Sh. Ram Dass R/O Vill. Chamrahni, P.O. Chowk, Sub Tehsil Dhalwan Distt. Mandi H.P.
...........*Applicant*

**Versus** **General Public**
........Respondent

**Subject: Notice for correction of name in revenue record.**

Whereas Smt Meena Devi W/O Late Sh Ram Dass R/O Vill. Chamrahni, P.O. Chowk, Sub Tehsil Dhalwan, Distt. Mandi H.P. has filed an application in the court of undersigned, in which she has stated that her husband name was wrongly written as Prem Singh S/O Sh Dile Ram in the revenue record of Patwar Circle Majhwan, Muhal Chamrani, while actual name of the husband of applicant is Ram Dass S/o Sh Dile Ram. She has also produced copies of her Aadhar Card, School certificate, army record, panchayat Nakkal record and an affidavit in this regard alongwith Nakkal jamabandi for the year 2020-2021.

Therefore, the General Public is hereby informed through this notice that if any person having any objection regarding this correction, may file their objections either personally or through an agent in writing before this court on or before 26-02-2026. In case no objection is received by 26-02-2026, it will be presumed that there is no objection to the aforesaid correction and same will be corrected under the relevant Act accordingly.

issued under my hand and seal of this court today on 4th February 2026.

**ASSISTANT COLLECTOR 2ND GRADE DHALWAN DISTT. MANDI H.P.**

# कांडापतन-बरोटी रोड पर सफर बना जानलेवा
## सपडी रोह के पास क्षतिग्रस्त सड़क, न डंगा न पैरापिट, लोगों में रोष

अनंत ज्ञान


सपडी रोह के पास क्षतिग्रस्त सड़क। अनंत ज्ञान

**धर्मपुर।** उपमंडल धर्मपुर के अंतर्गत कांडापतन, रोह, रखेड़ा, तड़ा तथा बरोटी को जोड़ने वाली सड़क सपडी रोह के समीप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे क्षेत्रवासियों और वाहन चालकों के लिए यह मार्ग गंभीर खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन लोक निर्माण विभाग की लेटलतीफी के चलते अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्रवासियों के अनुसार पिछले वर्ष बरसात के दौरान नीचे लहासा गिरने से सड़क क्षतिग्रस्त हुई थी, लेकिन इसके बावजूद आज तक न तो चेतावनी संकेत लगाए गए और न ही कोई सुरक्षा प्रबंध किए गए।

इस स्थान पर डंगा और पेरापिट की सख्त आवश्यकता बताई जा रही है। लोगों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी की ऐसी लापरवाही के कारण प्रदेश में पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की नियमित मुरम्मत न होने से जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। गंत्रालू से रोह गांव की ओर नाली पूरी तरह उखड़ी और बंद पड़ी है, जिससे सड़क की हालत और ज्यादा खराब हो गई है। बरसात के दौरान सड़क किनारे गिरा मलबा आज तक नहीं हटाया गया, जिससे छोटे वाहनों को भी नुकसान हो रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय जनता संदीप कुमार, देशराज, नरेश कुमार, ओम प्रकाश और बलिराम ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग को अवगत करवाया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। नालियां बंद और टूटी होने से उनके घरों को भी खतरा बना हुआ है। लोगों ने विभाग से मांग की है कि क्षतिग्रस्त स्थान पर शीघ्र डंगे का निर्माण किया जाए, उसके ऊपर पेरापिट लगाया जाए, सड़क की तुरंत मुरम्मत करवाई जाए तथा बंद नालियों की सफाई की जाए। जब इस बारे में सहायक अभियंता योगेश, उपमंडल धर्मपुर से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# खनन के मलबे से बंद हुई कूहल, किसानों की हजारों बीघा भूमि सिंचाई से वंचित

अनंत ज्ञान

- कृषि विकास सभा व ग्रामीणों का जल शक्ति विभाग पर गंभीर आरोप

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के काथला से गरोडू तक किसानों की हजारों बीघा भूमि को सिंचित करने वाली कूहल को खनन के मलबे से बंद किए जाने पर क्षेत्र के किसानों में भारी रोष है। इस संबंध में कृषि विकास सभा गरोडू के प्रधान लाल सिंह, गरोडू पंचायत के उपप्रधान प्रेम सिंह, वार्ड मेंबर भूरी सिंह, अमर सिंह तथा गांव के निवासी मस्तराम और बीरि सिंह ने जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।उन्होंने कहा कि उक्त कूहल में साल भर पानी बहता है, जिससे क्षेत्र के किसानों की कृषि भूमि सिंचित होती है, लेकिन काथला गांव के पास हो रहे खनन कार्य के चलते कूहल को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इससे किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं और हजारों बीघा भूमि बिना पानी के बंजर होने की कगार पर पहुंच गई है।

गांववासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर उन्होंने 18 अक्तूबर 2025 को जल शक्ति विभाग में शिकायत दर्ज करवाई थी। विभाग द्वारा पुलिस थाना में शिकायत तो दर्ज करवाई गई, लेकिन उसके बाद मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। किसानों का आरोप है कि विभाग इस गंभीर समस्या पर आंखें मूंदे बैठा है।उन्होंने मांग की कि जिस ठेकेदार द्वारा कूहल को बंद किया गया है, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और कूहल को तत्काल प्रभाव से खुलवाया जाए, ताकि किसानों को सिंचाई की समस्या से राहत मिल सके।किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल शक्ति विभाग ने शीघ्र इस समस्या का समाधान नहीं किया, तो वे मजबूरन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को विवश होंगे।

**परेशानी** एनएच निर्माण कंपनी की मनमानी जनता पर पड़ी भारी, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

# बिना पूर्व सूचना पपलोग रोड बंद, हजारों लोग परेशान

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में लगी निर्माण कंपनी की मनमानी सोमवार को आम जनता पर भारी पड़ गई। बिना किसी पूर्व सूचना और बिना प्रशासनिक अनुमति के सरकाघाट मुख्य बाजार में बैरिकेड लगाकर सरकाघाट-पपलोग-चोल्थरा मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया गया, जिससे हजारों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सोमवार का दिन पहले से ही व्यस्त होने के कारण स्थिति और गंभीर हो गई। शादी-ब्याह के सीजन के चलते जहां लोगों की आवाजाही बढ़ी हुई थी, वहीं स्कूली छात्र, नौकरी-पेशा लोग और ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार आने वाले नागरिक घंटों जाम में फंसे रहे। इस मार्ग के अचानक बंद हो जाने से एचआरटीसी बसों सहित अन्य वैकल्पिक रूट भी बाधित हो गए, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ीं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बंद करने से पहले उपमंडल अधिकारी या किसी भी सक्षम प्रशासनिक अधिकारी से कोई अनुमति नहीं ली गई, न ही जनता को वैकल्पिक व्यवस्था या सूचना दी गई। इससे साफ है कि निर्माण कंपनी ने नियमों को ताक पर रखकर मनमाना फैसला लिया। सबसे चिंताजनक पहलू यह रहा कि प्रशासन पूरा दिन सोया रहा। मौके पर न तो ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात की गई और न ही जनता को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया। मजबूरन लोग प्रशासन और सरकार के खिलाफ रोष प्रकट करते नजर आए।

स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों ने मांग की है कि इस तरह की तानाशाही कार्रवाई करने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में किसी भी सड़क को बंद करने से पहले जनहित और वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन अनिवार्य किया जाए। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन ऐसी लापरवाहियों पर आंखें मूंदे रहेगा या फिर आम जनता की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई करेगा।

### ये रूट रहे बंद

**सरकाघाट** चोलथारा 8:15, सरकाघाट आईटीआई पपलोग खरोह 9:15, सरकाघाट सकोहटा 12:15, सरकाघाट नल्याना 1:40, सरकाघाट संधोल 3, सरकाघाट आईटीआई खरोह 3:40, सरकाघाट रोसो 5:30, सरकाघाट चोलथरा शामिल रहे।


बंद किया गया रोड। अनंत ज्ञान

### क्या कहता है लोक निर्माण और परिवहन विभाग

**लोक** निर्माण विभाग सरकाघाट के अधिशासी अभियंता इंजीनियर राकेश कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा कोई भी सड़क बंद नहीं की गई है। एचआरटीसी सरकाघाट राजकुमार धीमान ने कहा कि सड़क अचानक बंद होने की उन्हें कोई सूचना नहीं थी निगम के सात रूट कैंसिल करने पड़े।

### मामले की हो जांच व कंपनी पर की जाए कार्रवाई : पूर्व उपप्रधान

**ग्राम** पंचायत पपलोग के पूर्व उप प्रधान ने बताया कि मैंने सुबह 10 बजे आरएम सरकाघाट से बस के रूटों को बंद करने को लेकर बात की, परंतु उसके बावजूद भी बसें नहीं चलाई गई। आईटीआई के सैकड़ों बच्चों को 2 किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले की जांच करें और लापरवाह कंपनी पर कार्रवाई की जाए।

### मामले की होगी जांच : एसडीएम

**एसडीएम** सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि सड़क बंद करने को लेकर उनसे कोई भी परमिशन नहीं ले गई थी। अगर बिना परमिशन से रोड बंद किया है, तो इस मामले की जांच की जाएगी।

# महाशिवरात्रि मेले के लिए रवाना हुए देव गहरी नेर व जय देव गहरी शंगरेहड़

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी की धरमान पंचायत के नेर गांव स्थित घाटीवासियों की अटूट आस्था के प्रतीक देवादि देव गहरी नेर तथा मुल्थान पंचायत के शंगरेहड़ गांव स्थित जय देव गहरी शंगरेहड़ प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 फरवरी से बैजनाथ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय महाशिवरात्रि मेले में भाग लेने के लिए अपने-अपने मूलस्थलों से रवाना हो गए हैं।

देव गहरी नेर कमेटी के अध्यक्ष संजय ठाकुर व मुख्य गुर हल्कू राम ने बताया कि देव गहरी नेर नौ फरवरी को अपने मूलस्थल नेर से लाव-लश्कर और दर्जनों देवलुओं के साथ सजधज कर निकले तथा विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित देव जातरों को स्वीकारते हुए 14 फरवरी को बैजनाथ पहुंचकर रात्रि ठहराव करेंगे और 15 फरवरी को मेले में उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। वहीं जय देव गहरी शंगरेहड़ के मुख्य गुर एवं देव गहरी ट्रस्ट शंगरेहड़ के अध्यक्ष भाग सिंह ने बताया कि जय देव गहरी शंगरेहड़ आठ फरवरी की शाम को अपने मूलस्थल से रवाना होकर विभिन्न देव जातरों में भाग लेते हुए 15 फरवरी को बैजनाथ मेले में शरीक होंगे। मेले की समाप्ति के बाद दोनों देवता वापसी यात्रा के दौरान भी गांव-गांव देव जातरों को स्वीकारते हुए लगभग 20 से 25 दिनों में पूरे विधि-विधान के साथ अपने-अपने मूलस्थलों नेर व शंगरेहड़ में पुनः विराजमान होंगे।

**व अदालत तहसीलदार एवम् भू.-सुधार अधिकारी तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा**

इन्तकाल नम्वर-229
ईश्तहार मुस्त्री मुनादी
तारीख पेशीः 28-02-2026

1. संजय कुमार पुत्र जोगिशर व राजेश कुमार, अजय कुमार पुत्रान सन्त राम व होडी माल पुत्र वासी निवासीयान महाल ठाकुरद्वारा तहसील पंचरुखी। .....*प्रार्थी*

**वनाम**

1 दुर्गा दास पुत्र विपतू निवासी महाल ठाकुरद्वारा निवासी महाल ठाकुरद्वारा तहसील पंचरुखी। ....*प्रतिवादीगण*

**विषयः-** भूमि खाता नम्वर 40 मिन खतौनी न. 94 नम्वर खसरा 299/1 रकवा तदादी 0-01-51 हैक्ट सालम वाक्या महाल ठाकुरद्वारा मौजा टिक्कर तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश । जमावन्दी वर्ष 2020-2021 का इन्तकाल जेर धारा 104 (3) हि. प्र. मुजारिन अधिनियम 1972 के तहत गैर मौरूसी के नाम इन्तकाल नम्बर 229 मलकीयत तस्दीक करने वारे।

**आदेश / सूचना (मुनादी)**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में संजय कुमार पुत्र जोगिशर व राजेश कुमार, अजय कुमार पुत्रान सन्त राम व होडी माल पुत्र वासी निवासीयान महाल ठाकुरद्वारा तहसील पंचरुखी जिला काँगड़ा हि.-प्र. ने प्रार्थना की है कि वह प्रतिवादीगण के हिस्से की भूमि मे गैर मौरूसी दर्ज कागजातात माल है और प्रतिवादीगण के हिस्से की भूमि पर प्रार्थीगण को मालिकाना हक देते हुये इन्तकाल दर्ज व तस्दीक करने वारे अनुरोध किया है।

अतः इस मुस्त्री मुनादी द्वारा प्रतिवादीगणों तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि इन्तकाल जेर धारा 104(3) हि. प्र. मुजारिन अधिनियम 1972 के तहत गैर मौरूसी के नाम इन्तकाल मलकीयत तस्दीक करने वारे। यदि किसी व्यक्ति को महाल हंलोन कंला में प्रार्थी के दावे और अनुरोध के खिलाफ कोई उजर / एतराज हो तो वह दिनांक 28.02.2026 तक को इस अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना उजर या एतराज पेश कर सकता है। हाजिर न होने की सूरत में बाद किसी भी किस्म का कोई उजर व एतराज नहीं सुना जायेगा।

आज दिनांक 04.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**तहसीलदार एवंम् भू. सुधार अधिकारी पंचरुखी जिला कांगडा हि.प्र.।**

**व अदालत तहसीलदार एवम् भू.-सुधार अधिकारी तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा**

इन्तकाल नम्बर-228
ईश्तहार मुस्त्री मुनादी
तारीख पेशी 28-02-2026

1 दुर्गा दास पुत्र विपतू निवासी महाल ठाकुरद्वारा निवासी महाल ठाकुरद्वारा तहसील पंचरुखी। ...*प्रार्थी*

**वनाम**

1 संजय कुमार पुत्र श्रेष्ठा देवी, चैचला देवी, अनीता देवी, किरण कुमारी पुत्रियां व श्रीमति भगवती देवी विध्वा जोगिशर व होडी मल पुत्र वासी व राजेश कुमार, अजय कुमार पुत्रान व श्रीमति पूनम वाला, रजनी वाला, निशा पुत्रियां व श्रीमति कमला देवी विध्वा सन्त राम निवासीयान महाल ठाकुरद्वारा तहसील पंचरुखी। ...*प्रतिवादीगण*

**विषयः-** भूमि खाता नम्वर 52 मिन खतौनी न. 111 नम्वर खसरा किता-2 रकवा तदादी 0-03-83 हैक्ट सालम वाक्या महाल ठाकुरद्वारा मौजा टिक्कर तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश । जमावन्दी वर्ष 2020-2021 का इन्तकाल जेर धारा 104(3) हि.प्र. मुजारिन अधिनियम 1972 के तहत गैर मौरूसी के नाम इन्तकाल नम्वर 228 मलकीयत तस्दीक करने वारे।

**आदेश / सूचना (मुनादी)**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में दुर्गा दास पुत्र विपतू निवासी महाल ठाकुरद्वारा निवासी महाल ठाकुरद्वारा तहसील पंचरुखी जिला काँगड़ा हि.-प्र. ने प्रार्थना की है कि वह प्रतिवादीगण के हिस्से की भूमि मे गैर मौरूसी दर्ज कागजातात माल है और प्रतिवादीगण के हिस्से की भूमि पर प्रार्थीगण को मालिकाना हक देते हुये इन्तकाल दर्ज व तस्दीक करने वारे अनुरोध किया है।

अतः इस मुस्त्री मुनादी द्वारा प्रतिवादीगणों तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि इन्तकाल जेर धारा 104 (3) हि. प्र. मुजारिन अधिनियम 1972 के तहत गैर मौरूसी के नाम इन्तकाल मलकीयत तस्दीक करने वारे। यदि किसी व्यक्ति को महाल हंलोन कंला में प्रार्थी के दावे और अनुरोध के खिलाफ कोई उजर/ एतराज हो तो वह दिनांक 28.02.2026 तक को इस अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना उजर या एतराज पेश कर सकता है। हाजिर न होने की सूरत में बाद किसी भी किस्म का कोई उजर व एतराज नहीं सुना जायेगा।

आज दिनांक 04.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**तहसीलदार एवंम् भू. सुधार अधिकारी पंचरुखी जिला कांगडा हि.प्र.।**

'**कुल** की प्रशंसा करने से क्या लाभ? शील ही (मनुष्य की पहचान का) मुख्य कारण है। क्षुद्र मंदार आदि के वृक्ष भी उत्तम खेत में पड़ने से अधिक बढ़ते-फैलते हैं।
-मृच्छकटिक

## संपादकीय

# बच्चों के लापता होने की बढ़ती घटनाएं

हिमाचल प्रदेश में आजकल बच्चों के लापता होने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। शिमला जिले में चार नाबालिग बच्चों के रहस्यमयी ढंग से लापता होने से हड़कंप मचा हुआ है। इनमें तीन लड़कियां और एक 16 वर्षीय किशोर शामिल हैं। किशोर ने परिजनों से झगड़े के बाद स्वयं घर छोड़ दिया, जबकि लड़कियों के लापता होने का रहस्य अभी तक सुलझ नहीं पाया है। इसी तरह, कुल्लू जिले में एक किशोर के पास मोबाइल फोन मिला, जब परिजनों ने डांट लगाई तो वह घर छोड़कर चला गया। इन घटनाओं ने न केवल परिजनों, बल्कि पूरे समाज में भय और चिंता पैदा कर दी है।

बच्चों के लापता होने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। आजकल बच्चों में सहनशीलता कम होती जा रही है। वे छोटी-छोटी बातों पर तुरंत नाराज हो जाते हैं और घर से बाहर निकल जाते हैं। किशोरावस्था में आत्मनिर्णय और स्वतंत्रता की भावना अधिक होती है, और यदि उन्हें सही मार्गदर्शन न मिले तो वे तैश में ऐसे कदम उठा लेते हैं जिनके परिणाम गंभीर होते हैं।

बच्चों की सुरक्षा और जागरूकता का अभाव भी देखा जाता है। कई बार बच्चे सड़क पर, स्कूल में या सोशल मीडिया के माध्यम से अजनबियों के संपर्क में आते हैं और अपनी सुरक्षा का ध्यान नहीं रखते। डिजिटल युग में मोबाइल फोन और इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग ने बच्चों को जोखिमपूर्ण परिस्थितियों के अधिक करीब कर दिया है। बिना परिजनों की निगरानी और उचित मार्गदर्शन के बच्चे धोखाधड़ी, नशे और अपराधी गिरोह के शिकार बन सकते हैं।

समाज में सक्रिय गिरोह और अपराधियों की संभावित भूमिका हो सकती है। कई बार बच्चे अपनी परेशानियों को व्यक्त नहीं कर पाते और मानसिक तनाव में घर से दूर निकल जाते हैं। यदि समाज, स्कूल और परिवार उन्हें समझकर समर्थन दें तो निश्चित है कि वह इस तरह की जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में नहीं फंसगे। इन परिस्थितियों में बच्चों के लापता होने की घटनाओं से निपटने के लिए प्रभावी निवारक कदम आवश्यक हैं। परिवार और समाज में बच्चों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बच्चों के साथ संवाद बनाए रखना, उनकी भावनाओं और समस्याओं को समझना और उन्हें मार्गदर्शन देना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनके निर्णयों का सम्मान करना भी उनकी मानसिक स्थिरता के लिए लाभकारी है।

पुलिस को चाहिए कि लापता बच्चों के मामलों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू करे। बच्चों के अंतिम देखे जाने के स्थान की जानकारी जुटाना, गांव और आस-पास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाना, और अपराधियों की संभावित गतिविधियों की पहचान करना प्राथमिक दायित्व होना चाहिए। इसके साथ ही, पुलिस को यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चों को सुरक्षित ढंग से परिजनों के पास लौटाया जाए।

सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर बच्चों के लापता होने की सूचना साझा की जानी चाहिए। उनके फोटो और पहचान को साझा करके जनता की मदद ली जा सकती है। र्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया बच्चों की सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण उपकरण बन सकता है। स्कूलों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से बच्चों को सुरक्षा नियमों, आपातकालीन कदमों और सही व्यवहार के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। बच्चों को यह सिखाना कि अनजाने व्यक्ति से कैसे बचें, मोबाइल और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग कैसे करें, और किसी संकट की स्थिति में किससे संपर्क करें, उनके संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पड़ोस, पंचायत, माता-पिता और शिक्षक मिलकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। बच्चों के गतिविधियों पर नजर रखना, उनके दोस्तों और संपर्कों की जानकारी रखना, और नियमित संवाद बनाना उनकी सुरक्षा की दिशा में ठोस कदम हैं। बच्चों के लापता होने की घटनाओं को केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं माना जा सकता। यह पूरे समाज की जिम्मेदारी है। परिवार, स्कूल, समाज और प्रशासन मिलकर ही बच्चों को सुरक्षित रख सकते हैं। हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक कठिनाइयां, पर्वतीय रास्ते और दुर्गम इलाके बच्चों की सुरक्षा को चुनौती देते हैं, ऐसे में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है।

यदि समय रहते सतर्कता, जागरूकता और सक्रिय प्रयास किए जाएं, तो बच्चों के लापता होने की घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। बच्चों का सुरक्षित वातावरण, सकारात्मक मार्गदर्शन और समाज में संवेदनशीलता ही उन्हें जोखिमपूर्ण परिस्थितियों से बचा सकती है। पुलिस, प्रशासन और समाज के सम्मिलित प्रयासों से ही हम बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं और उन्हें एक सुरक्षित और खुशहाल जीवन प्रदान कर सकते हैं। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र — **आज की प्रमुख हस्ती**

## आधुनिक हिंदी कविता के लोकप्रिय कवि

**डॉ. कुमार विश्वास** हिंदी भाषा के एक अत्यंत लोकप्रिय और अग्रणी कवि हैं, जिनका जन्म 10 फरवरी 1970 को वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के पिलखुआ नगर में हुआ। वे चार भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे हैं। उनके पिता डॉ. चंद्रपाल शर्मा महाविद्यालय में प्रवक्ता रहे तथा माता श्रीमती रमा शर्मा एक गृहिणी हैं।



डॉ. कुमार विश्वास
**जन्म :** 10 फरवरी, 1970

कुमार विश्वास की प्रारंभिक शिक्षा लाला गंगा सहाय स्कूल, पिलखुआ में हुई। बारहवीं तक की पढ़ाई के बाद उनके पिता उन्हें अभियंता बनाना चाहते थे, परंतु उनका झुकाव साहित्य की ओर था। इसी कारण उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई छोड़कर हिंदी साहित्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की, जिसमें उन्हें स्वर्ण पदक मिला। आगे चलकर उन्होंने 'कौरवी लोकगीतों में लोकचेतना' विषय पर पीएचडी की, जिसे 2001 में सम्मानित भी किया गया।

उनका शैक्षणिक जीवन 1994 में राजस्थान में प्रवक्ता के रूप में प्रारंभ हुआ और वे निरंतर महाविद्यालयों में अध्यापन करते रहे। इसके साथ ही वे हिन्दी कविता मंच के सबसे सक्रिय और लोकप्रिय कवियों में गिने जाते हैं। श्रृंगार रस के गीत उनकी प्रमुख पहचान हैं। उन्होंने देश-विदेश में हजारों कवि सम्मेलनों और मुशायरों में काव्य-पाठ किया है।

डॉ. कुमार विश्वास की प्रमुख कृतियों में 'इक पगली लड़की के बिन' और 'कोई दीवाना कहता है' शामिल हैं। वे हिंदी फिल्मों के गीतकार और अभिनेता भी रहे हैं। उन्हें अनेक साहित्यिक सम्मान प्राप्त हुए हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया पर भी वे अत्यंत लोकप्रिय कवि हैं। आधुनिक हिंदी कविता में उनका स्थान विशिष्ट और प्रभावशाली है। ■



कविता — अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

### मां

कविता, 11वीं कक्षा की छात्रा, राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां

**मां** तो जन्नत का फूल है
मां को प्यार करने का उसका असूल है
दुनिया की मोहब्बत फिजूल है
मां की हर दुआ कबूल है
मां को नाराज करना
इंसान की भूल है
मां के कदमों की मिट्टी तो
जन्नत की धूल है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महापर्व अंतरराष्ट्रीय मंडी शिवरात्रि



**ठाकुर दीक्षित धलारिया**
संधोल, जिला मंडी
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश त्योहारों, उत्सवों और समृद्ध संस्कृति की वह पावन भूमि है, जहां जीवनशैली में आस्था, प्रकृति और परंपरा का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। यहां के पर्व-त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि देवी-देवताओं के सान्निध्य, आशीर्वाद और लोकआस्था के जीवंत प्रतीक हैं। वर्षभर हिमाचल की सांस्कृतिक छटा देश-विदेश से आने वाले आगंतुकों को आकर्षित करती रहती है। आधुनिकता की दौड़ में जहां विश्व के अनेक समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से दूर होते जा रहे हैं, वहीं हिमाचल प्रदेश आज भी अपनी देव संस्कृति को सहेजते हुए एक अनूठी मिसाल प्रस्तुत करता है।

प्रदेश में आयोजित होने वाले विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम और लोकपर्व जीवंतता को निरंतर बनाए रखते हैं। इन्हीं में से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक उत्सव है- अंतरराष्ट्रीय मंडी महाशिवरात्रि महोत्सव। यह महोत्सव न केवल हिमाचल प्रदेश, बल्कि पूरे देश की सांस्कृतिक विरासत का गौरव है, जिसे सदियों से मंडी नगर ने सहेज कर रखा है। जहां देश के अन्य भागों में शिवरात्रि एक दिन का पर्व होती है, वहीं छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध मंडी में यह उत्सव पूरे एक सप्ताह तक मनाया जाता है। मंडी नगर में भगवान शिव के लगभग 81 मंदिर हैं और शिवरात्रि के दौरान इन सभी मंदिरों में भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया जाता है। सात दिनों तक पूरा नगर 'भोले-भोले' के जयघोष से गूंज उठता है और वातावरण पूर्णत: शिवमय हो जाता है।

इस वर्ष भी 15 फरवरी से 22 फरवरी तक मंडी नगर शिवरात्रि महोत्सव के रंग में रंगा हुआ है। ढोल-नगाड़ों की गूंज, देव वाद्यों की स्वर लहरियां और भक्तों की आस्था से मंडी में एक अलौकिक शांति और ऊर्जा का अनुभव होता है। माना जाता है कि इस महोत्सव की शुरुआत मंडी नगर के संस्थापक राजा अजबर सेन ने सन् 1527 में की थी। प्रारंभ में यह उत्सव दो दिनों का होता था और इसमें मंडी जनपद के स्थानीय देवता ही भाग लेते थे। यह पर्व देव पराशर ऋषि को समर्पित माना जाता था। कालांतर में शिवरात्रि महोत्सव का स्वरूप विकसित होता गया।

इसके आधुनिक रूप का संबंध राजा सूरज सेन के जीवन से भी जोड़ा जाता है। परिवार के सदस्यों की मृत्यु के पश्चात उन्होंने राजपाठ त्यागकर राजा माधव राय को सत्ता सौंप दी और स्वयं सेवक बन गए। इसके बाद शिवरात्रि के अवसर पर वे सभी देवी-देवताओं को मंडी आमंत्रित कर अतिथि के रूप में सम्मानित करते थे। इस आयोजन में शैव परंपरा का प्रतिनिधित्व बाबा भूतनाथ,



लोक देव परंपरा का प्रतिनिधित्व बड़े देव कमरूनाग और वैष्णव परंपरा का प्रतिनिधित्व राज देवता माधव राय करते हैं। आज भी देवताओं की वरिष्ठता का विशेष ध्यान रखा जाता है, जो उनकी पालकियों की परंपरा और इतिहास से निर्धारित होती है।

देव मिलन इस महोत्सव का सबसे आकर्षक पक्ष होता है। नृत्य करते हुए पालकियां, कनिष्ठ देवताओं का वरिष्ठ देवताओं को झुककर अभिवादन करना और देव वाद्यों की गूंज-पूरा वातावरण देवमय हो उठता है। मंडी जनपद के सबसे बड़े देव कमरूनाग जी के आगमन के बिना शिवरात्रि महोत्सव आरंभ नहीं किया जाता। उनकी उपस्थिति के साथ ही उत्सव की औपचारिक शुरुआत होती है। इतिहासकारों, देव गुरुओं और कारदारों के बीच आज भी यह विषय चर्चा का केंद्र है कि मंडी में शिवरात्रि महोत्सव की वास्तविक शुरुआत कब और कैसे हुई। समय-समय पर राजाओं के शासनकाल में इसके स्वरूप में परिवर्तन होता रहा है, जो आज भी आंशिक रूप से जारी है। कुछ मान्यताओं के अनुसार सन् 1788 में मंडी रियासत के राजा ईश्वरी सेन की कांगड़ा के महाराजा संसार चंद की कैद से रिहाई शिवरात्रि के आसपास हुई थी।

इस खुशी में लोगों ने अपने देवताओं के साथ मंडी पहुँचकर शिवरात्रि और राजा की वापसी का संयुक्त उत्सव मनाया, जिससे इस महोत्सव को नई पहचान मिली। शिवरात्रि महोत्सव का मंडी के राज परिवार से गहरा संबंध रहा है। आज भी राज देव माधव राय की पालकी, जिसे 'जलेब' कहा जाता है, निकलने के बाद ही महोत्सव का शुभारंभ माना जाता है। माधव राय मंदिर से भूतनाथ मंदिर तक निकाली जाने वाली यह भव्य जलेब श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण होती है। इसमें देव रथों के साथ-साथ पुलिस बैंड, घुड़सवार दस्ते और स्कूली बच्चों की परेड भी शामिल होती है।

वर्तमान समय में शिवरात्रि महोत्सव के आयोजन की जिम्मेदारी मंडी जिला प्रशासन के पास है, लेकिन इसकी आत्मा आज भी वही देवसंस्कृति और लोकआस्था है। इस महोत्सव में सामान्यत: 200 से अधिक देवी-देवता भाग लेते हैं और पड्डुल मैदान में लाखों श्रद्धालु उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। पूरे सप्ताह देवताओं का मिलन, जलेबों का आयोजन और सांस्कृतिक संध्याएँ चलती रहती हैं। मंडी नगर के 500वें स्थापना वर्ष में प्रवेश के अवसर पर इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव विशेष रूप से भव्य और ऐतिहासिक होने जा रहा है। प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाट्य मंचन, कवि सम्मेलन, शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य और देवलू नाटी प्रतियोगिताओं का विशेष आयोजन किया जा रहा है। पहली बार 'हेरिटेज वॉक' के माध्यम से आगंतुकों को मंडी के इतिहास, स्थापत्य, आध्यात्मिक केंद्रों और किंवदंतियों से परिचित कराने का प्रयास भी किया जा रहा है। यह उत्सव हिमाचल के सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# स्वास्थ्य सेवाओं को घर-द्वार पहुंचाने की आवश्यकता... वक्त की मांग



**विक्रम वर्मा**
प्रवक्ता अंग्रेजी, शिक्षा खंड गैहरा
जिला चंबा (हि.प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

स्वस्थ शरीर और स्वस्थ नागरिक किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला होते हैं। व्यक्ति का स्वस्थ रहना केवल उसका व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि पूरे समाज की गुणवत्ता और उत्पादकता से जुड़ा होता है। आज स्वास्थ्य केवल शारीरिक स्थिति तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्य में यह विषय और भी गंभीर हो जाता है, जहां असमय और अल्पायु में होने वाली मौतें चिंता का कारण बनती जा रही हैं। इसका एक बड़ा कारण समय पर उपचार और स्वास्थ्य जागरूकता का अभाव है।

हिमाचल प्रदेश अपनी विशिष्ट भौगोलिक संरचना, दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों, बिखरी हुई आबादी और सीमित संसाधनों के कारण स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में विशेष चुनौतियों का सामना करता है। राज्य के कई गांव आज भी ऐसे हैं जहां तक सड़क, संचार और नियमित परिवहन की सुविधाएं सीमित हैं। इन परिस्थितियों में यह अपेक्षा करना कि प्रत्येक नागरिक समय पर अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच सके, व्यावहारिक नहीं लगता। जानकारी की कमी, आर्थिक कमजोरी और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के अभाव में अनेक लोग आवश्यक उपचार से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं को घर-द्वार तक पहुंचाना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि समय की अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है।

चंबा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, सिरमौर और कुल्लू जैसे जिलों के दूरस्थ क्षेत्रों में अस्पताल कई किलोमीटर दूर स्थित हैं। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, दिव्यांगों और गंभीर रोगियों के लिए अस्पताल तक पहुंचना किसी संघर्ष से कम नहीं होता। सर्दियों में बर्फबारी, बरसात में भूस्खलन और खराब



मौसम इस समस्या को और जटिल बना देता है। यदि स्वास्थ्य सेवाएं स्वयं नागरिकों के द्वार तक पहुंचें, तो समय पर उपचार संभव हो सकता है और अनेक बहुमूल्य जीवन बचाए जा सकते हैं। साथ ही, लोगों को आहार-विहार, मौसम और ऋतु के अनुसार जीवनशैली के प्रति जागरूक कर अनेक रोगों को प्रारंभिक अवस्था में ही रोका जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का अभाव एक बड़ी समस्या है। लोग अक्सर शुरुआती लक्षणों को सामान्य समझकर अनदेखा कर देते हैं या घरेलू नुस्खों और झोलाछाप उपचार पर निर्भर रहते हैं। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, टीबी, एनीमिया और कैंसर जैसे रोग तब सामने आते हैं जब स्थिति गंभीर हो चुकी होती है। यदि प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता नियमित रूप से गांव-गांव और घर-घर जाकर स्वास्थ्य शिक्षा दें, जांच करें और प्रारंभिक लक्षणों की पहचान करें, तो गंभीर बीमारियों को समय रहते रोका जा सकता है। असमय और अल्पायु में होने वाली अधिकांश मौतें जागरूकता और समय पर उपचार के अभाव का ही परिणाम हैं। गरीबी भी स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में एक बड़ी बाधा है। कई परिवारों के लिए अस्पताल तक आने-जाने, जांच और दवाइयों का खर्च उठाना कठिन होता है, जिससे वे उपचार को टालते रहते हैं। आज आवश्यकता ऐसे बहुआयामी प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की है, जो प्राथमिक उपचार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, वृद्धजनों की देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श, पोषण, स्वच्छता और जीवनशैली मार्गदर्शन देने में सक्षम हों। आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम और स्थानीय युवाओं को आधुनिक प्रशिक्षण देकर इस भूमिका के लिए तैयार किया जा सकता है।

डिजिटल इंडिया के युग में तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं को घर-द्वार तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। टेली-मेडिसिन और मोबाइल हेल्थ यूनिट से दूरस्थ क्षेत्रों तक विशेषज्ञ सेवाएँ संभव होंगी। इससे भौगोलिक-आर्थिक बाधाएं घटेंगी, अस्पतालों का बोझ कम होगा और स्वस्थ हिमाचल की नींव मजबूत होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल में एसआईआर : सशक्त लोकतंत्र की अनिवार्य आवश्यकता



**विशाल कल्याण**
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, सोलन
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लोकतंत्र की सबसे मजबूत बुनियाद निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय चुनाव व्यवस्था होती है, और इस व्यवस्था की आत्मा एक शुद्ध, अद्यतन तथा त्रुटिरहित मतदाता सूची है। मतदाता सूची केवल नामों का संकलन नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिक को उसके मताधिकार के समान और न्यायसंगत प्रयोग की गारंटी देती है। यदि मतदाता सूची में त्रुटियां हों, तो चुनाव की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। इसी कारण भारत निर्वाचन आयोग समय-समय पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराता है। जब सामान्य पुनरीक्षण पर्याप्त नहीं होता और परिस्थितियां अधिक जटिल हो जाती हैं, तब विशेष गहन पुनरीक्षण (एचआईआर) की आवश्यकता उत्पन्न होती है। हिमाचल प्रदेश जैसे भौगोलिक, सामाजिक और जनसांख्यिकीय दृष्टि से विशिष्ट राज्य में इसका महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है, जहां जनसंख्या का बड़ा हिस्सा ग्रामीण, दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में निवास करता है। अनेक गांव आज भी ऐसे हैं जहां पहुंचने के लिए कठिन रास्ते, सीमित परिवहन साधन और मौसम की अनिश्चितता प्रशासनिक कार्यों को चुनौतीपूर्ण बना देती है। बर्फबारी, भूस्खलन और भारी वर्षा जैसी प्राकृतिक परिस्थितियां मतदाता सूची के नियमित अद्यतन को कठिन बना देती हैं। ऐसे में विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत घर-घर जाकर सत्यापन करना आवश्यक हो जाता है, ताकि मतदाता सूची वास्तविक जमीनी स्थिति को सही रूप में प्रतिबिंबित कर सके। यह प्रक्रिया लोकतंत्र को जड़ों से मजबूत करती है।

हिमाचल प्रदेश में एसआईआर की आवश्यकता का एक प्रमुख कारण पलायन है। राज्य के अनेक युवा शिक्षा और रोजगार के लिए चंडीगढ़, दिल्ली और अन्य राज्यों



की ओर जाते हैं। कई लोग अस्थायी रूप से बाहर रहते हैं, जबकि कुछ स्थायी रूप से वहीं बस जाते हैं, परंतु उनके नाम वर्षों तक अपने मूल निवास स्थान की मतदाता सूची में बने रहते हैं। इससे मतदान प्रतिशत और चुनावी योजना प्रभावित होती है। विशेष गहन पुनरीक्षण के माध्यम से ऐसे स्थानांतरित नागरिकों की पहचान कर मतदाता सूची को वास्तविक स्थिति के अनुरूप बनाया जाता है।

मृत मतदाताओं के नामों का विलोपन भी विशेष गहन पुनरीक्षण का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। हिमाचल प्रदेश में बुजुर्ग आबादी का अनुपात अपेक्षाकृत अधिक है और कई बार मृत्यु की सूचना समय पर संबंधित विभागों तक नहीं पहुंच पाती। परिणामस्वरूप मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में बने रहते हैं, जो लोकतंत्र की पारदर्शिता के लिए हानिकारक है। एसआईआर के दौरान बूथ स्तरीय अधिकारी घर-घर जाकर सत्यापन करते हैं और मृत मतदाताओं के नाम सूची से हटाते हैं, जिससे मतदाता सूची अधिक प्रामाणिक बनती है। दोहरी प्रविष्टियां भी एक गंभीर समस्या हैं। विवाह, नौकरी या स्थान परिवर्तन के कारण कई बार एक ही व्यक्ति का नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हो जाता है। यह 'एक व्यक्ति, एक मत' के सिद्धांत के विरुद्ध है। विशेष गहन पुनरीक्षण ऐसी त्रुटियों की पहचान कर उन्हें समाप्त करता है और मतदाता सूची को निष्पक्ष बनाता है।

तेजी से बढ़ता शहरीकरण और नई बस्तियों का विकास भी इस प्रक्रिया को आवश्यक बनाता है। शिमला, सोलन, कांगड़ा और मंडी जैसे जिलों में बाहर से आकर बसने वाले नए पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करना लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाता है। सामाजिक रूप से यह प्रक्रिया नागरिकों में विश्वास जगाती है कि उनका मत महत्वपूर्ण है और चुनाव आयोग उनकी भागीदारी को गंभीरता से लेता है।

शुद्ध मतदाता सूची से प्रशासनिक योजना सुदृढ़ होती है। विशेष गहन पुनरीक्षण फर्जी प्रविष्टियां हटाकर निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करता है और सशक्त लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संकीर्ण सोच का दायरा और उससे उत्पन्न प्रभाव : कारण, परिणाम और समाधान



**धर्म चंद धीमान**
गांव व डाकघर जैहमत, तहसील बलद्वाड़ा, जिला मंडी (हि.प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

व्यक्ति का व्यक्तित्व उसकी सोच से ही झलकता है। सोच ही उसके व्यवहार, निर्णय और भविष्य की दिशा तय करती है। जब मनुष्य की सोच सीमित, भयग्रस्त और पूर्वाग्रहों से ग्रसित हो जाती है, तो वह संकीर्ण सोच का रूप ले लेती है। यही संकीर्ण सोच धीरे-धीरे व्यक्ति को नकारात्मकता के दायरे में बांध देती है, जहां से बाहर निकलना उसे कठिन प्रतीत होने लगता है।
संकीर्ण सोच का अर्थ है-नई बातों को स्वीकार न करना, दूसरों के विचारों और भावनाओं को महत्व न देना, परिवर्तन से डरना और अपने विचारों को ही अंतिम सत्य मान लेना। ऐसा व्यक्ति हर परिस्थिति को केवल अपने सीमित अनुभव और दृष्टिकोण से देखता है, जिससे उसका मानसिक विकास रुक जाता है और वह धीरे-धीरे समाज की मुख्यधारा से कटने लगता है। नकारात्मक सोच का दायरा एक चक्र की तरह कार्य करता है। मनुष्य का मन यदि नकारात्मक विचारों से भर जाए, तो उसके विचार नकारात्मक बनते हैं, विचार नकारात्मक हों तो व्यवहार भी वैसा ही होता है, और व्यवहार के परिणाम भी नकारात्मक ही सामने आते हैं। ये नकारात्मक परिणाम व्यक्ति की सोच को और अधिक संकीर्ण बना देते हैं। इस प्रकार नकारात्मकता का एक ऐसा दायरा बन जाता है, जिसमें व्यक्ति स्वयं को ही कैद कर लेता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई विद्यार्थी यह मान ले कि 'मैं कभी सफल नहीं हो सकता', तो वह प्रयास करना छोड़ देता है। प्रयास न करने के कारण उसे असफलता मिलती है और यह असफलता उसकी सोच को और मजबूत कर देती है। यही नकारात्मक सोच का दायरा है, जो व्यक्ति को आगे बढ़ने से रोक देता है।

संकीर्ण सोच के अनेक कारण हो सकते हैं। इनमें सबसे प्रमुख कारण अज्ञान और शिक्षा का अभाव है। उचित शिक्षा और सही जानकारी के बिना व्यक्ति अफवाहों, रूढ़ियों



और भ्रम को ही सत्य मान लेता है। भय और असुरक्षा की भावना भी सोच को सीमित कर देती है। असफलता, आलोचना या समाज के तानों का डर व्यक्ति को परिवर्तन की नई राहों पर चलने से रोकता है। बार-बार की असफलताएं या धोखे के अनुभव व्यक्ति को नकारात्मक बना देते हैं, जिससे वह हर स्थिति को उसी अनुभव की कसौटी पर परखने लगता है। जो व्यक्ति स्वयं पर विश्वास नहीं करता, वह दूसरों की सफलता से जलने लगता है और स्वयं को हीन समझने लगता है। संकीर्ण सोच से उत्पन्न नकारात्मक प्रभाव व्यक्ति के जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित करते हैं। मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद इसका पहला दुष्परिणाम होते हैं। ऐसे व्यक्ति के संबंधों में कड़वाहट आ जाती है, क्योंकि वह दूसरों की भावनाओं और दृष्टिकोण को समझने में असमर्थ होता है। नकारात्मक सोच के कारण अनेक अवसर हाथ से निकल जाते हैं, क्योंकि व्यक्ति जोखिम लेने और नए प्रयोग करने से डरता है। रचनात्मकता और नवाचार का अभाव हो जाता है, जिससे व्यक्तिगत और सामाजिक विकास रुक जाता है। समाज के स्तर पर यह सोच असहिष्णुता, संघर्ष और वैमनस्य को जन्म देती है। संकीर्ण सोच व्यक्ति को स्वयं दुखी बनाती है और दूसरों की खुशी भी न दिखाई देती है। इसे आत्ममंथन, सकारात्मक दृष्टिकोण और सीखने की प्रवृत्ति से तोड़ा जा सकता है। अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखना, दूसरों का सम्मान करना और अनुभव को सीख मानना सोच को व्यापक बनाता है। शिक्षा और खुले विचार व्यक्ति को नकारात्मकता से मुक्त कर सफलता और समाज की उन्नति की ओर अग्रसर करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# घनी आबादी के बीच खतरा बना टूटा मार्ग

## ढडयाल का धंसा-ढहा रास्ता कर रहा सुधार का इंतजार, नगर परिषद की चुप्पी सवालों में

अनंत ज्ञान

**भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** नगर परिषद सुंदरनगर के अंतर्गत आता ढडयाल वार्ड नं 4 का रास्ता पक्का तो जरूर है, मगर इसका एक बड़ा भाग धंसा-ढहा पड़ा है और नीचे गहरे में जहां इस रास्ते का मलबा गिरा पड़ा है। वह किसी की निजी भूमि बताई जाती है जो रास्ता न सुधारे जाने व मलबा न उठाए जाने से परेशान है, वहीं इस धंसे-ढहे रास्ते के भाग की बची-खुची फाइलें आदि को समेट कर इस टूटे-फूटे रास्ते पर ढेर लगाकर रख तो जरूर दी गई हैं, मगर यह स्थान अब भी राहगिरों के लिए किसी गंभीर खतरे से कम नहीं है क्योंकि यहां बड़ी चूक हो सकती है और बड़ी दुर्घटना होने की आशंका सदा बनी हुई है।



टूटे मार्ग से हो सकता है हादसों का खतरा। अनंत ज्ञान

यह व्यस्त रास्ता मानसूनी बरसात के समय का धंसा-ढहा बताया जा रहा है जो अभी तक अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। सार्वजनिक इस समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद सुंदरनगर अभी तक किसी भी किस्म के ठोस उपाय नहीं कर पाई है ऐसी स्थिति में इस बदहाली से हटकर यह रास्ता कच्ची अस्थाई हालत में लोगों की जमीन पर से गुजर रहा है, और अगर अब भी रास्ते का सुधार नहीं हुआ तो रास्ते की इस फिलहाल की सहूलियत पर पूर्ण विराम लग सकता है। शहरी क्षेत्र का यह महत्वपूर्ण रास्ता जो एक बड़ी आबादी को जोड़े हुए है के टूटने -गिरने का क्रम जारी है और यह भारी भरकम मलबा दूसरी तरफ यानि साथ रहने वाले व्यक्ति की कृषि योग्य भूमि को खराब करता जा रहा है।

हैरानी तथा दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतना समय बीत जाने के बाद भी राम भरोसे पड़े रास्ते की बिगड़ी बनाने के लिए संबंधित विभाग एवं प्रशासन उदासीन रवैया अपनाए हुआ है जिससे बुद्धिजीवी लोगों व आम लोगों में सख्त नाराजगी एवं गुस्सा भरा पड़ा है दूसरी ही ओर तकनीक एवं गुणवत्ता को लेकर कहीं न कहीं रास्ते के निर्माण पर सवालिया निशान खड़ा करके तरह-तरह की बातें की जा रही है जो भी हो मानसूनी बरसाती मौसम को गुजरे हुए पांच माह के आसपास का समय होने जा रहा है और इतने समय तक नप का मुंह फेर कर बैठे रहना जनहित के कार्य पर किसी कुठाराघात करने से कम नहीं है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

इसके लिए शहरी निकाय जिसे स्थानीय स्तर पर शहरों और कस्बों का प्रशासन चलाने वाली सरकारी संस्थाएं कहा तो जरूर जाता है मगर अपने नागरिकों के लिए बुनियादी सुविधाएं जिनमें मुख्यतौर पर पानी, सफाई, सड़क और स्ट्रीट लाइट देने की बात की जाती है, कहां तक सही साबित होती है इस लगभग आधे बरस से लुढ़के - औंधे मुंह गिरे -पड़े उक्त रास्ते को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि अंधेरनगरी किस हद तक लोगों-राहगिरों को ज़ख्म दे रही है। लोगों ने डीसी मंडी से पुरजोर मांग की है कि जान के लिए आफत बने ढडयाल के धंसे- ढहे रास्ते को शीघ्र ही सुधारने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। ढडयाल के क्षतिग्रस्त रास्ते से पेयजल आपूर्ति पाइपों को भी अपना स्थान छोड़ना पड़ा है जो बेतरतीब तरीके से एक बड़े भाग में अव्यवस्थित सी ढुलकी पड़ी हालत में देखी जा सकती है।

# 16 से शुरू हो रहे महाशिवरात्रि महोत्सव में देवताओं के स्वागत की तैयारियां तेज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** 16 फरवरी से आरंभ होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर मंडी पहुंचने वाले देवी-देवताओं एवं उनके साथ आने वाले देवलुओं के ठहरने, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं संयोजक देवता उप समिति, शिवरात्रि मेला डॉ. मदन कुमार ने कहा कि महोत्सव के दौरान देवताओं और देवलुओं की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि महोत्सव में आने वाले देवता एवं देवलू ब्वायज स्कूल, गर्ल्स स्कूल, डाइट तथा देव सदन कांगणीधार में ठहरते हैं, जहां सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। ठहराव स्थलों पर नियमित साफ-सफाई, पेयजल और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर पेयजल टैंकरों की व्यवस्था भी उपलब्ध रखी जाएगी। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि देवता समिति के आग्रह पर इस बार सभी देवता पड्डल मैदान में पैगोड़ा शैली के आकर्षक टेंटों में विराजमान रहेंगे। इससे देव श्रृंखला और अधिक भव्य और सुसज्जित दिखाई देगी, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी।



बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी। अनंत ज्ञान

उन्होंने नगर निगम को ठहराव स्थलों पर नियमित साफ-सफाई के लिए पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने तथा जलशक्ति विभाग को पेयजल की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए महोत्सव की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि महोत्सव आस्था, परंपरा और संस्कृति का उत्सव है और इसके सफल आयोजन के लिए सभी विभाग सकारात्मक सोच और सहयोग की भावना से कार्य कर रहे हैं, ताकि देवताओं, देवलुओं और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में देवता उप समिति के सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने सभी सुझावों पर कार्य करने का आश्वासन देते हुए कहा कि देवताओं के सम्मान और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### बस और बाइक में टक्कर, दो छात्र घायल



**अनंत ज्ञान, गोहर।** उपमंडल गोहर के लेहोटी मोड़ के पास मंडी से गोहर जा रही एक निजी बस की सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक छात्र हरियाणा व दूसरा नेरचौक का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार दोनों घायल युवक हॉर्टिकल्चर कॉलेज गुड़ाहरी के छात्र बताए जा रहे हैं। दोनों घायलों को सिविल अस्पताल गोहर में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि दोनों को अधिक गंभीर चोटें नहीं आई हैं और उनकी हालत स्थिर है। बता दें कि दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था। हादसे के तुरंत बाद सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई थी, लेकिन कुछ समय बाद गोहर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात बहाल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बास्केटबाल व वॉलीबाल टूर्नामेंट 14-15 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** चोल्थरा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 14 व 15 फरवरी को स्वर्गीय दिनेश गुलेरिया की स्मृति में प्रथम मेमोरियल बास्केटबॉल व वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में बास्केटबॉल और वॉलीबॉल की टीमें भाग लेंगी, जिसमें वॉलीबॉल मुकाबले लीग आधार पर खेले जाएंगे और जिला तथा हिमाचल स्तर की टीमें प्रतिभाग करेंगी। विजेता टीमों को 31 हजार रुपये तथा उपविजेता टीमों को 21 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। आयोजन में किसी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं रखा गया है। टूर्नामेंट का आयोजन आदर्शिनी वेलफेयर सोसायटी एवं स्पोर्ट्स क्लब चोल्थरा द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए भोजन और ठहरने की समुचित व्यवस्था भी की जाएगी।

### जिलास्तरीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता 5 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, महादेव।** एमेच्योर ग्रैपलिंग संघ जिला मंडी की बैठक जिलाध्यक्ष पिंकू उर्फ पंकज चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महासचिव तिलक राज, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, सदस्य गोपाल तथा रजत चौहान उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी जिला स्तरीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष पिंकू उर्फ पंकज चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता 5 अप्रैल को लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल छात्र में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20, सीनियर एवं वेटरन वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिला स्तरीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में जिला मंडी की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### 25 तक करें बकाया बिजली बिल का भुगतान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, भद्रवाड के सहायक अभियंता ई. हंस राज ने विद्युत उपमंडल भद्रवाड के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने लंबित बिजली बिलों का भुगतान 25 फरवरी तक अवश्य कर दें। यह जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में विद्युत बोर्ड की वेबसाइट पर आवश्यक तकनीकी कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को बिल का भुगतान करने में दिक्कत आ सकती है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से ऑनलाइन भुगतान प्रणाली का अधिकाधिक उपयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे अंतिम तिथि से पहले अपने बकाया बिलों का निपटान कर लें और अनावश्यक परेशानी से बचें।

### ऋषभ पराशर ने यूजीसी नेट परीक्षा की पास

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला मंडी के उपमंडल धर्मपुर के स्योह निवासी ऋषभ पराशर पुत्र बलबीर सिंह ने यूजीसी नेट परीक्षा 2025 इतिहास विषय में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ऋषभ पराशर के पिता बलबीर सिंह वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्योह में भाषा अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। ऋषभ ने पहली कक्षा से बाहरवी तक की पढाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्योह से की है उन्होने अपनी इस सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, अध्यापकों के उचित मार्गदर्शन तथा माता-पिता के सहयोग को दिया है। उन्होंने बताया कि निरंतर अभ्यास, सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही यह मुकाम हासिल हुआ है। ऋषभ की इस सफलता पर क्षेत्र के लोगों, शिक्षकों और परिजनों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिजनों ने आशा जताई है कि ऋषभ आगे भी अपने उद्देश्य की पूर्ति कर शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे और युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे।



### जोगिंद्रनगर में शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भारतीय सेना की गौरवशाली 9 डोगरा रेजिमेंट का 79वां रेजिंग डे जोगिंद्रनगर में भूतपूर्व सैनिकों की गरिमामय उपस्थिति में श्रद्धा, गर्व और अपनत्व के भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व सैनिकों ने अपनी सेवा, संघर्ष और बलिदान से जुड़े गौरवशाली पलों को स्मरण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जोगिंद्रनगर विकास मंच के संस्थापक केके सकलानी तथा कमांडेंट जेपी राणा ने भूतपूर्व सैनिकों की निस्वार्थ सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि सैनिकों का योगदान केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उनका अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति समाज के लिए भी प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में ऑपरेशन रक्षक, ऑपरेशन पराक्रम तथा संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में रेजिमेंट के योगदान को विशेष रूप से याद किया गया। इस दौरान अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा वर्तमान में सेवा दे रहे जवानों को रेजिमेंट की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। वीर नारियों और सैनिक परिवारों के त्याग, धैर्य और समर्पण को भी सम्मानपूर्वक नमन किया गया।

# जोगिंद्रनगर विकास मंच का खद्दर में मिलन सामाजिक विकास पर किया विचार-विमर्श

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर विकास मंच द्वारा ग्राम खद्दर में सामाजिक विकास और जनकल्याण को लेकर एक विशेष मिलन एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंच के संस्थापक केके सकलानी के निवास पर संपन्न हुआ, जिसमें खद्दर पंचायत के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान मंच के पदाधिकारियों ने मंच के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जोगिंद्रनगर विकास मंच का मुख्य लक्ष्य आपदा प्रभावित परिवारों, गंभीर रूप से बीमार बच्चों तथा असहाय व जरूरतमंद व्यक्तियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना है। वक्ताओं ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के लिए ऐसे सामाजिक मंच उम्मीद की किरण बनकर कार्य कर रहे हैं।



खद्दर में मिलन एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम के दौरान। अनंत ज्ञान

विचार-विमर्श के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की अनदेखी, बुनियादी सुविधाओं की कमी तथा विकास से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि जब सरकार और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता सामने आती है, तब सामाजिक संगठनों और मंचों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

कार्यक्रम के अंत में मंच के अध्यक्ष कमांडेंट जे.पी. राणा ने जनभागीदारी को समग्र और सतत विकास की कुंजी बताते हुए उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि

- **आर्थिक व सामाजिक मदद के लिए ग्रामीणों ने जताई सक्रिय भागीदारी**

समाज सेवा तभी सफल हो सकती है जब लोग एकजुट होकर इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं ।ग्रामीणों ने भी एकमत होकर समाज सेवा के इस अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष कमांडेंट जेपी राणा, संजीव शर्मा, प्रताप चौहान सहित कई उपस्थित रहे।

# वोचिंग-रूलिंग मार्ग पर बस सेवा शुरू करने की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** लोक निर्माण विभाग के उपमंडल झटिंगरी के अंतर्गत आने वाले वोचिंग-रूलिंग सड़क मार्ग पर सरकारी बस सेवा शुरू करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर बस सेवा शुरू होने से कुीयाण, लपास, नोट, सच्चान गहर, कशामल, गलू तथा रूलिंग गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। लपास पंचायत के पूर्व उपप्रधान भोखी राम ने बताया कि दो वर्ष पूर्व कशामल गांव तक बस का सफल ट्रायल हो चुका है और सड़क भी बस योग्य बन चुकी है, इसके बावजूद अब तक बस सेवा शुरू नहीं की गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने सरकार व हिमाचल पथ परिवहन निगम से मांग की है कि कशामल गांव तक सुबह व शाम सरकारी बस चलाई जाए तथा आगे रूलिंग गांव तक भी बस योग्य सड़क बनाकर बस सुविधा उपलब्ध करवाई जाए, ताकि स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटक भी रूलिंग नाला के प्राकृतिक झरनों और क्षेत्र की सुंदर वादियों का आनंद ले सकें।

# सज्याओ पंचायत में गांव-गांव में नशा मुक्ति के लिए अभियान तेज

अनंत ज्ञान

- **गठित की जा रही हैं निगरानी कमेटियां**
- **8 मार्च को आयोजित होगा सम्मेलन व खेलकूद प्रतियोगिताः डॉ. विना राठौर**

**सरकाघाट।** नशा मुक्ति अभियान के तहत धर्मपुर विकास खंड की सज्याओ क्षेत्रीय कमेटी ने वार्ड स्तरीय कैम्प अयोजित करने की मुहिम शुरू की है, जिसका नेतृत्व कमेटी अध्यक्षा डॉ. विना राठौर और महासचिव सतीश कुमार कर रहे हैं।

उनके साथ रणताज राणा, रत्न चंद, नानक चंद, राणा व सुरेंद्र कशयप भी कैम्पों में बतौर स्रोत व्यक्ति शामिल हो रहे हैं। डा. विना राठौर ने बताया कि सज्याओ क्षेत्र में आने वाली सात ग्राम पंचायतों के सभी वार्डों में महिलाओं के जागरूकता कैम्प फ़रवरी माह में अयोजित किए जाएंगे और निगरानी कमेटियों का गठन किया जाएगा, जिसमें तहत सजयोपिपलु ग्राम पंचायत के वार्ड पाड़छु-सजयोड़ी, गदयाड़ा में कमेटियां गठित कर दी गई हैं, जिनमें सजयोड़ी की कमेटी प्रधान शीला देवी को तथ रीना को सचिव गदयाड़ा की प्रधान भवनलता तथा सचिव मीना देवी और सज्याओ। वार्ड की प्रधान प्रोमिला, उपप्रधान शंकुतला तथा सचिव बबिता चौहान को बनाया गया है। राठौर ने कहा कि 8 मार्च को होने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सज्यओ में महिला सम्मेलन और खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कमेटी के निर्णय अनुसार उससे पहले सभी वार्डों में निगरानी समितियों का गठन कर लिया जायेगा ।अभियान समिति ईन कैम्पों में पर्चा वितरण भी कर रही हैं जिसमें चिट्टे व अन्य नशे की सूचना देने के लिए पुलिस द्वारा जारी 112 टोल फ्री नंबर भी प्रिंट किया गया है जिस पर सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाता है।

# सरकाघाट कॉलेज की छात्रा सरगम ने किक-बॉक्सिंग में रचा कीर्तिमान

अनंत ज्ञान



सरगम को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट कॉलेज की छात्रा सरगम ने किक बॉक्सिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक प्राप्त कर महाविद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खेलो इंडिया के अंतर्गत आयोजित नेशनल खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग जोनल लीग में सरगम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

यह प्रतियोगिता जम्मू विश्वविद्यालय के जिम्नेजियम हॉल में आयोजित की गई। सरगम ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, 5वीं इंडिया ओपन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग कप 2026 में -65 किलोग्राम भार वर्ग में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 04 से 08 फरवरी 2026 तक केडी झाडव इंडोर स्टेडियम, आईजी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में आयोजित हुई। सरगम वर्तमान में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल, डॉ. राजीव राणा तथा प्रवक्ता दिनेश कुमार शारीरिक शिक्षा विभाग सहित समस्त स्टाफ एवं खेल प्रेमियों ने सरगम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# स्मार्ट मीटर से न बढ़ेगा बिल, न घटेगी सब्सिडी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** स्मार्ट बिजली मीटरों को लेकर सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से फैल रही भ्रामक सूचनाओं के बीच हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने स्थिति स्पष्ट की है। वरिष्ठ अधिशासी अभियंता सरकाघाट इंजीनियर आर.के. गुप्ता ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने से उपभोक्ताओं के बिजली बिल, सब्सिडी अथवा 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा पर कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा और वर्तमान में दी जा रही सभी सुविधाएं पूर्ववत जारी रहेंगी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर केवल बिजली खपत को सटीक रूप से मापने का आधुनिक उपकरण है, जिससे वास्तविक समय का डेटा उपलब्ध होता है और सही बिलिंग, पारदर्शिता व बेहतर उपभोक्ता सेवाएं सुनिश्चित होती हैं। इससे न तो टैरिफ में बदलाव होगा और न ही उपभोक्ता अधिकारों पर कोई असर पड़ेगा। विद्युत बोर्ड ने आम जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी भी शंका या समस्या के समाधान के लिए नजदीकी विद्युत उपमंडल अथवा कार्यालय से संपर्क करें तथा स्मार्ट मीटर स्थापना के दौरान विभागीय कर्मचारियों को सहयोग दें, क्योंकि यह पहल उपभोक्ताओं के हित में बिजली व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में उतरीं लडभड़ोल की महिलाएं, बाजार में निकाली रोष रैली

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल तहसील क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के प्रस्ताव के खिलाफ महिलाओं में भारी रोष देखने को मिला। सोमवार को महिला मंडल चैल चतरा की सदस्यों ने लडभड़ोल बाजार में रोष रैली निकालकर स्मार्ट मीटरों के विरोध में जोरदार नारेबाजी की।

महिलाओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्हें अपने क्षेत्र में स्मार्ट मीटर किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं हैं। रैली के उपरांत महिला मंडल की सदस्यों ने स्थानीय तहसीलदार के माध्यम से सरकार और विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्मार्ट मीटरों से जुड़ी व्यवहारिक दिक्कतों का उल्लेख करते हुए इस योजना को बुजुर्गों के लिए परेशानी बताया गया। महिला मंडल की सदस्य कृष्णी देवी, सपना, रूपा देवी, रीता, मीरा, सरोज, सावित्री, माया देवी व शकुंतला आदि ने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश घरों में युवा और बहुएं रोजगार के सिलसिले में बाहर रहते हैं, जबकि घर पर केवल बुजुर्ग ही मौजूद रहते हैं। बुजुर्गों के पास साधारण कीपैड फोन हैं, न कि स्मार्ट फोन। ऐसे में ऐप के माध्यम से रिचार्ज करना और बिजली बिल की जानकारी प्राप्त करना उनके लिए बेहद कठिन होगा ।महिलाओं ने स्मार्ट मीटरों को बुजुर्गों के लिए 'मुसीबत' बताते हुए कहा कि यदि सरकार स्मार्ट मीटर लगाना चाहती है तो उसका पूरा खर्च स्वयं वहन करे। जनता की जेब से इसके लिए पैसे काटना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## सरकाघाट में स्मार्ट मीटरों के विरोध में प्रदर्शन 12 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** स्मार्ट बिजली मीटरों के विरोध में 12 फरवरी को सरकाघाट में संयुक्त प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी मजदूर संगठन सीटू के जिला प्रधान एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, करतार सिंह चौहान, रणताज राणा, दिनेश काकू, मेहर चन्द गारला और बीडी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सीटू, मनरेगा मज़दूर यूनियन, हिमाचल किसान सभा, नागरिक सभा सरकाघाट, बिजली बोर्ड के कार्यरत व सेवानिवृत्त कर्मचारी यूनियन सहित अन्य संगठन इसमें भाग लेंगे। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि स्मार्ट मीटर योजना बिजली बोर्ड को निजी कंपनियों के हवाले करने की दिशा में कदम है, जिससे भविष्य में बिजली महंगी होगी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब लगभग 500 रुपये की लागत वाले पारंपरिक मीटर सही रीडिंग दे रहे हैं तो 2500 करोड़ रुपये खर्च कर महंगे मीटर लगाने की जरूरत क्यों है, जिसका भार अंततः उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

**अनदेखी** 78 साल बाद भी नागरिक हकों से वंचित स्वच्छ भारत मिशन के वास्तविक नायक

# स्वच्छता के असली नायक, फिर भी बेघर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** आजादी के 78 वर्ष बाद भी मंडी शहर का वाल्मीकि समाज बुनियादी नागरिक हक़ों से वंचित है। शहरी निर्माण और सफाई व्यवस्था में दशकों से योगदान देने के बावजूद यह समाज आज भी आवासीय भूमि के अभाव में कठिन हालात झेल रहा है। मंडी नगर में 1960 के दशक से स्वच्छ भारत मिशन के वास्तविक नायक के रूप में कार्य कर रहे वाल्मीकि समाज के परिवार भूमिहीन हैं।




आवासीय भूमि और बुनियादी अधिकारों की मांग करते हुए वाल्मीकि समाज के लोग। अनंत ज्ञान

भूमि न होने से इनके जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाते, जिससे बच्चों को स्कूल, आईटीआई और कॉलेज में छात्रवृत्ति व अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है। वर्ष 2013 में अवैध कब्जों के नाम पर मकान तोड़े जाने के दौरान वाल्मीकि समाज के आशियाने भी निशाने पर आए। इसके बाद 'भूमिहीन भूमि अधिकार मंच' और 'सामाजिक आर्थिक समानता के लिए जन अभियान' के माध्यम से समाज ने तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह और पूर्व राजस्व मंत्री कौल सिंह से वर्षों से बसे स्थान को आवासीय भूमि घोषित करने की मांग की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

प्रभावित परिवारों ने सामाजिक न्याय के पक्षधर एडवोकेट कामरेड देशराज और एडवोकेट अश्वनी पाठक के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। न्यायालय ने बेदखली से पहले पुनर्वास नीति बनाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी तत्कालीन उपायुक्त संदीप कदम को पुनर्वास संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए थे, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। 8 अगस्त 2026 को महर्षि वाल्मीकि आश्रम मंडी में आयोजित बैठक में फिर मांग उठाई गई कि जिस भूमि पर समाज वर्षों से रह रहा है, उसे आवासीय योजना के तहत दिया जाए। बैठक में 'वाल्मीकि समाज पुनर्वास समिति मंडी' का गठन किया गया। समिति में प्रधान अशोक कुमार, उपप्रधान सुनीता देवी, शिवम, विशंभर व राजो देवी, सचिव प्रवीण कुमार, सहसचिव दीपक, कोषाध्यक्ष प्रियांशु तथा कार्यकारिणी सदस्य चंद्रवीर कांगरा, विशाल, धीरज, कृष्णा देवी, गीता दयावती, उर्मिला, अनिल, सुमनलता और शाखादेवी को चुना गया।

# गणई गांव की मुस्कान ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर रचा इतिहास

अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** गोहर उपमंडल की नेहरा पंचायत के गणई गांव की बेटी मुस्कान, पुत्री संजीव कुमार व माता आशा कुमारी ने प्रतिष्ठित यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



मुस्कान ने अपनी प्रारंभिक कानून की पढ़ाई बी ए एल एल बी (BALLB) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से पूरी की, जबकि एलएलएम (LLM) नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (NLU) घंडल, शिमला से किया। कड़े परिश्रम और निरंतर अध्ययन के बल पर मुस्कान ने असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता प्राप्त कर ली है।

उल्लेखनीय है कि इंडस ग्लोबल स्कूल मंडी में पढ़ाई के दौरान आयोजित एक शिविर में मंडी कोर्ट से आई एक न्यायाधीश के विचारों से प्रेरित होकर मुस्कान ने कानून को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। तभी से उन्होंने कानून की पढ़ाई को अपना आदर्श मानते हुए निरंतर मेहनत जारी रखी।

लॉ में मास्टर डिग्री प्राप्त करने के बाद मुस्कान विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थीं और अपने पहले ही प्रयास में यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

अब मुस्कान नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (NLU) या अन्य प्रतिष्ठित संस्थान से लॉ विषय में पीएचडी करेगी और शिक्षण व शोध के क्षेत्र में अपना योगदान देने का लक्ष्य रखती है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों, शिक्षकों और परिजनों ने खुशी जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।




# औहर ग्राम पंचायत बनी विकास, आस्था और सहभागिता की मिसाल

*अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।* *घुमारवीं उपमंडल की औहर ग्राम पंचायत एक महत्वपूर्ण और सक्रिय पंचायत के रूप में अपनी अलग पहचान रखती है। यह पंचायत न केवल औहर गांव, बल्कि इससे जुड़े अन्य गांवों के प्रशासनिक व विकासात्मक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही है। ग्रामीण जीवन, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था व सामाजिक सहभागिता यहां की मूल पहचान है। सड़क, पेयजल, स्वच्छता, सामाजिक कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ नशा-निवारण जैसे सामाजिक अभियानों में भी औहर पंचायत का योगदान उल्लेखनीय रहा है। पंचायत प्रांगण में स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर औहर पंचायत की धार्मिक व सांस्कृतिक पहचान का केंद्र है। इस मंदिर की मान्यता दूर-दूर तक है। श्रद्धालु यहां आकर मन्नत मांगते हैं और ग्रामीणों का विश्वास है कि उनकी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। विकास व आस्था का यह संगम औहर पंचायत को विशिष्ट बनाता है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि औहर ग्राम पंचायत विकास, पारदर्शिता, सामाजिक जिम्मेदारी और जनसहभागिता का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरी है। पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयासों से यह पंचायत आने वाले समय में और अधिक सशक्त भूमिका निभा सकती है।*



**औहर** पंचायत के निवर्तमान उपप्रधान रंजीत वर्धन ने बताया कि उनके कार्यकाल में पंचायत में बड़े स्तर पर विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में बड़े व सुव्यवस्थित पार्कों का निर्माण किया गया है, जहां बच्चे व स्थानीय लोग खेलकूद और मनोरंजन के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत में एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकास कार्य करवाए गए हैं, जिनमें नालियों का निर्माण, सड़कों व गलियों को पक्का करना प्रमुख है। आगामी पंचायत चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने स्पष्ट कहा, 'चुनाव तो लड़ना ही है और मुझे पूरा विश्वास है कि पंचायत की जनता पहले की तरह इस बार भी मेरा भरपूर सहयोग करेगी।'



**पंचायत** के युवा शिवांश ने कहा कि औहर पंचायत ने युवाओं के लिए खेलकूद की बेहतर व्यवस्था की है, जो आज के समय में बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि पंचायत द्वारा किए गए कार्य सराहनीय हैं और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक माहौल मिला है।



**पंचायत** के सेवानिवृत्त अधिकारी व पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश दिनेश ने बताया कि इस कार्यकाल में पंचायत प्रधान का पद महिला आरक्षित था और प्रधान ने सभी वर्गों को साथ लेकर बेहतरीन कार्य किया। उन्होंने कहा कि औहर पंचायत ने नशा-निवारण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है व युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए निरंतर प्रयास किए गए। मनरेगा पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि गांव के लोग इस योजना की ओर अपेक्षाकृत कम ध्यान देते हैं, जबकि यह एक अत्यंत उपयोगी योजना है, जिससे रोजगार के साथ-साथ विकास कार्य भी होते हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत द्वारा कई गलियां पक्की की गईं और डंगे लगाए गए। इससे गांव की तस्वीर बदली है।



**गांव** के बुजुर्ग सोहन लाल ने बताया कि पंचायत में उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी पंचायतवासी को कोई समस्या आती थी तो प्रधान और उपप्रधान मिलकर उसका तुरंत समाधान करते थे, जिससे लोगों में विश्वास बना रहा।




घुमारवीं उपमंडल की औहर पंचायत भवन का दृश्य। अनंत ज्ञान



**वार्ड** नंबर-1 की निवर्तमान सदस्य सरोज कुमारी ने बताया कि उनके वार्ड में कई विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत सड़क निर्माण सहित अन्य कार्य सफलतापूर्वक किए गए, जिससे वार्डवासियों को रोजगार और बेहतर बुनियादी सुविधाओं का सीधा लाभ मिला।



**पंचायत** निवासी तिलक राज शर्मा ने कहा कि कुछ कार्य अभी अधूरे रह गए हैं, जिनकी जानकारी उन्होंने सार्वजनिक रूप से पंचायत को दी थी। इसके बावजूद उन्होंने माना कि पंचायत प्रतिनिधियों ने अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि इन्हें एक और मौका मिलना चाहिए, ताकि अधूरे कार्य पूरे हो सकें। उन्होंने पानी की कूहल निर्माण को पंचायत का एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कार्य बताया।



घुमारवीं की औहर पंचायत में ठाकुरद्वारा मंदिर। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### झंडूता में नए रेंज आफिसर ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल में वन विभाग की रेंज आफिसर के पद पर अशेक ठाकुर ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। रेंज आफिसर अशेक ठाकुर ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपनी प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वे सबसे पहले सभी आफिसरों व वनकर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करेंगे। इस बैठक में क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि वनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही, आगामी फायर सीजन को देखते हुए पूरी रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके लिए संबंधित कमेटियों के साथ बैठकें की जाएंगी और आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएंगी।

### सरकार करवा रही प्रदेश की बदनामी: सीआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश जिला बिलासपुर ने प्रदेश सरकार पर कर्मचारियों व पेंशनर्स के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया है। जिला प्रधान चेत राम वर्मा ने कहा कि सरकार वेतन, पेंशन, 13 प्रतिशत महंगाई भत्ता फ्रीज करने की बात कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश पर भारी कर्ज लेने के बावजूद आर्थिक स्थिति नहीं सुधरी व सरकार बार-बार आर्थिक संकट का रोना रोकर प्रदेश की बदनामी करवा रही है। एसोसिएशन ने मांग की कि कर्मचारियों व पेंशनर्स की लंबित देनदारियों का जल्द भुगतान किया जाए, अन्यथा आने वाले समय में आंदोलन तेज किया जाएगा। पेंशनर्स से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की अपील की गई।

### कुकिंग प्रतियोगिता व प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल छत्त में मिड-डे मील योजना के तहत जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता एवं प्रैक्टिकल ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के छह शिक्षा खंडों के विजेता मिड-डे मील कर्मियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में घुमारवीं-1 की प्रीतिमा ने पहला और श्री नयना देवी जी की सपना ने दूसरा स्थान हासिल किया। पर्यटन निगम के होटल लेक व्यू के मैनेजर तुलसीराम ठाकुर के नेतृत्व में अनुभवी स्टाफ ने किचन मैनेजमेंट और प्रोफेशनल कुकिंग का प्रशिक्षण दिया। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक नरेश कुमारी चंदेल ने कहा कि मिड-डे मील योजना बच्चों के स्वास्थ्य व भविष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है और इसमें सीखी गई तकनीकों को स्कूलों में लागू किया जाना चाहिए।

### गैस एजेंसियों के लिए वितरण रोस्टर चार्ट जारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जिले में एलपीजी सिलेंडर की सुचारु व समयबद्ध आपूर्ति के लिए गैस एजेंसियों के लिए वितरण रोस्टर रूट चार्ट जारी किया गया है। यह रोस्टर सभी गैस एजेंसियों व ग्रामीण वितरकों के माध्यम से लागू किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को पारदर्शी और नियमित सेवा मिल सके। रोस्टर प्रणाली से विशेष रूप से ग्रामीण उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। उपभोक्ता अपनी संबंधित गैस एजेंसी से संपर्क कर रोस्टर की जानकारी प्राप्त कर समय पर सिलेंडर रिफिल करवा सकते हैं। जिले में घरेलू एलपीजी आपूर्ति के लिए सैनी, नड्डा, नम्होल, घुमारवीं, विनिता (हटवाड़), भराड़ी, जसवाल (लडयानी), झंडूता, बरठीं, भडोलीकलां, रूदा (स्वारघाट), विजय (ग्वालथाई) व बैहल गैस एजेंसियों से संपर्क किया जा सकता है।

### स्मार्ट मीटर योजना पर जागरूकता शिविर आज

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** बिजली उपमंडल भरवाईं के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र माधव का टिल्ला, चिंतपूर्णी में नए लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों के संदर्भ में एक विशेष जागरूकता सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह सभा मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे निर्धारित स्थान पर आयोजित की जाएगी। इस सभा का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के मन में स्मार्ट मीटरों को लेकर फैली विभिन्न भ्रांतियों और आशंकाओं को दूर करना है। विभाग के अधिकारियों द्वारा मीटर की कार्यप्रणाली, बिलिंग प्रक्रिया और इससे होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की जाएगी। विभाग ने सभी स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे इस सभा में अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित हों, ताकि वे तकनीकी जानकारी प्राप्त कर सकें और अपनी समस्याओं का मौके पर ही समाधान पा सकें।

# बेहड जस्वां में कबड्डी टूर्नामेंट का समापन, देहलां टीम ने मारी बाजी



कबड्डी प्रतियोगिता में अव्वल रही टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी के बेहड जस्वां में बजरंगबली युवा क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला देहलां और कार्तिक-7 की टीमों के बीच खेला गया। इसमें देहलां की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

इस प्रतियोगिता में जिला ऊना की कुल 20 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम देहलां को 11,000 रुपए नकद राशि व ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम कार्तिक-7 को 7,100 रुपए नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के समापन अवसर पर डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर के फाउंडर अभिषेक डोगरा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मैदान में खिलाड़ियों का जोश, खेल भावना व एक-दूसरे के प्रति समर्पण यह दर्शाता है कि हमारा युवा वर्ग हर चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार है। ऐसे खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ अनुशासन और आपसी एकता को भी मजबूत करते हैं। मुख्यातिथि ने बजरंगबली युवा क्लब के सभी सदस्यों को इस सराहनीय पहल के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर टूर्नामेंट के कॉमेंटेटर विकास, विशाल सैली, शालू, शंभू फौजी सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# भंजाल स्कूल की शिवकाली पत्रिका का हुआ प्रकाशन

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के द्वारा शिव काली स्कूल पत्रिका का प्रकाशन किया है। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया लगभग 20 वर्षों के बाद शिवकाली पत्रिका का प्रकाशन स्कूल प्रशासन द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 2006 में यह पत्रिका प्रकाशित की गई थी। सोमवार को इस शिवकाली पत्रिका की एक प्रति इलाके के विधायक राकेश कालिया को भेंट की गई। विधायक राकेश कालिया ने शिवकली पत्रिका के नाम जारी अपने संदेश में कहा कि पत्रिका का प्रकाशन हर्ष का विषय है, ऐसी पत्रिकाओं के प्रकाशन से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के सभी छात्रों को शिवकाली पत्रिका की एक-एक प्रति भेंट की गई और बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर अधीक्षक दिनेश कुमार, वरिष्ठ लेक्चरर सुरेश ठाकुर, मुकेश सालारिया, अनु शर्मा आदि उपस्थित थे।

# डॉ. वाटिका भारद्वाज को एफएआईसीओ फेलोशिप, क्षेत्र का नाम किया रोशन

अनंत ज्ञान



**शाहतलाई।** शाहतलाई क्षेत्र की होनहार नेत्र विशेषज्ञ डॉ. वाटिका भारद्वाज ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उपविशेषता ऑकुलोप्लास्टिक सर्जरी में एफएआईसीओ की कठिन परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर उन्हें वर्ष 2025-26 के लिए अखिल भारतीय नेत्र विज्ञान महाविद्यालय (एआईओएस) की प्रतिष्ठित फेलोशिप प्रदान की गई है। यह सम्मान अखिल भारतीय नेत्र विज्ञान सोसायटी द्वारा 1 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। समारोह के मुख्यद्दातिथि भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश माननीय डॉ. न्यायमूर्ति धनंजय वाई. चंद्रचूड़ रहे, जिन्होंने डॉ. वाटिका भारद्वाज को फेलोशिप प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर एआईओएस कॉलेजियम बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. ललित वर्मा, अध्यक्ष डॉ. पार्थ बिस्वास, मानद महासचिव डॉ. संतोष होनावर सहित देशभर के अनेक वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ उपस्थित रहे। एफएआईसीओ फेलोशिप कठोर परीक्षा, विशेष प्रशिक्षण श सघन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद ही दी जाती है, जो डॉ. वाटिका की मेहनत, समर्पण और उच्च स्तरीय विशेषज्ञता को दर्शाती है। अपने संबोधन में डॉ. चंद्रचूड़ ने चिकित्सकों से नैतिक मूल्यों, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। डॉ. वाटिका भारद्वाज के पति डॉ. अंबर दुबे भी वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ हैं, जबकि उनके पिता डॉ. अनिल भारद्वाज पंजाब कृषि विवि, लुधियाना से प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हैं और उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जवाहरलाल नेहरू अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. वाटिका की यह उपलब्धि युवाओं, विशेषकर चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाने वालों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# रोवर/रेंजर जंबूरी में प्रदेश का किया प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के रोवर-रेंजर यूनिट के छात्रों ने प्रथम राष्ट्रीय रोवर/रेंजर जंबूरी में भाग लेकर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। यह पांच दिवसीय राष्ट्रीय जंबूरी छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में 9 से 13 जनवरी तक आयोजित की गई। इसमें कॉलेज के कुल 12 रोवर्स व रेंजर्स ने सहभागिता की। रोवर वर्ग से हर्ष शर्मा, सचिन, विवेक, चिराग और नमन, जबकि रेंजर वर्ग से रजनी, नैन्सी पटियाल, कृतिका, मिनाक्षी, श्वेता और दीक्षा ने भाग लिया। इसके अलावा छात्र नितिन चड्ढा ने सीनियर रोवरमेट के रूप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। जंबूरी के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, जलीय गतिविधियां, स्थानीय व्यंजन निर्माण सहित शैक्षणिक व नेतृत्व विकास से जुड़ी गतिविधियां करवाई गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य नेतृत्व, अनुशासन और सेवा भावना का विकास करना रहा।

# महिला उत्पीड़न मामलों पर हुई सुनवाई

अनंत ज्ञान



राज्य महिला आयोग की विशेष अदालत में उपस्थित सदस्य। अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा सोमवार को लघु सचिवालय ऊना में जिला स्तर पर पहली विशेष अदालत का आयोजन कर महिला उत्पीड़न व घरेलू हिंसा से संबंधित विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। आयोग की अध्यक्ष, विद्या नेगी व सदस्य सरोज शर्मा, रीना पुंडीर व रीना दरोच ने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए, ताकि मामलों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा विद्या नेगी ने बताया कि कुल सूचीबद्ध 28 मामलों में से 12 मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें याचिकाकर्ता व प्रतिवादी शामिल हुए। इन मामलों में अधिकतर घरेलू हिंसा, कार्य स्थल उत्पीड़न, पारिवारिक व यौन उत्पीड़न जैसे मामलों पर सुनवाई हुई। उन्होंने कहा आयोग जल्द ही दूसरी अदालत लगाएगा। इस अवसर पर विद्या नेगी ने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और पीड़ित महिलाओं को किसी भी प्रकार की सहायता के लिए आयोग के समक्ष नि:संकोच संपर्क करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर ऐसी अदालतें लगाने जा रहा है। इसी कड़ी में 11 व 12 फरवरी को ज़िला कांगड़ा के मुख्यालय धर्मशाला में डिविज़नल कमिश्नर के कार्यालय में विशेष अदालत लगाने जा रहा है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि महिला उत्पीड़न की घटनाओं के विरुद्ध आगे आएं और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने में सहयोग करें। इस मौके पर हिमाचल महिला आयोग कार्यालय शिमला से सदस्य सचिव बुशरा अंसारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा, लॉ ऑफिसर यशपाल शर्मा, महिला थाना ऊना से सब-इंस्पेक्टर जमालदीन, निजी सचिव महिला आयोग दिलीप सिंह व राधिका सूद उपस्थित रहे।

# मुक्केबाजी व कबड्डी का चयन परीक्षण 19-20 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़ द्वारा एसटीसी बिलासपुर में वर्ष 2025-26 के लिए केवल लड़कों के लिए मुक्केबाजी व कबड्डी खेलों के चयन परीक्षण आयोजित किए जाएंगे। ये परीक्षण 19 व 20 फरवरी 2026 को साई प्रशिक्षण केंद्र, बिलासपुर में होंगे। एसटीसी प्रभारी विजय प्रकाश नेगी ने बताया कि 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी पात्र होंगे, जबकि 12 से 16 वर्ष के खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खेल प्रमाण पत्र और तीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ लानी होंगी। पात्र खिलाड़ी 19 फरवरी को सुबह 8 बजे खेल वेशभूषा में उपस्थित हों। चयनित खिलाड़ियों को आवासीय योजना के तहत निशुल्क आवास, भोजन, शिक्षा शुल्क, चिकित्सा सुविधा, बीमा व खेल किट सहित अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। चयन परीक्षण में भाग लेने पर टीए/डीए देय नहीं होगा।

# प्रदेश सरकार अपनी नाकामियों का ठीकरा केंद्र पर न फोड़े: अनुराग



अनुराग वॉलीबाल चैंपियनशिप के समापन समारोह में। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बरमाना।** बिलासपुर जिले के बरमाणा में एसीसी अडानी फाउंडेशन के सहयोग से चेतना संस्था द्वारा आयोजित कहलूर वॉलीबाल चैंपियनशिप प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रदेश सरकार की वित्तीय नीतियों पर तंज कसते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार अपने कुप्रबंधन और नाकामियों का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ रही है, जबकि सच्चाई इससे बिलकुल अलग है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदेश सरकार के वित्त विभाग द्वारा दी गई फाइनेंशियल प्रेजेंटेशन में केंद्र सरकार पर वित्तीय मामलों को लेकर हाथ बांधने के आरोप लगाए गए जो पूरी तरह भ्रामक हैं। उन्होंने कहा कि झूठ बोलने का काम राज्य सरकार कर रही है, अगर उतना ही प्रयास संसाधन जुटाने, खर्च कम करने और बेहतर मैनेजमेंट में किया गया होता, तो शायद आज प्रदेश एक लाख दस हजार करोड़ रुपए के कर्ज के नीचे दबा हुआ नहीं होता। उन्होंने कहा कि कर्ज चुकाने के लिए नया कर्ज लेना कोई नीति नहीं होती है।

# निरीक्षण में लापरवाही उजागर, नियम न मानने वाले स्कूलों पर होगी कड़ी कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उपनिदेशक स्कूल शिक्षा (प्रारंभिक) जिला ऊना सोमलाल धीमान द्वारा विभिन्न स्कूलों के औचक निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। विभागीय निर्देशों के बावजूद कुछ स्कूलों द्वारा नियमों की अनदेखी किए जाने पर उपनिदेशक ने कड़ा रुख अपनाया है।



सभी स्कूल प्रमुखों को साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, बच्चों के स्वास्थ्य और पौष्टिक आहार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री पौष्टिक आहार योजना के तहत बच्चों को फल और अंडा दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन निरीक्षण में पाया गया कि कुछ स्कूलों में अंडा खाने के इच्छुक बच्चों को यह सुविधा नहीं दी जा रही। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि ऐसा पाए जाने पर संबंधित स्कूल प्रमुख के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उपनिदेशक ने यह भी बताया कि कुछ निजी स्कूल सरकार द्वारा निर्धारित समय-सारणी का पालन नहीं कर रहे हैं। विभाग के अनुसार स्कूलों का समय सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक निर्धारित है, लेकिन कुछ संस्थान मनमर्जी से समय बदल रहे हैं। समय से पहले या बाद में स्कूल चलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बच्चों की सुरक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल वाहनों के सभी दस्तावेज पूरे होने चाहिए। चालक व परिचालक वर्दी में हों, बसें पीले रंग की हों तथा उनमें आपातकालीन नंबर और सुरक्षा निर्देश अंकित हों। क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने या ओवरस्पीड की स्थिति में स्कूल प्रबंधन जिम्मेदार होगा और गंभीर मामलों में मान्यता रद्द की जा सकती है। निजी स्कूल केवल हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों का ही उपयोग करें। अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से किताबें या वर्दी खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए। फीस अभिभावकों की सहमति से तय कर सूचना पट पर प्रदर्शित की जाए। शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों की सूची भी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। बच्चों के पोषण, सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# बैंक की योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत मलांगड़ के गांव अमरेहड़ा में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा बंगाणा ने वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। बैंक की ओर से शाखा प्रबंधक विनोद पाल सिंह ने बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड महिला समृद्धि योजना, प्रधामंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधामंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना व डिजिटल बैंकिंग के बारे में जानकारी दी। प्रबंधक विनोद पाल सिंह ने ऑनलाइन किए जा रहे। फ्रॉड के बारे में भी जानकारी दी ओर समझाया कि किसी भी व्यक्ति या अनजान कॉल पर अपनी जानकारी व ओटीपी सांझा न करें अन्यथा आपका बैंक खाता खाली हो सकता है। आप धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। कोई भी बैंक अधिकारी कॉल पर ओटीपी की जानकारी नहीं मांगता है। यह आपकी गोपनीयता रखने के लिए ही भेजा जाता है। इस शिविर में बैंक की ओर से सुनील कुमार, राम कृष्ण सहित गांववासी भी मौजूद रहे।

**आयोजन** स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल में फेयरवेल समारोह आयोजित

# मिस स्कॉलर्स असमी व मिस्टर स्कॉलर्स बसंत

अनंत ज्ञान



फेयरवेल समारोह में उपस्थित छात्र। अनंत ज्ञान

**ऊना।** स्कॉलर्स यूनिफाइड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ऊना में फेयरवेल समारोह का भव्य व गरिमामय आयोजन किया गया।

विद्यालय के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को सम्मानित करने और उनके उज्वल भविष्य की कामना के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह में उत्साह, भावनाएं और सौहार्द का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे विद्यालय परिसर को आकर्षक थीम और रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया था, जिसने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों के आधार पर विद्यार्थियों को अलग-अलग उपाधियों से नवाजा गया। मिस एवं मिस्टर स्कॉलर्स का खिताब असमी और बसंत ने अपने नाम किया। वहीं, मिस एवं मिस्टर पर्सनैलिटी का सम्मान प्रीषा और अक्षय ब्रही को मिला। मिस एवं मिस्टर फेयरवेल के रूप में शिवांगी और हर्षित को चुना गया, जबकि 'होप ऑफ स्कॉलर्स' का खिताब राधिका को प्रदान किया गया। चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास, अनुशासन, व्यक्तित्व व सर्वांगीण विकास को आधार बनाया गया। मंच पर सभी प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास और कौशल से उपस्थित दर्शकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेज शर्मा ने कहा कि फेयरवेल समारोह विद्यार्थियों की उपलब्धियों व उनके विद्यालय जीवन की सफल यात्रा का उत्सव है। उन्होंने कहा कि स्कॉलर्स यूनिफाइड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी सदैव अपने व्यवहार, मेहनत व सकारात्मक सोच से विद्यालय का नाम रोशन करते आए हैं। उन्होंने सभी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को जीवन के नए अध्याय के लिए शुभकामनाएं दीं और निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। नृत्य, गीत और अन्य मनोरंजक प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों से गूंज उठा। भावनात्मक क्षण तब देखने को मिले जब सीनियर विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव, यादें और शिक्षकों से मिले मार्गदर्शन को साझा किया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जीवन में सफलता के लिए प्रेरणादायक संदेश दिए। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों और साथियों के साथ यादगार तस्वीरें खिंचवाईं।

### मुख्याध्यापक पदों पर देरी से शिक्षा व्यवस्था खतरे में

**अनंत ज्ञान, दधोल।** हिमाचल प्रदेश प्रोमोटी स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने राज्य अध्यक्ष यशपाल रणौत के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री से भेंट कर मुख्याध्यापक पदों की लंबित पदोन्नतियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि 512 मुख्याध्यापकों के प्रधानाचार्य बनने से प्रदेश के सैकड़ों स्कूलों में 31 मार्च 2026 तक पद रिक्त हो जाएंगे। संघ ने चेताया कि समय रहते पद नहीं भरे गए, तो शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन व प्रशासन प्रभावित होगा। संगठन ने टीजीटी व प्रोमोटी प्रवक्ता वर्ग से वरिष्ठ शिक्षकों को तुरंत पदोन्नति देने और सूची शीघ्र जारी करने की मांग की। शिक्षा मंत्री ने मांगों पर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

### विधायक राकेश कालिया ने सुनी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया ने सोमवार को अपने निवास स्थान भंजाल में लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें हल करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर गगरेट क्षेत्र से काफी संख्या में लोग, प्रतिनिधिमंडल विधायक राकेश कालिया के पास पहुंचे और अपनी समस्याओं के बारे में विधायक को अवगत करवाया। वहीं, विधायक ने भी काफी समस्याओं को मौके पर ही हल किया। इस दौरान विधायक राकेश कालिया ने एक भेंट वार्ता में कहा कि गगरेट क्षेत्र में विकास को प्राथमिकता देना ही उनका उदेश्य है। इस अवसर पर काफी गांवों के लोग विधायक के निजी सचिव नरेश कुमार, पीएसओ अरुण ठाकुर उपस्थित थे।

### विस्थापितों से एकजुट होने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति ने 23 फरवरी को प्रस्तावित धरने को सफल बनाने के लिए जनजागरूकता अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में समिति के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कोटधार क्षेत्र के कोसरियां व बड़गांव-गलू में बैठकें कर विस्थापितों से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाखड़ा विस्थापित दशकों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी मांगों का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। समिति ने भूमि बंदोबस्त, प्लॉट आवंटन, बिजली-पानी कनेक्शन बहाली, मुफ्त सुविधाएं, बीबीएमबी व सरकारी नौकरियों में आरक्षण, रॉयल्टी का हिस्सा विस्थापितों पर खर्च करने, पुल निर्माण व विस्थापितों की सूची में पात्र लोगों को शामिल करने जैसी मांगें प्रमुखता से उठाईं। बैठकों में स्थानीय लोगों ने आंदोलन को सफल बनाने का भरोसा दिलाया।

# सैलानियों की पहली पसंद बना सोलंगनाला

## बर्फ की परत पर सैलानियों की मस्ती, रोपवे का सुहाना सफर भी बना पहली पसंद

अनंत ज्ञान



बर्फ के बीच साहसिक गतिविधियों का लुत्फ लेते पर्यटक। अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/ केलांग।** सर्दियों में सैलानियों की पहली पसंद रहने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल मनाली के सोलंगनाला में सैलानियों का मेला लग गया है।

सोलंगनाला में बर्फ का दीदार कर सैलानी उत्साहित हो रहे हैं। सोलंगनाला और यहां का रोपवे और अंजनी महादेव भी सैलानियों की पहली पसंद बना हुआ है। सैलानी घुड़सवारी कर यहां की वादियों में दस्तक दे रहे हैं। धीरे-धीरे पर्यटकों की आमद बढ़ने से मनाली के सभी होटलों में रौनक बढ़ने लगी है। वहीं, अब अटल टनल के उस पार लाहौल घाटी में भी पर्यटक पहुंच रहे हैं। हालांकि, पर्यटन स्थल सिस्सु फरवरी के आखिर सप्ताह में पर्यटकों के लिए बहाल होगा, लेकिन अटल टनल के दोनों छोर पर पर्यटक जा रहे हैं। वहीं, सोलंगनाला में साहसिक खेलों की खूब धूम मची हुई है। बर्फबारी के बाद सभी पर्यटन स्थल 4 से 6 फुट बर्फ से ढके हुए हैं, ऐसे में यहां पर पर बर्फ के बीच मस्ती करने के लिए रोजाना हजारों सैलानी भी पहुंच रहे हैं। बर्फ अधिक होने और सड़कों पर बर्फ और ब्लैक आइस की संभावना को देखते हुए फिलहाल यहां तक फोर बाई फोर वाहनों के माध्यम से ही सैलानियों को भेजा जा रहा है। अटल टनल के आसपास साहसिक गतिविधियां बंद हैं, लेकिन पर्यटक टनल को निहारने में रुचि दिखा रहे हैं। आने वाले दिनों में अगर मौसम साफ रहा, तो सभी वाहनों को अटल टनल होते हुए लाहौल घाटी के पर्यटन स्थलों की ओर भी भेजा जाएगा। वर्तमान में पर्यटन नगरी मनाली में आने वाले पर्यटकों की संख्या में भले ही कमी दर्ज की जा रही है। लेकिन, बर्फ से लकदक सोलंगनाला की वादियां पर्यटकों की पहली पसंद बन गई हैं। बर्फ के बीच पर्यटक सोलंगनाला मैदान में स्कीइंग, ट्यूब स्लाइडिंग, बंजी जंपिंग जैसे एडवेंचर एक्टिविटी का आनंद ले रहे हैं।

इसके अलावा घुड़सवारी के माध्यम से पर्यटक धार्मिक पर्यटन स्थल अंजनी महादेव में भी पहुंच रहे हैं। वहीं, सोलंगनाला के साथ लगता पर्यटन स्थल फातरु भी पर्यटकों की पसंद बना हुआ है। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार, फिलहाल यहां कारोबार फीका है, लेकिन उम्मीद है कि कारोबार जल्द गति पकड़ेगा। मनाली होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि इन दिनों पर्यटकों की आमद कम है, लेकिन उम्मीद है कि आने वाले दिनों में यहां पर्यटकों का मेला लगेगा। सैलानी मनाली में नेहरू कुंड से लेकर अटल टनल तक पर्यटक बर्फ का आनंद ले रहे हैं। इससे यहां के कारोबार को भी अब गति मिली है और स्थानीय पर्यटन कारोबारी को भी फायदा हो रहा है। उम्मीद है जल्द ही पर्यटकों की आमद बढ़ेगी।

### सोलंगनाला में पर्यटकों की भीड़

**मनाली** के पर्यटन कारोबारी मनु शर्मा, मकरध्वज शर्मा, मोहन आदि ने कहा कि, 'सोलंगनाला में पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। पर्यटकों ने आसमान में बादलों के बीच स्कीइंग, ट्यूब स्लाइडिंग, बंजी जंपिंग, स्नो स्कूटर, माउंटेन बाइक जैसे साहसिक खेलों का आनंद लिया, ऐसे में सोलंगनाला शीतकालीन व साहसिक खेल पर्यटकों की पहली पसंद बन गया है।

# मनाली के जगतसुख में नेपाली मूल महिला का शव बरामद

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के साथ लगते गांव जगतसुख में नेपाली मूल की महिला का शव बरामद हुआ है। महिला का शव जगतसुख गांव में सड़क से लगभग 300 मीटर दूर सेब के बगीचे में फेंका मिला है। महिला के हाथ व पांव रस्सी से बांध रखे थे। पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। गांव का युवक अपने बगीचे में काम करने गए था, तब उसकी नजर बगीचे में पड़े महिला के शव पर पड़ी। उन्होंने इसकी सूचना पूर्व उपप्रधान की दी। उपप्रधान ने मनाली पुलिस को घटना की सूचना दी। एसपी कुल्लू मदन लाल मौके पर मौजूद है। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है और मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ समय पहले ही महिला जगतसुख में रहने आई थी। महिला घर में अकेली रहती थी। सोमवार को दिन के समयआशंका जताई जा रही है कि किसी ने लूटपाट के इरादे से महिला का मर्डर किया है। मौके पर मौजूद एसपी कुल्लू ने बताया कि अज्ञात महिला की हत्या होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

# नमो : लीग सीजन चार क्रिकेट प्रतियोगिता में दुर्गा इलेवन भट्ठी टीम सेमीफाइनल में

अनंत ज्ञान



सेमीफाइनल में पहुंची दुर्गा इलेवन भट्ठी टीम मुख्यातिथि व आयोजकों के साथ। अनंत ज्ञान

**सैंज।** लक्ष्मी नारायण स्टेडियम सैंज में लक्ष्मी युवा क्लब रैला द्वारा आयोजित नमो: लीग सीजन 4 क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में सोमवार को मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा सैंज मंडल अध्यक्ष अमर ठाकुर शामिल हुए।

उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में सरकारी ठेकेदार सुरेंद नेगी उपस्थित रहे। क्रिकेट ग्राउंड में पहुंचने पर आयोजक मंडल ने मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। लक्ष्मी युवा क्लब के अध्यक्ष ने मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों को टोपी मफलर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने नमो: लिग के सफल आयोजन और सम्मान देने के लिए लक्ष्मीनारायण युवक मंडल की पूरी टीम का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नमो लीग जैसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने का सराहनीय प्रयास हैं। खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक मजबूती भी मिलती है।

उन्होंने आयोजक समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने और युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पहला मुकाबला दुर्गा इलेवन भट्ठी ओर ग्रेट हिमालय नेशनल पार्क के मध्य हुआ। इसमें दुर्गा इलेवन भट्ठी विजेता रही। दूसरा मैच फ्लैचन बैली ओर बिजली बोर्ड के मध्य रहा, जिसमें बिजली बोर्ड विजय रहा। क्वार्टर फाइनल का अंतिम मुकाबला दुर्गा इलेवन भट्ठी ओर विजली बोर्ड के मध्य खेला गया जिसमें दुर्गा इलेबन भट्ठी ने 91 रन का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए 10 ओबर में बिजली बोर्ड ने मात्र 64 रन ही बना पाए जिसके चलते दुर्गा इलेवन 26 रन से बिजय हुई और सेमीफाइनल में प्रवेश कर पाई।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दुर्गा इलेबन भट्ठी के टीम कप्तान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया। इस मौके पर खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रेमियों में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 10 व 11 फरवरी को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सहायक अभियंता, बिजली उपमंडल-1 कुल्लू ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 केवी अखाड़ा फीडर के अंतर्गत आने वाले 100 केवीए ट्रांसफार्मर बिपाशा मार्केट, 400 केवीए ट्रांसफार्मर आउटर अखाड़ा की लाइनों की मरम्मत व आवश्यक रख रखाव के लिए इस फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों बिपाशा मार्केट, आउटर अखाड़ा, केनरा बैंक, दुर्गा माता मंदिर आदि क्षेत्रों में 10 फरवरी व 11 फरवरी 2026 को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक या कार्य के पूर्ण होने तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### 11 को शाढाबाई के आसपास बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** सहायक अभियंता बिजली भुंतर अमन कुमार ने जानकारी दी कि 11 केवी कलैहली फीडर में 11 केवी एचटी लाइन को स्थानांतरित करने और सामान्य रखरखाव कार्य के कारण 11 फरवरी को शाढाबाई, कलैहली, बजौरा, रेरी, बरी हाट, मशगां, लोअर बजौरा शाडीलाल और आसपास के इलाकों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उपरोक्त तिथियों में मौसम खराब या बारिश रहती है तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### स्टेज कैरिज वाहनों के संचालन के लिए आवेदन 19 तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण कुल्लू, राजेश भंडारी ने जानकारी दी है कि परिवहन विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा चयनित मार्गों पर स्टेज कैरिज वाहनों के संचालन के लिए इच्छुक हिमाचली, बेरोजगार, युवाओं से कुल्लू जिले के 20 रूट परमिट (18 से 42 सीटर तक) स्टेज कैरिज बस रूटों के लिए आवेदन 8 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे, उन बस रूटों के लिए अब विभाग द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि को 19 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। चयनित रूटों की सूची व इन रूटों के आवंटन प्रक्रिया के लिए नियमों व शर्तों का विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाईट httpÑ//himachal.nic.in/transport पर उपलब्ध है। आवेदनकर्ता इन रूटों के लिए दिनांक ऑनलाइन आवेदन एचपीडीटी (HPDT) Portal पर कर सकते हैं।

### विधायक अनुराधा आज से स्पीति के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा 10 से 13 फरवरी तक स्पीति घाटी के प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वह लोगों की समस्याएं भी सुनेंगी। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विधायक अनुराधा राणा 10 फरवरी को रात्रि 09 बजे न्यू सर्किट हाउस काजा पहुंचेंगी और 11 फरवरी को काजा में आयोजित किए जा रहे आइस हॉकी स्पीति कप के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। 12 फरवरी को अनुराधा राणा 11 बजे अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय काजा के कॉन्फ्रेंस हॉल में पीएसी, एफआरए और साडा की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगी। 13 फरवरी को विधायक उपमंडल काजा के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण करेंगी तथा लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे अगले दिन शिमला वापस लौटेंगी।

### रायसन स्कूल से बांका स्कूल कार्यक्रम का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** शिक्षक भवन समिति ने कुल्लू के राजकीय प्राथमिक पाठशाला रायसन से बांका स्कूल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति के सदस्यों ने रविवार के दिन प्राथमिक पाठशाला के भवन को एक आकर्षक भवन के रूप में परिवर्तित किया। इस कार्यक्रम के बारे में शिक्षक समिति के अध्यक्ष श्याम लाल हांडा ने कहा कि बच्चे सुंदर भवन और प्रांगण में रुचि से पढ़ाई करते है। उनमें सौंदर्यीकरण की भावना के विकास के साथ साथ मानसिक विकास भी होता है। बांका स्कूल अर्थात ब्यूटीफुल एरिया नॉरिशिंग नॉलेज एस्पिरेशन्स कार्यक्रम के तहत जिले के स्कूलों का सौंदर्यकरण करने का बीड़ा समिति ने उठाया है। समिति के सदस्य अपने पैसे खर्च करके यह कार्य कर रहे हैं। जून माह तक पांच पाठशालाओं का रंग रोगन और साफ सफाई करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिन पाठशालाओं में संसाधनों की कमी रहती है। उन पाठशालाओं की सहायता आवश्यकता अनुसार की जाएगी। रविवार को अभियान का आगाज केअर हिमालय, सहभागिता स्कूल प्रबंधन समिति रायसन के सहयोग से किया गया।

# 12 से निशुल्क एलिमेंटरी स्की कोर्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल घाटी में विभिन्न स्थानों पर सात दिवसीय ऐलिमेंटरी स्की कोर्स का निशुल्क आयोजन होने जा रहा है। सात दिवसीय इस कोर्स का आगाज 12 फरवरी से केलांग में होगा। यह कोर्स जिला लाहौल-स्पीति सर्द कालीन खेल व अलाइड खेल एसोसिएशन केलांग के सौजन्य से करवाया जा रहा है। एसोसिएशन के सदस्य ज्ञालछन ठाकुर व केसंग थवास ने बताया कि इस कोर्स में लाहौल-स्पीति जिले के 10 से 20 साल के लड़के-लड़कियां भाग ले सकते हैं। उन्होंने इच्छुक बच्चे 11 फरवरी दोपहर 12 बजे तक ज्ञालछन ठाकुर 7876413215,व केसंग थवास 9418048396 इनसे संपर्क कर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इन विभिन्न कोर्स के प्रयोजन के लिए विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा ,जिला प्रशासन केलांग व अटल बिहारी खेल संस्थान मनाली के सहयोग से जिला लाहौल-स्पीति सर्द कालीन खेल व एलाईड खेल एसोसिएशन लाहौल स्पिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

# शम जोन लाहौल पुरुष टीम को 13-3 से हराकर शीर्ष स्थान पर पहुंचा

अनंत ज्ञान



**काजा।** रॉयल एनफील्ड द्वारा प्रस्तुत स्पीति कप सीजन 3 के तीसरे दिन, काजा आइस हॉकी रिंक पर शम जोन ने शानदार आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए लाहौल पुरुष टीम को 13-3 से हराया और बेहतर गोल अंतर के आधार पर सीनियर पुरुष वर्ग की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। दिन की कार्रवाई में टोड जोन ने एक अहम जीत दर्ज की, पिन जोन ने टोड जोन को कड़े मुकाबले में मात दी, जबकि महिला और अंडर-18 बालक वर्ग में सेंटर जोन ने अपनी विजयी लय बरकरार रखी।

दिन के अंतिम मुकाबले में शम जोन ने अब तक का सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए लाहौल को 13-3 से पराजित किया। राहुल ने आक्रमण की अगुवाई करते हुए शुरुआती गोल के बाद चार मिनट के भीतर हैट्रिक पूरी की। इसके बाद दावा तंदुप, रिग्जिन आंग्रुप और थिनले दोरजे के गोलों ने स्कोर 6-0 कर दिया। पहले पीरियड के अंतिम क्षणों में लाहौल के रमेश ने दो गोल किए। दूसरे और तीसरे पीरियड में भी शम का दबदबा जारी रहा। रिग्जिन आंग्रुप ने कुल पांच गोल दागे, राहुल ने अपना चौथा गोल जोड़ा, जबकि कप्तान तानजिन रंगदोल ने भी स्कोरशीट पर नाम दर्ज कराया। इस बड़ी जीत के साथ शम ज़ोन बेहतर गोल अंतर के कारण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

### सेंटर जोन महिला टीम ने शम जोन को 7-2 से हराया

**महिला** वर्ग में सेंटर जोन ने शानदार खेल दिखाते हुए शम जोन को 7-2 से पराजित किया। मैच के पहले मिनट में कुंगा यांगचेन ने शम को बढ़त दिलाई, लेकिन सेंटर ने जबरदस्त वापसी की। जेदेन वांगमो ने बराबरी की और इसके बाद लगातार दो गोल कर सेंटर को नियंत्रण दिलाया। सोनम आंगमो ने दो गोल किए, कप्तान आंगुप छोमो ने भी स्कोर किया, जिससे पहले पीरियड के अंत तक सेंटर 6-1 से आगे हो गया। दूसरा पीरियड गोलरहित रहा। तीसरे पीरियड में कुंगा यांगचेन ने शम के लिए एक और गोल किया, लेकिन अंत में सोनम आंगमो ने अपनी हैट्रिक पूरी कर सेंटर की बड़ी जीत पर मुहर लगाई।

### पिन जोन पुरुष टीम ने टोड जोन को 4-2 से हराया

**दूसरे** पुरुष मुकाबले में पिन जोन ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टोड जोन को 4-2 से हराया। दूसरे मिनट में प्रवीण ने तानजिन थोंदेन के असिस्ट पर टोड के लिए पहला गोल किया। दूसरे पीरियड में तानजिन दोरजे ने पिन के लिए बराबरी का गोल किया, लेकिन टोड ने जल्द ही फिर बढ़त बना ली। इसके बाद तानजिन दोरजे ने एक और गोल कर स्कोर 2-2 किया और अंतिम पीरियड के 11वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। कुछ ही देर बाद पद्मा नामदोल ने चौथा गोल कर पिन ज़ोन की जीत सुनिश्चित की।

### टोड जोन पुरुष टीम ने लाहौल को 6-1 से हराया

**दिन** की शुरुआत टोड जोन की 6-1 की प्रभावशाली जीत के साथ हुई। प्रवीण ने मैच के पहले 14 सेकंड में तानजिन ड्रैग के जरिए गोल कर टोड को बढ़त दिलाई। 11वें मिनट में रमेश के गोल से लाहौल ने बराबरी की, लेकिन पहले पीरियड के अंत में कप्तान तानजिन थोंदेन ने टोड को फिर से आगे कर दिया। दूसरे पीरियड की शुरुआत में थोंदेन ने एक और गोल किया। इसके बाद टैंपा और तानजिन थोयसाम की शानदार मूव के जरिए टोड ने बढ़त बढ़ाई। तीसरे पीरियड में प्रवीण ने दो देर से गोल कर हैट्रिक पूरी की और टोड की जीत पक्की की।

### सेंटर जोन अंडर-18 ने पिन जोन को 5-2 से हराया

**अंडर-18** बालक वर्ग में सेंटर जोन ने पिन जोन को 5-2 से हराया। दूसरे पीरियड में सेंटर ने तीन गोल किए, जिनमें प्रशांत ठाकुर के दो गोल और तानजिन कुंजोप का एक गोल शामिल था। पिन जोन ने तक्पा लोटे के जरिए एक गोल किया, लेकिन तीसरे पीरियड में प्रशांत ठाकुर ने कप्तान कुंगा तक्पा के असिस्ट पर दो और गोल कर चार गोल पूरे किए।

### स्पीति कप का चौथा दिन

**रॉयल** एनफील्ड द्वारा प्रस्तुत स्पीति कप के चौथे दिन मंगलवार को अंडर-18 बालक वर्ग में टोड जोन का मुकाबला पिन जोन से होगा। सीनियर पुरुष वर्ग में टोड जोन सेंटर जोन से भिड़ेगा, जबकि शम जोन का सामना पिन जोन से होगा। महिला वर्ग में सेंटर जोन पिन जोन से खेलेगा, इसके बाद टोड जोन और शम जोन आमने-सामने होंगे।

# तलाड़ा के आपदा प्रभावित परिवारों को सीनियर सिटीजन आए आगे

अनंत ज्ञान



**सैंज।** सैंज घाटी की ग्राम पंचायत तलाड़ा में गत वर्ष जून माह में हुई भारी वर्षा व भूस्खलन से प्रभावित परिवारों के लिए कुल्लू के सीनियर सिटीजन ग्रुप ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की है।

वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी ऐच्छिक निधि से पंचायत के दो दर्जन भूस्खलन प्रभावित परिवारों को प्रति परिवार दस-दस हजार रुपए की सहायता दी है। इस पहल से प्रभावित परिवारों को संबल मिला है और समाज में सहयोग की भावना को मजबूती मिली है। सीनियर सिटीजन ग्रुप के अध्यक्ष कमल भारद्वाज ने बताया कि समूह का उद्देश्य कठिन समय में जरूरतमंदों के साथ खड़ा होना है, क्योंकि छोटी-सी मदद भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। ग्रुप के सचिव डीके शर्मा, कोषाध्यक्ष वेद सूद और कार्यकारी सदस्य केसी शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के दौरान जब कई परिवारों के आशियाने टूट गए और लोग खुले आसमान के नीचे आ गए, तब वरिष्ठ नागरिकों ने सामूहिक रूप से सहायता देने का निर्णय लिया। प्रभावित परिवारों इंद्रदेव, जगदीश धामी, लाहुली देवी, खेमराज, हरबंस लाल, सुभाष, रामनाथ, नीरत राम, लीला देवी, ओम चंद, कृष्ण चंद, होतम राम सहित अन्य लोगों ने इस सहयोग के लिए आभार जताया। पंचायत के पूर्व प्रधान मोहर सिंह, सुनीता देवी और अन्य गणमान्य लोगों ने भी सीनियर सिटीजन ग्रुप की इस प्रेरणादायक पहल की सराहना की।

# सौर का 16 वर्षीय लड़का लापता

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के सौर गांव का एक लड़का लापता हो गया है। जानकारी के अनुसार पीयूष ठाकुर, आयु 16 वर्ष, पुत्र दोत राम, निवासी ग्राम सौर, डाकघर कराडसू, तहसील व जिला कुल्लू जमा एक का छात्र है, जो 6 फरवरी प्रात: लगभग 5 बजे बिना किसी को बताए घर से चला गया है। काफी देर तक घर वापस न आने पर परिवारजनों द्वारा आस-पास, समाज तथा रिश्तेदारों में तलाश की गई, लेकिन उसकी कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। इसके पश्चात परिजनों ने पुलिस थाना कुल्लू में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है। परिजन अपने जिगर के टुकड़े को दर-दर ढूंढ रहे हैं, लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं लग पाया है। पियूष के परिजनों ने क्षेत्र व जिले के लोगों से अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति को पीयूष ठाकुर कहीं दिखाई दे या उसके बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया 88949-60564,70180-50046 से संपर्क करें।

# आरडीजी के बारे जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस : विनोद

अनंत ज्ञान





भाजपा उपाध्यक्ष विनोद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए। अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के द्वारा केंद्र सरकार के द्वारा आरडीजी ग्रांट बंद करने को लेकर लगातार भ्रामक प्रचार किया जा रहा है और इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच भी गलत जानकारी दी जा रही है, जबकि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है और उन्होंने आरडीजी ग्रांट बंद करने पर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं नाचन विधानसभा के विधायक विनोद कुमार ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश के जो वित्तीय हालत हैं, उसके लिए कांग्रेस सरकार ही जिम्मेदार है। प्रदेश में राजकोषीय घाटे के लिए कांग्रेस सरकार की गलत नीति मुख्य कारण है और सरकार बिना किसी कारण के केंद्र सरकार पर गलत आरोप लगा रही है। विधायक ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है और देश के 17 राज्यों में केंद्र सरकार के द्वारा आरडीजी की ग्रांट को बंद किया गया है, क्योंकि कोई भी आयोग जब आता है तो वह कुछ समय के लिए ही आता है। ऐसे में वित्तीय मामलों को लेकर बार-बार केंद्र सरकार को कोसना बिलकुल गलत है। विधायक ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की वह बात आज सच साबित हो रही है। इसमें उन्होंने कहा था कि जब सुखविंद्र सिंह प्रदेश का मुखिया बनेगा, तो पूरे प्रदेश घाटे में चला जाएगा और यह बात आज सबके सामने सच साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा बार-बार विभिन्न मंचों से यह कहा जाता रहा है कि 2027 तक हिमाचल विकसित राज्य बनेगा, लेकिन आज जो प्रदेश के हालात हैं, उन हालातों से कांग्रेस सरकार पहले निपट ले। आज सभी विधायकों की विधायक निधि भी सरकार के द्वारा बंद की गई है और जनता से जुड़े हुए विकास कार्य भी ठप पड़े हुए हैं। विनोद कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल में रेलवे के विस्तार के लिए हजारों करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया। इसके अलावा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी बड़ी घोषणा की है। इससे हिमाचल प्रदेश में रेलवे को विस्तार मिलेगा तथा यहां पर्यटन के माध्यम से भी लोगों की आजीविका सुदृढ़ होगी।

# गाहर घाटी के बिलिंग में गोची उत्सव का आगाज

## देवता अठारह नाग की पूजा के साथ शुरू हुआ गोची उत्सव

अनंत ज्ञान



अठारह नाग देवता के स्थान पर पूजा-अर्चना करते ग्रामीण। अनंत ज्ञान

**केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले की प्रसिद्ध गाहर घाटी के बिलिंग में सोमवार से पुत्र प्राप्ति पर मनाए जाने वाली पारंपरिक एवं सांस्कृतिक महत्व से जुड़े गोची उत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर गांव के लोगों में विशेष उत्साह व उल्लास का वातावरण बना हुआ है। गोची उत्सव की शुरुआत बिलिंग गांव में गांव के आराध्य देवता अठारह नाग की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई।

पूजा के बाद पारंपरिक ग्रेक्स गाकर रीति-रिवाजों के अनुसार पूरे गांव में उत्सव का आयोजन किया गया। इस वर्ष बिलिंग गांव में चार परिवारों में पुत्र रत्न की प्राप्ति होने पर गोची उत्सव मनाया जा रहा है। गांव के लारजे जायलत्से नोरबू, स्वाची के जिगमेद उरज्ञान, पांस जितसेन नमसेल व गुमलिंगपा के जिगमेद तोबदन के जन्म होने पर परिवार में खुशी में यह पर्व पूरे सामूहिक रूप से आयोजित किया जा रहा है। गोची उत्सव लाहौल की प्राचीन लोक परंपरा का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व विशेष रूप से पुत्र जन्म के अवसर पर मनाया जाता है। इसमें न केवल संबंधित परिवार, बल्कि पूरा गांव भागीदारी निभाता है। इस दिन गांव के लोग पारंपरिक वेशभूषा में सजकर एक-दूसरे के घर जाकर पूजा कर और बधाइयां देते हैं तथा आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देते हैं।

परंपरा के अनुसार, उत्सव के दौरान देवता की पूजा के पश्चात गांव के लोग और नजदीकी रिश्तेदार एकत्र होकर सामूहिक रूप से जश्न मनाते हैं। इस अवसर पर पारंपरिक खान-पान, लोक रीति-रिवाज तथा आपसी मेल-मिलाप विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। गोची उत्सव की एक प्रमुख परंपरा के तहत मंगलवार को लबदागपा द्वारा तीर मारकर अगले वर्ष पुत्र प्राप्ति से संबंधित भविष्यवाणी भी की जाएगी। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और आज भी पूरे श्रद्धा भाव के साथ निभाई जाती है। ग्रामीणों का मानना है कि इस भविष्यवाणी के माध्यम से आने वाले वर्ष को लेकर शुभ संकेत प्राप्त होते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार गोची उत्सव केवल एक पारिवारिक खुशी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह पर्व पूरी घाटी को जोड़ने वाला सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन है।

इससे नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं, संस्कृति और सामूहिक जीवन मूल्यों से जोड़ने का भी अवसर मिलता है। लाहौल-स्पीति जिले की गाहर घाटी में गोची उत्सव को आज भी उसी श्रद्धा, विश्वास व पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया जाता है, जैसा कि पूर्वजों के समय से चला आ रहा है। गोची उत्सव के आयोजन से पूरे क्षेत्र में सांस्कृतिक चेतना व सामाजिक सौहार्द का संदेश प्रसारित होता है।

**चिंता** सस्ते विदेशी आयात का बढ़ता दबाव, हिमाचल के सेब को अब 'स्वाद' के साथ 'शुद्धता' और 'गुणवत्ता' से देनी होगी मात'

# क्या संकट में है हिमाचल की 5000 करोड़ की सेब आर्थिकी?

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका से आने वाले सेब पर आयात शुल्क को 50 फीसदी से घटाकर 25 फीसदी करने और इससे पहले न्यूजीलैंड के लिए भी शुल्क में कटौती करने के फैसले ने हिमाचल प्रदेश के सेब बागवानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। हिमाचल की करीब 5,000 करोड़ रुपए की सेब अर्थव्यवस्था सीधे तौर पर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के घेरे में आ गई है।

हिमाचल का सेब मुख्य रूप से दिल्ली की आजादपुर मंडी से लेकर मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता जैसे सुदूर महानगरों तक पहुंचता है। देश के कुल उत्पादन में हिमाचल की हिस्सेदारी लगभग 30-40 फीसदी है, लेकिन अब इस बड़े बाजार में विदेशी सेब की घुसपैठ स्थानीय बागवानों के मुनाफे में सेंध लगा सकती है। विशेषकर न्यूजीलैंड का सेब उस समय भारतीय बाजार में आता है, जब हिमाचल की शुरुआती किस्में तैयार होती हैं, जिससे कीमतों में भारी गिरावट का खतरा बना रहता है। हालांकि, अमेरिका के लिए सरकार ने 80 रुपए प्रति किलो का न्यूनतम आयात मूल्य तय किया है, लेकिन 25 फीसदी ड्यूटी के बाद विदेशी सेब की पहुंच रिटेल मार्केट में और आसान हो जाएगी, जब हम गुणवत्ता और रेट की बात करते हैं, तो विदेशी सेब (विशेषकर वाशिंगटन और न्यूजीलैंड का 'गाला' या 'फ़ूजी') अपनी बेहतरीन ग्रेडिंग, एक समान आकार और चमकदार कोटिंग के कारण उपभोक्ताओं को आकर्षित करता है। विदेशी सेब की शेल्फ लाइफ यानी रखे रहने की क्षमता अधिक होती है, जबकि हिमाचल का सेब पैकेजिंग और आधुनिक कोल्ड स्टोर सुविधाओं की कमी के कारण जल्दी खराब होने लगता है। रेट के मामले में, शुल्क कम होने के बाद विदेशी सेब अब प्रीमियम कैटेगरी से निकलकर मध्यम वर्ग की पहुंच में आ जाएगा। इससे हिमाचल के 'रॉयल' सेब को कड़ी टक्कर मिलेगी। विदेशी उत्पादक कड़े अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हैं, जिससे उनके सेब में कीटनाशकों के अवशेष न्यूनतम होते हैं। यही वह बिंदु है जहां हिमाचल का सेब पिछड़ जाता है और स्थानीय बागवानों को आत्ममंथन की आवश्यकता है। एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि हिमाचल के बहुत से बागवान खुद अपने बगीचे का सेब खाने से परहेज करते हैं, जिसका मुख्य कारण सेब पर होने वाला अंधाधुंध रासायनिक स्प्रे है।

स्कैब, माइट्स व अन्य बीमारियों के डर से किसान एक सीजन में 10 से 15 बार जहरीले रसायनों का छिड़काव करते हैं। रसायनों के इस अत्यधिक प्रयोग के कारण न केवल मिट्टी की उर्वरता घट रही है, बल्कि सेब के छिलके पर पेस्टिसाइड के अवशेष रह जाते हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक हैं। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय सेब को कई बार 'फाइटोसेनेटरी' मानकों पर विफल माना जाता है, जब तक बागवान खुद अपने उत्पाद की शुद्धता पर भरोसा नहीं करेंगे, तब तक वे विदेशी सेब की उच्च गुणवत्ता और साख का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। बागवानों के लिए समय रहते संभलना अनिवार्य है, अब पुरानी परंपराओं को छोड़कर आधुनिक और वैज्ञानिक बागवानी को अपनाना होगा। पहली नसीहत यह है कि रसायनों के अंधाधुंध इस्तेमाल को बंद कर 'इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट' या प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें, ताकि आपका सेब 'जहर मुक्त' और भरोसेमंद ब्रांड बन सके। दूसरा, बागवानों को केवल उत्पादन बढ़ाने के बजाय ग्रेडिंग और पैकिंग के अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाना चाहिए; क्योंकि बाजार में जो दिखता है, वही बिकता है। तीसरा, मंडियों पर निर्भरता कम करने के लिए सहकारी स्तर पर सीए स्टोर और प्रोसेसिंग इकाइयां लगानी होंगी, ताकि सीजन के दौरान बाजार में आने वाले भारी दबाव व कीमतों की गिरावट से बचा जा सके।

### अत्याधुनिक सुविधाएं व प्रोत्साहन देने की मांग

**जुजुराना** फार्मर प्रोड्यूस कंपनी के अध्यक्ष एवं पूर्व कुल्लू फलोत्पादक मंडल के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय हिमाचल की बागवानी के समक्ष मौजूद जमीनी चुनौतियों को रेखांकित करते हुए कहते हैं कि हमारे प्रदेश का बागवान मुख्य रूप से छोटा बागवान है, जिसकी पूरी आर्थिकी कम जमीन और ऊंची पहाड़ियों पर स्थित दुर्गम सीढ़ीनुमा खेतों पर टिकी है। इन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण उत्पादन लागत निकालना ही अपने आप में एक बड़ा संघर्ष है। उपाध्याय के अनुसार, विकसित देशों का कृषि मैकेनिज्म भारत से कहीं ऊंचे दर्जे का है, वहां बागवानों को भारी सब्सिडी व 'क्लास वन' कोल्ड स्टोर जैसी आधुनिक सुविधाएं प्राप्त हैं, जिनके आगे वर्तमान में न तो हमारा बागवान टिक पा रहा है और न ही हमारा सेब। उनका मानना है कि अंतरराष्ट्रीय मानकों तक पहुंचने में हमें अभी कई साल लगेंगे, लेकिन तब तक हमें हार मानने के बजाय अपनी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही, उन्होंने केंद्र सरकार से पुरजोर मांग की है कि हिमाचल के किसानों को भी विकसित देशों की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधाएं और सरकारी प्रोत्साहन उपलब्ध करवाया जाए, ताकि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में पहाड़ी बागवानों के अस्तित्व को बचाया जा सके।

## राजकीय उच्च विद्यालय कोटली को राष्ट्रीय ग्रीन स्कूल अवार्ड, अर्की उपमंडल का नाम किया रोशन

अनंत ज्ञान



पुरस्कार मिलने के बाद छात्र-छात्राएं सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

**अर्की।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अर्की उपमंडल के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय कोटली ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय ने सकेंडरी स्तर की श्रेणी में ग्रीन स्कूल अवार्ड जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित समारोह में स्कूल के इको क्लब की प्रमुख ऊषा कंवर को सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की निदेशक सुनीता नारायण द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद द्वारा दिया जाता है, जिसमें विद्यालयों द्वारा अपनाई गई पर्यावरण अनुकूल गतिविधियां, स्वच्छता, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत और हरित सोच को बढ़ावा देने जैसे प्रमुख मानकों का मूल्यांकन किया जाता है। इको क्लब की प्रमुख ऊषा कंवर ने बताया कि विद्यालय ने पुरस्कार के लिए निर्धारित सभी छह मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। विद्यालय की मुख्याध्यापिका आशा नेगी ने इस उपलब्धि का श्रेय पूरे स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों को देते हुए कहा कि यह सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

## सिरमौरी लोकगीतों के संरक्षण में जुटे राजेश धाल्टा उनकी सुरीली आवाज को सुनने को तरसते हैं लोग

अनंत ज्ञान



राजेश धाल्टा कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए। अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** संगीत के प्रति समर्पित राजेश धाल्टा सिरमौर जिला के प्रसिद्ध कलाकारों में से एक हैं, जिनकी मधुर और सुरीली आवाज जब किसी मंच पर गूंजती है तो लोग इनकी आवाज बार-बार सुनने के लिए वनसमोर करके चिल्लाते हैं। सिरमौर जिला के पारंपरिक लोकगीतों की खोज व संकलन का कार्य राजेश बीते करीब पांच वर्षों से कर रहे हैं, ताकि सिरमौर की समृद्ध संस्कृति का पारंपरिक लोकगीतों के माध्यम से सरंक्षण व संवर्धन हो सके। राजेश आकाशवाणी व दूरदर्शन शिमला से भी अनुमोदित कलाकार हैं। हिमाचल प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, जिला तथा ग्रामीण स्तर मेलों में राजेश ने कार्यक्रम प्रस्तुत करके अपनी एक अलग पहचान बनाई है। राजेश को क्लासिकल गायन व गजल ,भजन इत्यादि में महारत हासिल है । राजेश धाल्टा मूलतः राजगढ़ से सटे कल्हैच गांव के रहने वाले हैं। इन्हें संगीत की शिक्षा अपने परिवार से मिली है। इनके पिता सोहन लाल धाल्टा उच्च कोटि के बांसुरी और शहनाई वादक हैं। इनका सपना संगीत विषय में प्रोफेसर बनना है।

## ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक में आयोजित कार्यक्रम पूर्व सैनिक परिवार सम्मानित

अनंत ज्ञान



सम्मानित किया गया परिवार। अनंत ज्ञान

**सोलन।** ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिक परिवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक के पहले प्रभारी अधिकारी रहे स्व. कर्नल एस चौहान (डोगरा रेजिमेंट) की सुपुत्री को वर्तमान ऑफिसर इंचार्ज कर्नल राजपाल सिंह द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में पॉलीक्लीनिक के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कर्नल राजपाल सिंह ने स्व. कर्नल एस चौहान के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने इस पॉलीक्लीनिक में अपनी सेवाएं देकर अहम भूमिका निभाई थी। कर्नल राजपाल सिंह ने बताया कि ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक सोलन द्वारा हर माह अस्वस्थ पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को आमंत्रित कर उनका कुशलक्षेम जाना जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### कंडाघाट में 2026 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने सोलन जिला के उपमंडल कंडाघाट में वर्ष 2026 के लिए स्थानीय अवकाश के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार उपमंडल कंडाघाट में 15 जून, 2026 को मेला सिद्ध बाबा चायल तथा 5 सितंबर, 2026 को मेला गुग्गामाड़ी कंडाघाट के लिए उपमंडल कंडाघाट की परिधि में स्थानीय अवकाश रहेगा।

### हर्षवर्धन चौहान 10, 11 फरवरी को सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 10 व 11 फरवरी, 2026 को सिरमौर प्रवास पर रहेंगे। उद्योग मंत्री 10 फरवरी को प्रातः कांटी मशवा में लोगों की समस्याएं सुनेंगे तथा दोपहर बाद पांवटा साहिब में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का निवारण करेंगे। उन्होंने बताया कि उद्योग मंत्री 11 फरवरी को जाखना में क्षेत्र वासियों की समस्याओं का निवारण करेंगे।

### छात्रों ने किया जैविक खेती केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र अर्की के कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने प्री-वोकेशनल योजना के अंतर्गत सुभद्रा कंवर के जैविक (ऑर्गेनिक) खेती केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जैविक उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया, प्राकृतिक खादों के उपयोग तथा पर्यावरण-अनुकूल खेती के तरीकों की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य राज कुमार गौतम ने कहा कि इस प्रकार के एक्सपोज़र विजिट विद्यार्थियों को विभिन्न व्यवसायों एवं करियर के अवसरों से अवगत कराते हैं तथा 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को बढ़ावा देते हैं। ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की सोच विकसित करने में सहायक होते हैं।

### कंडाघाट कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम




**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट डिग्री कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम शुरू हुए। इसकी शुरुआत में रोड सेफ्टी क्लब के समन्वयक डॉ. विजय कुमार ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के महत्व बारे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने अवगत करवाया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत कॉलेज में पूरे सप्ताह विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों में पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता, वीडियो, रील, मीम प्रतियोगिता, डॉक्यूमेंट्री शो, मोटर वाहन अधिनियम पर कार्यशाला और जागरूकता रैली शामिल हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से इन सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

### नगर निगम की निर्माणाधीन पार्किंग में मिला शव

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस चौकी शहर सोलन में सूचना प्राप्त हुई कि पुराना उपायुक्त कार्यालय के समीप निर्माणाधीन नगर निगम की पार्किंग में एक व्यक्ति मुंह के बल अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां उक्त व्यक्ति को चेक किया गया, जो मृत पाया गया। मौके पर मौजूद लोगों के समक्ष शव का निरीक्षण किया गया, परंतु निरीक्षण के दौरान मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट या खरोंच के निशान नहीं पाए गए। मृतक की पहचान हिमांशु (23) पुत्र भूपेंद्र, निवासी गांव शीलड, डाकखाना कंडा, तहसील कसौली, जिला सोलन के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि मृतक सोलन में कैटरिंग का कार्य करता था तथा शराब पीने का आदी था। अब तक की जांच में मृतक की मृत्यु को लेकर उसके परिजनों अथवा अन्य किसी व्यक्ति द्वारा कोई संदेह व्यक्त नहीं किया गया है। मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

### राष्ट्रीय युक्ति 2026 दीक्षांत समारोह में शूलिनी विश्वविद्यालय के छात्र सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के विधि संकाय के सोलह छात्रों ने युक्ति 2026 (ज्ञान और परिवर्तनकारी इंटर्नशिप के माध्यम से युवा मुक्त) कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्यक्रम जनरल काउंसल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक प्रतिष्ठित माह-स्तरीय राष्ट्रीय अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम था। दीक्षांत समारोह डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित किया गया, जहां प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए गए। देश भर के 15 विश्वविद्यालयों के कुल 120 विधि छात्रों को समारोह में प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए गए, जो 5 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 तक आयोजित इस प्रमुख कार्यक्रम के सफल समापन का प्रतीक है। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का भी दौरा किया, जिससे सेवा, उत्तरदायित्व और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के मूल्यों को सुदृढ़ किया गया। डॉ. रेणु पाल सूद, एसोसिएट प्रोफेसर, विधि विज्ञान संकाय, शूलिनी विश्वविद्यालय, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों का साथ दिया, ने कहा कि युक्ति 2026 एक परिवर्तनकारी शिक्षण अनुभव साबित हुआ।

# शहर में घरों से कूड़ा उठाने की दरें बढ़ाने का प्रस्ताव ठुकराया

## निगम की दुकानों का किराया बढ़ाने को लेकर सब कमेटी का गठन

अनंत ज्ञान



नगर निगम के हाउस में पार्षदों के बीच हुई तीखी नोकझोंक। अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन के जनरल हाउस में शहर में घरों से कूड़ा उठाने और निगम दुकानों के किराए बढ़ाने के प्रस्ताव को पार्षदों ने ठुकरा दिया। मेयर उषा शर्मा की अध्यक्षता में पेश इस प्रस्ताव में निगम ने शिमला नगर निगम के अनुभव के हवाले से नुकसान की भरपाई का आधार दिया, लेकिन सभी पार्षदों ने इसे खारिज कर दिया।

वार्ड-9 के पार्षद शैलेंद्र गुप्ता ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि निगम बनाने के समय फ्री कूड़ा उठाने की बात की गई थी, लेकिन अब रेट बढ़ाए जा रहे हैं। इस पर पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा और गुप्ता के बीच तीखी बहस हुई। हाउस में निगम दुकानों के किराए बढ़ाने को लेकर भी गहमागहमी रही। भाजपा पार्षदों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि इससे छोटे दुकानदारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

निगम ने मामले की जांच के लिए एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया, जो सभी पहलुओं का अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इस दौरान कई दुकानदार भी मौके पर आए और अपना पक्ष रखा।

हाउस में गीले कचरे के वैज्ञानिक निपटान के लिए बायोगैस संयंत्र लगाने की स्वीकृति दी गई, जिसमें सभी पार्षदों ने सहमति जताई। इस प्रोजेक्ट पर करीब 6 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा, निगम चुनाव में चिट्टा बेचने के मामले में पकड़े गए उम्मीदवार को चुनाव लड़ने से रोकने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा।

शहर की वेंडर मार्केट में शटर व्यवस्था पर विवाद हुआ। डिप्टी मेयर मीरानंद ने कहा कि शटर बाहर की तरफ लगाने चाहिए। सेंट ल्यूक्स के पास पार्किंग की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए। सार्वजनिक स्ट्रीटों को बेहतर बनाने और सीवरेज टैक्स को पानी के बिल का 30 प्रतिशत रखने का निर्णय लिया गया। डॉग टैक्स में सहमति बनी और कुत्तों के रजिस्ट्रेशन की फीस 1500 रुपए तय की गई, साथ ही मृत कुत्तों के लिए कब्रिस्तान बनाने का प्रस्ताव रखा गया।

हाउस में पार्षदों को 25-25 लाख रुपए देने की घोषणा की गई। वार्ड 16 में 28 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे पब्लिक टॉयलेट का निर्माण पार्षदों ने रोक दिया। हाउस का संचालन मेयर उषा शर्मा ने किया।

### नो कंस्ट्रक्शन जोन पर हाउस में चर्चा

**हाउस** में शहर के सभी 17 वार्डों को नो कंस्ट्रक्शन जोन घोषित करने का प्रस्ताव चर्चा में रहा। मेयर ने बताया कि इस विषय पर स्वास्थ्य मंत्री से बातचीत हो चुकी है और इसे कैबिनेट में उठाने की योजना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्ष 2045 को ध्यान में रखते हुए सोलन के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसमें तय किया जाएगा कि शहर में कितनी मंजिलों तक निर्माण की अनुमति होगी। नो कंस्ट्रक्शन जोन और भविष्य की निर्माण नीति से जुड़े सभी पहलुओं पर हाउस में विस्तार से विचार किया जाएगा।

### चेस्टर हिल्स को नहीं मिलेगा निगम का पानी

**हाउस** में चेस्टर हिल अपार्टमेंट्स को पानी देने का मुद्दा भी उठाया गया। सभी पार्षदों ने स्पष्ट कहा कि चेस्टर हिल्स को किसी भी स्थिति में पानी नहीं दिया जाएगा। मुख्य सचिव के आदेश के बावजूद नगर निगम ने ऑटोनॉमस बॉडी के माध्यम से इसे ठुकरा दिया। वहीं, सीवरेज सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए 8.5 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार की गई है। प्रथम चरण में वार्ड 4, 5, 6, 8, 9 और 10 को सीवरेज का लाभ मिलेगा। कमिश्नर एकता कापटा ने बताया कि दादोग में ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा।

### सुलभ शौचालयों में गंदगी पर चिंता

**हाउस** में पार्षदों ने शहर के सुलभ शौचालयों में गंदगी और स्वच्छता की लगातार बिगड़ती स्थिति पर चिंता जताई। निगम ने बताया कि संबंधित प्रबंधन को अब तक पांच बार नोटिस भेजे जा चुके हैं, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पार्षदों ने नगर निगम से प्रभावी निगरानी और त्वरित सुधार की मांग की।

### टाइड ग्रांट में नालों के निर्माण पर विचार-विमर्श

**हाउस** में टाइड ग्रांट के तहत नालों के निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। वार्ड-17 के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर ने कहा कि उनके वार्ड में कई नाले निर्माण के लिए आवश्यक हैं। आयुक्त ने सुझाव दिया कि पूरे शहर की एक संयुक्त डीपीआर तैयार की जाए और प्राथमिकता के आधार पर 2-3 वार्डों में कार्य किया जाए। हालांकि, पार्षदों ने यह कहते हुए विरोध किया कि प्रत्येक वार्ड के लिए अलग-अलग डीपीआर बननी चाहिए, ताकि सभी वार्डों की समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके।

### एनओसी प्रक्रिया को लेकर भी बवाल

**हाउस** में घर खरीदने या बेचने से पहले एनओसी लेने की प्रक्रिया को लेकर हंगामा हुआ। वार्ड-1 के पार्षद मनीष ने इसका विरोध करते हुए कहा कि नो ड्यूज/एनओसी न मिलने से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जटिल प्रक्रिया के कारण लोगों के काम अटक रहे हैं और उन्हें बार-बार निगम के चक्कर लगाने पड़ते हैं। पार्षद ने निगम से इस व्यवस्था को सरल बनाने की मांग की। बैठक में डिप्टी मेयर मीरा आनंद, अतिरिक्त आयुक्त चेतन चौहान और कई अन्य पार्षद मौजूद रहे।

## विनय कुमार के दावों पर भाजयुमो नेता विनय छींटा का पलटवार

अनंत ज्ञान

**नाहन।** संगड़ाह क्षेत्र की सड़कों की स्थिति को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। हालिया सड़क हादसों के बाद दावों और वास्तविक हालात को लेकर नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं रेणुकाजी विस क्षेत्र के विधायक विनय कुमार द्वारा अपने क्षेत्र की सड़कों को बेहतर बताने के बयान के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। भाजयुमो प्रदेश सचिव विनय छींटा ने इन दावों को जमीनी सच्चाई से अलग बताया। विनय छींटा ने हरिपुरधार बस हादसे के बाद मौके पर किए गए सड़क चौड़ीकरण और अन्य सुधार कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि यदि सड़क पहले से सुरक्षित होती, तो दुर्घटना के बाद तत्काल सुधार की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर अब भी मशीनरी तैनात है, जो सड़क की पूर्व स्थिति पर सवाल खड़े करती है।

इससे पहले विनय कुमार ने बयान दिया था कि बस हादसा खराब सड़क के कारण नहीं, बल्कि पाला जमने से वाहन के फिसलने की वजह से हुआ। उन्होंने नौहराधार-हरिपुरधार सड़क पर कराए गए करोड़ों रुपए के सुधार कार्यों का भी उल्लेख किया था।

उपायुक्त सिरमौर की ओर से की गई दंडाधिकारी जांच रिपोर्ट में हादसे का मुख्य कारण ओवरलोडिंग बताया गया है। रिपोर्ट में सड़क पर गड्ढे, पाला जमना और चालक का लाइसेंस एक्सपायर होना भी दुर्घटना से जुड़े कारकों में शामिल बताया गया है।

## जुब्बड़ में क्रिकेट का रोमांच : गड़खल टीम की एक रन से जीत

अनंत ज्ञान



मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप राव का स्वागत करते आयोजक। अनंत ज्ञान

**अश्वनी शर्मा, कसौली।** उपमंडल के जुब्बड़ गांव में नेहरू युवा क्लब जुब्बड़ द्वारा वीएमएच मेमोरियल कप क्रिकेट प्रतियोगिता का जुब्बड़ के पॉपुलर क्रिकेट ग्राउंड में आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में डॉ. प्रदीप राव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप राव ने अपने संबोधन में आयोजकों को क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन करने पर बधाई दी एवं खेल भावना को सर्वोपरि रखने और मैदान व जीवन दोनों में अनुशासित रहने का संदेश दिया। युवाओं को नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य बनाने का आह्वान किया। आज का मुकाबला गड़खल और मनु 11 के बीच खेला गया। जिसमें गड़खल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 57 रन बनाएं। इसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गड़खल की टीम ने अंतिम ओवर में 1 रन से यह मैच जीत लिया।

## कार्रवाई: चिट्टा तस्करी में शामिल आरोपी पंजाब के मोहाली से गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**सोलन।** चिट्टा तस्करी मामले में पुलिस रिमांड में लिए आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच आगे बढ़ाते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बैंक खातों एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण कर पुलिस थाना सदर की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी/मुख्य चिट्टा सप्लायर संदीप कुमार (27) पुत्र अमरजीत सिंह, निवासी गांव सूरज नगर, तहसील मलोट, जिला मुक्तसर (पंजाब) को एसएएस नगर, मोहाली (पंजाब) से बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर 8.51 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ पाया गया कि उन्हें चिट्टा/हेरोइन एसएएस नगर, मोहाली से संदीप कुमार नामक व्यक्ति से 33,000 रुपए में खरीदा था। उक्त राशि में से 30,000 रुपए नगद तथा 3,000 रुपए गूगल पे के माध्यम से उसके बैंक खाते में जमा किए थे। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि यह व्यक्ति काफी समय से इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों को चिट्टा/हेरोइन की सप्लाई कर रहा था।

### दो अलग-अलग मामलों में 17 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला पुलिस की एसआईयू टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर मुकाम अश्वनी खड्ड लिंक रोड पर आल्टो के 10 गाड़ी में बैठे दो युवकों से 14.71 ग्राम चिट्टा/हेरोइन, 6 बोतलें देशी शराब तथा 19,060 रुपए नकद बरामद किए। आरोपियों की पहचान सुरेश कुमार (50) पुत्र श्री रिखी राम, निवासी गांव जखेड, डाकखाना दंघील, तहसील कंडाघाट, जिला सोलन तथा पारस पुत्र श्री शिव कुमार (26) निवासी गांव अवाहाधार, डाकखाना गोहर, तहसील चच्योट, जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में संलिप्त गाड़ी को पुलिस कब्जे में लिया गया है।

वहीं पुलिस चौकी सपरून सोलन की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर रबोन में एक किराए के कमरा में दबिश देकर दो युवकों के कब्जा से 2.26 ग्राम चिट्टा/हेरोइन व 2,000 रुपए बरामद किए। दोनों आरोपियों की पहचान रवि कुमार पुत्र श्री राम प्रकाश (44) निवासी गांव बठोल तहसील अर्की जिला सोलन व अमन परिहार (24) पुत्र रणजीत सिंह निवासी गांव जाबल जमरोट डाकखाना कोटी तहसील व जिला सोलन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** रेणुकाजी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को तलाशी के दौरान अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ा। शराब को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करते हुए जांच आगे बढ़ा दी है। अधिकारियों का कहना है कि सड़क सुरक्षा और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

**पहल** नौणी विश्वविद्यालय का बागवानी विभाग के सहयोग से सेब में रोगों के प्रभावी प्रबंधन पर राज्यव्यापी अभियान प्रारंभ

# अल्टरनेरिया व मार्सोनिना लीफ ब्लॉच रोगों पर जागरूकता अभियान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी, बागवानी विभाग के सहयोग से सेब में अल्टरनेरिया लीफ स्पॉट एवं मार्सोनिना लीफ ब्लॉच रोगों के प्रभावी प्रबंधन हेतु 10 से 16 फरवरी, 2026 तक एक सप्ताह का राज्यव्यापी जागरूकता अभियान प्रारंभ करेगा।

यह अभियान उन सेब उत्पादक क्षेत्रों में चलाया जाएगा, जिन्हें इन रोगों की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील पाया गया है। हाल के वर्षों में अल्टरनेरिया एवं मार्सोनिना लीफ ब्लॉच रोग सेब उत्पादन के लिए एक चुनौती बनकर उभरे हैं, जिनके कारण समय से पहले पत्तियां झड़ जाती हैं और उत्पादन एवं गुणवत्ता में गिरावट आती है। इस चुनौती से निपटने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा आठ विशेषज्ञ टीमें गठित की गई हैं, जिनमें नौणी स्थित मुख्य परिसर के वैज्ञानिकों के साथ-साथ मशोबरा, बजौरा एवं शार्बो (किन्नौर) स्थित क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्रों तथा शिमला, सोलन, चंबा एवं किन्नौर के कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक शामिल हैं। बागवानी विभाग के अधिकारी भी इन टीम में शामिल होंगें।

◆ **नौणी विवि शिमला, कुल्लू किन्नौर, चंबा एवं मंडी जिलों में रहेंगी आठ टीमें**

### किसानों को जागरुक करना मुख्य उद्देश्य

**ये** टीमें क्षेत्र भ्रमण, किसान संवाद एवं स्थल-आधारित प्रदर्शनों के माध्यम से किसानों को रोगों के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान एवं अनुशंसित प्रबंधन तकनीकों को अपनाने के लिए जागरूक करेंगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य इन रोगों के रोग चक्र को तोड़ना है।

**10 फरवरी** को बाघी, रतनाड़ी एवं कलबोग, 11 को चैथला एवं धरोंक, 12 को महासू एवं हलायला, 13 को क्यारी एवं खनेटी, 14 को भरथाटा एवं कठासू, 15 को नंदपुर एवं अणु तथा 16 फरवरी को छाज्जपुर एवं धर्माना का दौरा करेगी।

**डॉ. संगीता शर्मा**, डॉ. उपेंद्र शर्मा, डॉ. अजय ब्रागटा की यह टीम 10 को शीलघाट एवं नकराडी, 11 को टिक्कर एवं करछारी, 12 को भलून केंची एवं बनचुछ बछूँच, 13 को डलगांव एवं बुठारा, 14 को लोअर कोटी एवं मुंचाडा, 15 को देविधार एवं जांगला तथा 16 फरवरी को तेलगा एवं संदासु क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी।

**डॉ. नीलम कुमारी**, डॉ. किरण ठाकुर, डॉ. तनुजा बंष्टू की टीम 10 को चियोग एवं तियाली, 11 को संधू एवं शिलारू, 12 को गुठाण एवं महोरी, 13 को देहा एवं मड़ावग,14 को बमटा एवं मातल, 15 को खद्दर एवं चौपाल तथा 16 फरवरी को बासाधार एवं बलग क्षेत्रों में जाएगी।

**डॉ. आरती शुक्ला**, डॉ. गोपाल सिंह, डॉ. अनुराग शर्मा की टीम 10 को कंदरू एवं भराना, 11 को थानेदार एवं खनेटी, 12 को फराल एवं मलेंडी, 13 को ओड्डी एवं डीब, 14 को ननखड़ी एवं नागाधार, 15 को खडाहन एवं आदर्शनगर तथा 16 फरवरी को टिक्कर एवं खोलीघाट में कार्यक्रम आयोजित करेगी।

**डॉ. डीपी भंडारी,** डॉ. अरुण नेगी एवं डॉ. बुधि राम की टीम 10 को निचार एवं सुंगरा, 11 को बाड़ी एवं पोंडा, 12 को कटगांव एवं काफनू, 13 को कल्पा एवं रोगी, 14 को कमरू एवं थेमगरंग तथा 15 फरवरी को रिब्बा एवं स्किब्बा क्षेत्रों का दौरा करेगी।

**डॉ. जया चौधरी**, डॉ. सुशील धीमान एवं सुश्री नेहा धीमान की टीम 10 को भरमौर, 11 को होली, 12 को टिस्सा, 13 को सिद्धकुंड माणी, 14 को सलूणी एवं दांड तथा 15 फरवरी को जसौरगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम करेगी।

**डॉ. जोगिंदर सिंह**, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. दिशा ठाकुर एवं डॉ. किशोर शर्मा की टीम 10 को गरसा घाटी, 11-12 फरवरी को मणिकर्ण घाटी, 13 को मनाली क्षेत्र तथा 14-15 फरवरी को बंजार क्षेत्र में अभियान चलाएगी।

**डॉ. मनीष ठाकुर**, डॉ. कौशल अत्री एवं डॉ. मंजू देवी की टीम 10 को संगलवाड़ा एवं धीमकटारू, 11 को जंजैहली एवं तुंगधार, 12 को झुंडी एवं थुनाग, 13 को मुर्हाग एवं शरण, 14 को करसोग घाटी तथा 15 फरवरी को चुराग घाटी में किसानों को जागरूक करेगी।

## कला केंद्र कोठों के रखरखाव और उचित संचालन को बैठक आयोजित



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन जिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं लोक कलाओं के संरक्षण में कोठों स्थित कला केंद्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। मनमोहन शर्मा कला केंद्र कोठों के रखरखाव एवं उचित संचालन के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कोठों में भाषा, कला एवं संस्कृतिक के संवर्द्धन के लिए वृह्द एवं कलात्मक भवन स्थापित किया गया है। इस भवन में विभिन्न लोक कलाओं के संरक्षण एवं मंचन के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध है। उन्होंने ज़िला भाषा अधिकारी को निर्देश दिए कि कोठों स्थित कला केंद्र में प्रदेश एवं सोलन जिला की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए निरंतर कार्य किया जाए। उन्होंने इस दिशा में हुई प्रगति की जानकारी ली और लोक निर्माण विभाग को उचित निर्देश जारी किए।

## चांदी 8 हजार बढ़कर 2.53 लाख किलो पर पहुंची, 10 ग्राम सोने की कीमत 1.54 लाख हुई



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में 9 फरवरी को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,798 रुपए बढ़कर 1,54,876 रुपए हो गया है। इससे पहले 1,52,078 रुपए पर था। चांदी 8,736 रुपए बढ़कर 2,53,665 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 2,44,929 रुपए पर थी। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का हाई बनाया था। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई थी। इस दौरान सोना करीब 15% तक सस्ता हो गया था, अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि, जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एकमुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। (अनंत ज्ञान)

# आत्मविश्वास व अनुशासन से ही डरमुक्त बनता है भविष्य : मोदी

## पीएम ने 'परीक्षा पे चर्चा' में कहा- परीक्षा जीवन का अंत नहीं है, बल्कि सीखने और खुद को समझने का अवसर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' के नौवें संस्करण के दूसरे एपिसोड में छात्रों को आत्मविश्वास, अनुशासन और डरमुक्त सोच का मंत्र देते हुए कहा कि 'जिसका अपने आप पर विश्वास है, उसे कभी डर नहीं लगता।'

उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन का अंत नहीं है, बल्कि सीखने और खुद को समझने का अवसर है। सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और संतुलित जीवनशैली से छात्र न केवल परीक्षा में सफल हो सकते हैं, बल्कि अपने सपनों को भी साकार कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को प्रसारित इस विशेष एपिसोड में तमिलनाडु के कोयंबटूर, छत्तीसगढ़ के रायपुर, असम के गुवाहाटी और गुजरात के आदिवासी छात्रों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कहा कि इस बार 'परीक्षा पे चर्चा' कुछ अलग और खास है, क्योंकि छात्रों के सुझाव पर देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर उनसे बातचीत की गई है। प्रधानमंत्री ने इसे छात्रों के साथ बैठकर एक-दूसरे से सीखने का प्रयास बताया।

कोयंबटूर में छात्रों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन में अनुशासन प्रेरणा को मजबूती देता है। अगर अनुशासन नहीं है तो कितनी भी प्रेरणा बोझ बन जाती है और निराशा पैदा करती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे खेती में समय पर काम न हो तो फसल खराब हो जाती है, वैसे ही पढ़ाई और जीवन में अनुशासन के बिना सफलता संभव नहीं है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि पढ़ाई और पैशन को अलग-अलग न समझें, बल्कि दोनों को जोड़कर आगे बढ़ें। उन्होंने नई तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्टार्टअप को लेकर छात्रों की जिज्ञासा की सराहना करते हुए कहा कि हर नई तकनीक से डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह तय करना जरूरी है कि हम उसके गुलाम नहीं बनेंगे।

उन्होंने मोबाइल की लत का जिक्र करते हुए छात्रों से कहा कि तकनीक का उपयोग करें, लेकिन उस पर निर्भर न हो जाएं। रायपुर में छात्रों से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने शिक्षा और खेल के संतुलन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'खेलोगे तो खिलोगे' सिर्फ नारा नहीं, बल्कि जीवन का मंत्र है। पढ़ाई जरूरी है, लेकिन खेल और शारीरिक गतिविधियां भी उतनी ही अहम हैं। छात्रों द्वारा लाए गए पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन थेथरी और खुरमी का स्वाद चखते हुए प्रधानमंत्री ने माहौल को हल्का और सहज बनाया। प्रधानमंत्री ने परीक्षा की तैयारी पर कहा कि सबसे जरूरी आदत लिखने का अभ्यास है। केवल पढ़ते रहने से तनाव बढ़ता है, लेकिन नियमित लिखने से आत्मविश्वास आता है। इसके साथ ही उन्होंने अच्छी नींद को भी परीक्षा की तैयारी का अहम हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि पूरी नींद लेने से मन प्रफुल्लित रहता है और नए विचार आते हैं। गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी के प्रवाह के बीच छात्रों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने नेतृत्व के गुणों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नेतृत्व का मतलब चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि डरमुक्त होकर सही काम करने का निर्णय लेना है। उन्होंने कहा, 'अगर आप तय कर लें कि चाहे कोई करे या न करे, मैं सही काम करूंगा, तो नेतृत्व अपने आप आपके साथ आएगा।' (अनंत ज्ञान)

## प्रचंड का दावा-नेपाल में सोशल मीडिया अल्गोरिदम का प्रयोग लोकतंत्र के लिए खतरा

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने कहा कि सोशल मीडिया अल्गोरिदम से जिस तरह का माहौल बनाया जा रहा है, वह देश के चुनाव के लिए और देश के लोकतंत्र के लिए खतरा बना हुआ है। सोमवार को काठमांडू में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रचंड ने कहा कि विश्व साम्राज्यवाद विभिन्न देशों में भू-राजनीतिक हस्तक्षेप कराने के लिए सोशल मीडिया आधारित दिखावटी गतिविधियों (स्टंट्स) का उपयोग कर रहा है और नेपाल भी इस प्रभाव से अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि विचारधारा, राजनीतिक सिद्धांत, इतिहास या विरासत के बिना कुछ लोग केवल सोशल मीडिया के सहारे लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए एक बढ़ती हुई चुनौती है। प्रचंड ने इन प्रवृत्तियों का मुकाबला करने के लिए नए संकल्प व गंभीर राजनीतिक पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्र और जनता के प्रति समर्पित राजनीति को फिर से सशक्त रूप में आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने माना कि वर्तमान समय सोशल मीडिया और सूचना प्रौद्योगिकी से संचालित है, लेकिन उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि जमीनी स्तर पर जनता से सीधा संवाद ही सबसे प्रभावी राजनीतिक तरीका बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### पतंग उत्सव में 1,500 लोगों ने लिया हिस्सा

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** लिवासा अस्पताल समर्थित नंगल पतंग उत्सव 2026 के दौरान 1,500 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी थी। इसमें 140 युवा कलाकारों ने एक ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक जागरूकता के विषयों का प्रदर्शन किया गया। उत्सव ने 'से नो टू चाइना डोर' अभियान को बढ़ावा देते हुए पक्षियों और लोगों को चोटों को रोकने के लिए सुरक्षित और पर्यावरण के अनकूल पतंग के तार का चयन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर के दौरान, लिवासा अस्पताल ने एक मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया और अंग दान जागरूकता अभियान भी चलाया गया। सीईओ-लिवासा हॉस्पिटल्स अनुराग यादव ने कहा, हमें स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों का समर्थन करने पर गर्व है।

### पुरुषोत्तम दास ट्रस्ट ने लगाया अन्न भंडारा



**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** समाज सेवा के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता निभाते हुए सामाजिक व जनकल्याणकारी गतिविधियों में अग्रणी गैर-सरकारी संगठन पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से फेज-1, औद्योगिक क्षेत्र, पंचकूला में 202वां अन्न भंडारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रुंगटा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाना और समाज में सेवा, सहयोग तथा करुणा की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि 202वां अन्न भंडारा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। हमारा सतत प्रयास है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को भरपेट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि आपसी भाईचारे, सामाजिक सहभागिता और मानवता को मजबूत करने का भी एक सार्थक प्रयास है। हमें प्रसन्नता है कि बड़ी संख्या में लोग इस पुनीत कार्य में सहयोग कर रहे हैं और भविष्य में भी इसी समर्पण भाव के साथ यह सेवा निरंतर जारी रहेगी। अन्न भंडारे के आयोजन में ट्रस्ट के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### नशा तस्कर 53 लाख की हेरोइन सहित काबू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए एक नशा तस्कर को करीब 53 लाख 50 हजार रुपए की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। नशा तस्कर की पहचान पंजाब के जिला फरीदकोट निवासी दीप सिंह के रूप में हुई है। डीएसपी कपिल अहलावत ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि आरोपी पंजाब से हेरोइन लेकर आया था और इसे कालांवाली क्षेत्र में सप्लाई करने की फिराक में था। उन्होंने बताया कि सीआईए कालांवाली पुलिस नशा तस्करी की रोकथाम के लिए पंजाब बस स्टैंड कालांवाली क्षेत्र में मौजूद थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में हेरोइन लेकर पंजाब से कालांवाली क्षेत्र में सप्लाई करने के उद्देश्य से आया हुआ है और मौके पर गांव कालांवाली में मौजूद है। पुलिस टीम गांव कालांवाली में एसडीएम कार्यालय के पास पहुंची तो एक युवक अपने हाथ में पॉलीथिन लिए दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 267 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 53.50 लाख रुपए आंकी गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ कालांवाली थाना में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और नशे की खेप के स्रोत, सप्लाई चैन, आर्थिक लेन-देन तथा इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों के बारे में भी जानकारी हासिल की जाएगी। डीएसपी कपिल अहलावत ने कहा कि नशा तस्करी में लंबे समय से संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही नशा तस्करों द्वारा नशा तस्करी से जुटाई गई अवैध संपत्ति भी पुलिस की रडार पर है । पूर्व में कई नशा तस्करों की करोड़ों की अवैध संपत्ति अटैच की गई है और अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## सोनम वांगचुक के वकील बोले- सेहत बिगड़ रही, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**एजेंसी नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को हेल्थ कंडीशन पर रिहा करने के मुद्दे पर एक बार फिर केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि मामला हैबियस कॉर्पस याचिका से जुड़ा है, इसलिए इसे लंबे समय तक टाला नहीं जा सकता।



केंद्र सरकार ने कहा है कि सोनम वांगचुक को जयपुर एम्स में अच्छा इलाज मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट बुधवार को इस मामले पर सुनवाई करेगा। केंद्र की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने एक हफ्ते सुनवाई टालने की मांग की, लेकिन कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई तय की। सुप्रीम कोर्ट ने एएसजी से पूछा कि इस मामले में अब तक क्या प्रोग्रेस हुई है? दरअसल, पिछली तारीख पर कोर्ट ने सोनम वांगचुक की सेहत को देखते हुए हिरासत पर दोबारा विचार करने का सुझाव दिया था। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि सोनम वांगचुक को बेहतर इलाज दिया जा रहा है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि वांगचुक को लद्दाख की तुलना में एम्स जयपुर में बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल रही है। सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज के किसी अन्य मामले में व्यस्त होने का हवाला देते हुए केंद्र ने एक सप्ताह का स्थगन मांगा है। सॉलिसिटर जनरल के जवाब पर पीठ में शामिल जस्टिस अरविंद कुमार ने पूछा कि स्वास्थ्य आधार पर रिहाई के सवाल पर क्या कोई प्रगति हुई है? जस्टिस वराले ने भी टिप्पणी की कि डॉक्टरों ने स्वास्थ्य समस्या बताई है। हालांकि, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि वांगचुक की तबीयत ठीक है, जबकि उनके वकील ने अदालत को बताया कि उनकी सेहत अब भी खराब बनी हुई है। (अनंत ज्ञान)

## उत्तरी नाइजीरिया में ट्रक पलटा, 30 लोगों की मौत

**एजेंसी, अबुजा।** उत्तरी नाइजीरिया के कानो में यात्रियों से भरा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि ड्राइवर के लापरवाही से ट्रक चलाने के कारण यह हादसा हुआ। हादसे में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को कानो के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमेरिका के चैनल एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इस हादसे पर कानो के गवर्नर के कार्यालय ने बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि यह ट्रक कानो के गेजावा लोकल गवर्नमेंट एरिया के क्वानार बार्डे शहर में एक हाइवे पर रविवार सुबह अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक में गुजुंग शहर के यात्री सवार थे। कानो के गवर्नर अब्बा कबीर यूसुफ के प्रवक्ता सुनुसी बटुरे डावाकिन टोफा ने कहा कि घायलों में से कई की हालत गंभीर हैं। बयान में कहा गया है, 'गवर्नर ने इस घटना को दिल दहला देने वाला और न केवल प्रभावित परिवारों के लिए बल्कि पूरे कानो राज्य के लोगों के लिए एक बड़ी क्षति बताया है।' इससे पहले दिसंबर में नाइजीरिया में हुए कार हादसे में ब्रिटिश हेवीवेट चैंपियन एंथनी जोशुआ घायल हो गए थे और उनके दो करीबी सहयोगियों की मौत हो गई थी। उनके ड्राइवर ने लागोस - इबादान एक्सप्रेस-वे पर एक खड़े ट्रक से कार टकरा दी थी। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 485 अंक चढ़ा, निफ्टी 25800 के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को भारतीय बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर आशावाद देखने को मिली।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और रियल एस्टेट शेयरों में जोरदार खरीदारी के चलते बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने सोमवार को लगातार दूसरे सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए 9 पैसे गिरकर 90.74 (अस्थायी) पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 485.35 अंक या 0.58 प्रतिशत बढ़कर 84,065.75 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, बेंचमार्क 734.28 अंक या 0.87 प्रतिशत बढ़कर 84,314.68 के अंतर्देशीय उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 173.60 अंक या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 25,867.30 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान, सूचकांक 228.55 अंक या 0.88 प्रतिशत चढ़कर 25,922.25 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। 30 शेयरों वाली कंपनियों में से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, इटरनल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडिगो, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मास्यूटिकल्स और एशियन पेंट्स लाभ कमाने वाली कंपनियां थीं। दूसरी ओर, पावरग्रिड, एनटीपीसी, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी इंडिया और एक्सिस बैंक पिछड़ गए।



जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि व्यापार समझौते से मिले सकारात्मक संकेतों व विदेशी निवेश स्रोतों (एफआईआई) की वापसी ने बाजार में जोखिम लेने की भावना को बढ़ावा दिया है। निवेशक आगामी परिणामों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बैंकों के उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बैंक सूचकांक को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की है। उन्होंने आगे कहा कि हालिया गिरावट के बाद उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और रियल एस्टेट शेयरों में संचय रणनीति देखी गई। (अनंत ज्ञान)

## फ्लेक्सी कैप फंड्स बने पहली पसंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** बदलते वैश्विक संकेतों और बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच, फ्लेक्सी कैप फंड्स खुदरा निवेशकों की पहली पसंद बन गए हैं। ये फंड उन निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प बनकर उभरे हैं, जो कम अस्थिरता के साथ बेहतर विकास का संतुलन चाहते हैं। निवेशकों की पसंद बदल रही है। आंकड़े बताते हैं कि 2025 में निवेशकों ने दूसरे फंड्स को छोड़कर सबसे ज्यादा भरोसा फ्लेक्सी कैप फंड्स पर दिखाया और इसमें बहुत निवेश हुआ। टाटा एसेट मैनेजमेंट के सीआईओ (इक्विटीज) राहुल सिंह का कहना है, 'बाजार हमेशा एक जैसा नहीं रहता। फ्लेक्सी कैप रणनीति हमें बाजार के बदलते हालातों के हिसाब से चलने की आजादी देती है, जब जरूरत होती है, तो हम छोटे लेकिन महंगे शेयरों से निकलकर बड़ी व सुरक्षित कंपनियों में निवेश कर लेते हैं। इससे निवेशकों को खुद यह सोचने की जरूरत नहीं पड़ती कि बाजार में कब पैसा लगाना है या कब निकालना है इस तरह, उनके निवेश की सुरक्षा और विकास की रफ्तार एक कुशल फंड मैनेजर के हाथों में रहती है।

## वॉयज ट्रिप प्लानर ने 'विंग्स राइजिंग टुगेदर' के साथ अपने छह वर्ष पूरे किए



अनंत ज्ञान

**जीरकपुर।** वैश्विक ट्रैवल और टूरिज्म इंडस्ट्री में अग्रणी नाम वॉयज ट्रिप प्लानर ने अपनी छठी वर्षगांठ को अपने वार्षिक प्रमुख आयोजन 'विंग्स 2026 राइजिंग टुगेदर' के साथ भव्य रूप से मनाया।

यह अवसर कंपनी की निरंतर प्रगति, नवाचार और ग्राहकों के अटूट विश्वास का एप्रतीक रहा। एक पेशेवर रूप से संचालित ओम्नी-ट्रैवल कंपनी के रूप में वॉयज ट्रिप प्लानर एंड-टू-एंड ट्रैवल सॉल्यूशंस प्रदान करती है। इसका मुख्यालय दिल्ली में स्थित है, जबकि पंजाब के जीरकपुर में इसका मजबूत ऑपरेशनल बेस है। कंपनी की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति अमेरिका के कैलिफोर्निया, कनाडा के वैंकूवर और ऑस्ट्रेलिया के टारनाइट तक फैली हुई है। 'विंग्स 2026' कार्यक्रम वॉयज ट्रिप प्लानर की स्थापना से लेकर आज एक भरोसेमंद वैश्विक ट्रैवल सॉल्यूशन प्रोवाइडर बनने तक की यात्रा को दर्शाता है। इस आयोजन में कंपनी की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कर्मचारियों, नेतृत्व और बिजनेस पार्टनर्स के योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में टीम सम्मान समारोह, परफॉर्मेंस अवॉर्ड्स और कंपनी के भविष्य के विजन पर चर्चा भी की गई। इस अवसर पर वॉयज ट्रिप प्लानर की निदेशक प्रियंका बेदी व राहुल अरोड़ा ने कहा कि यह उपलब्धि हमारी टीम की मेहनत और हमारे ग्राहकों के निरंतर विश्वास का परिणाम है। 'विंग्स 2026' अब तक के हमारे सफर और इनोवेशन, ईमानदारी और उत्कृष्टता के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## थायराइड विकारों के बढ़ते स्वास्थ्य महत्व को रेखांकित किया

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** इंडियन थायरॉयड सोसायटी (आईटीएस) ने औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 स्थित हयात रीजेंसी, चडीगढ़ में अपना राष्ट्रीय सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया। इसमें देशभर से लगभग 400 प्रतिष्ठित एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, चिकित्सक, सर्जन और शोधकर्ता शामिल हुए।

यह कॉन्फ्रेंस थाइराइड से जुड़े नवीनतम शोध, निदान तकनीकों और मरीज-केंद्रित उपचार पद्धतियों पर विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण मंच बना, जिसमें भारत में थायरॉयड विकारों के बढ़ते सार्वजनिक स्वास्थ्य महत्व को रेखांकित किया गया। मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने चिकित्सा शोध व नवाचार को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के माध्यम से बढ़े हुए वित्तीय सहयोग का उल्लेख किया। उन्होंने निवारक स्वास्थ्य सेवाओं, शीघ्र निदान व साक्ष्य-आधारित चिकित्सा पद्धतियों की ओर भारत के प्रगतिशील रुख को रेखांकित किया। साथ ही, उन्होंने थायरॉयड विकारों सहित गैर-संचारी रोगों के बढ़ते बोझ से निपटने के लिए चिकित्सा संगठनों और नीति-निर्माताओं के बीच घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। आयोजन सचिव डॉ. सचिन मित्तल ने कहा कि लगभग 400 प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी इस विषय की गंभीरता और थायरॉयड देखभाल को बेहतर बनाने के प्रति चिकित्सा समुदाय की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि यह कॉन्फ्रेंस ज्ञान साझा करने, उपचार प्रक्रियाओं के मानकीकरण और दीर्घकालिक रोग प्रबंधन रणनीतियों को सुदृढ़ करने का एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ। इंडियन थायरॉयड सोसायटी के प्रेसीडेंट लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. नरेंद्र कोटवाल ने थायरॉयड शिक्षा को आगे बढ़ाने, क्लिनिकल दिशानिर्देश तैयार करने और इस क्षेत्र में शोध को प्रोत्साहित करने में सोसायटी की अहम भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने स्वास्थ्य पेशेवरों में जागरूकता बढ़ाने और शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मरीजों के हित में सर्वोत्तम उपचार पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए आईटीएस के निरंतर प्रयासों की सराहना की। कॉन्फ्रेंस के वैज्ञानिक सत्रों में आधुनिक निदान विधियों, इमेजिंग व प्रयोगशाला चिकित्सा में हुई प्रगति, तथा हाइपोथायरॉयडिज़्म, थायरॉयड नोड्यूल्स और थायरॉयड कैंसर के प्रबंधन की उभरती रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। शोध और वास्तविक चिकित्सीय अभ्यास के बीच की दूरी को कम करना और मरीजों के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करना कॉन्फ्रेंस का प्रमुख उद्देश्य रहा। कॉन्फ्रेंस का समापन बहु-विषयक सहयोग को बढ़ावा देने, शोध पहलों के विस्तार और आम जनता व स्वास्थ्य पेशेवरों में जागरूकता को और मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ हुआ, जिसका उद्देश्य देशभर में थायरॉयड स्वास्थ्य और मरीजों की जीवन गुणवत्ता में सुधार करना है।

**दिखावा** बेंगलुरु में अमीर दिखने की चाह में कर्ज के जाल में फंसते जा रहे हैं लोग, 2-3 करोड़ की कीमत वाले प्रीमियम हाउसिंग प्रोजेक्ट्स की भरमार

# प्रीमियर घर की होड़ से ईएमआई की गिरफ्त में मिडिल क्लास

**एजेंसी, बेंगलुरु**

इक्वेटेड मंथली इंस्टॉलमेंट (ईएमआई) यानी समान मासिक किस्त के जाल में फंसे बेंगलुरु की स्काईलाइन पर आजकल हर तरफ 'सोल्ड आउट' के बोर्ड, चमकदार होर्डिंग्स और 2-3 करोड़ रुपए की कीमत वाले प्रीमियम हाउसिंग प्रोजेक्ट्स की भरमार दिख रही है। किसी बाहरी व्यक्ति को देखने पर ऐसा लग सकता है कि शहर में अचानक अमीरी की बाढ़ आ गई है, लेकिन चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन कौशिक के अनुसार, इसका संबंध बढ़ती संपन्नता से कम और बढ़ते कर्ज के बोझ से ज्यादा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कौशिक ने इसे बेंगलुरु का 3 करोड़ रुपए का जाल बताया है। उनके मुताबिक, यह एक ऐसा चक्र है, जिसमें मोटी सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स महंगे घर खरीदने के लिए अपनी वित्तीय सीमा से बाहर जा रहे हैं। अक्सर वे अपनी मासिक आय का एक बड़ा हिस्सा सिर्फ होम लोन की किस्तों को चुकाने में लगा रहे हैं। कौशिक ने लिखा, 'अगर आपको लग रहा है कि हर कोई अमीर है, तो शायद आप प्रॉपर्टी की कीमतें देख रहे हैं, उनकी बैलेंस शीट नहीं।' उन्होंने आगे कहा कि उनका यह नजरिया होर्डिंग्स देखकर नहीं, बल्कि लोगों के इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) देखकर बना है। कौशिक का तर्क है कि प्रीमियम हाउसिंग सेगमेंट में ज्यादातर खरीदार अपनी जमा पूंजी से घर नहीं खरीद रहे हैं, बल्कि अपनी जीवनशैली का पूरा खर्च बैंकों के भरोसे चला रहे हैं। होम लोन, कार लोन और कुछ मामलों में पर्सनल लोन की परतें एक के ऊपर एक चढ़ती जा रही हैं, जिससे हर महीने जाने वाली किस्तें अब उस स्तर पर पहुंच गई हैं, जिन्हें लंबे समय तक संभाल पाना मुश्किल है। उनका मानना है कि आजकल वेतनभोगी ग्राहकों के लिए यह देखना आम बात हो गई है कि उनकी कुल इनहैंड सैलरी का 60-70 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ ईएमआई भरने में चला जाता है। कागजों या स्प्रेडशीट पर लोन का यह ढांचा भले ही ठीक लगे, लेकिन हकीकत बहुत कमजोर है। उन्होंने आगाह करते हुए कहा, 'असल जिंदगी में महीने के पहले हफ्ते में ही सैलरी खत्म हो जाती है।'

उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि नौकरी में आने वाली थोड़ी सी भी रुकावट पूरे वित्तीय संतुलन को बिगाड़ सकती है। होम लोन के ब्याज पर मिलने वाली टैक्स छूट (सेक्शन 24बी के तहत), जो कभी घर खरीदारों के लिए एक बड़ा आकर्षण हुआ करती थी, अब कई उच्च आय वाले लोगों के लिए अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है। कौशिक बताते हैं कि होम लोन अब फायदे का सौदा होने के बजाय इंसान के जीवन का सबसे बड़ा खर्च बन गया है और वह भी उस घर के लिए जिसे पूरी तरह अपना होने में अभी सालों का वक्त लगेगा।

कौशिक ने कहा कि घर खरीदने का यह दबाव सामर्थ्य से नहीं, बल्कि पीछे छूट जाने के डर से पैदा हो रहा है। साल 2025 में बेंगलुरु में प्रॉपर्टी की कीमतें सालाना करीब 10-12 प्रतिशत बढ़ी हैं, जबकि नए प्रोजेक्ट्स में अब ज्यादातर महंगे घर ही बन रहे हैं। 'अफोर्डेबल हाउसिंग' यानी किफायती घर, जो कभी बाजार को संतुलित रखते थे, अब नए लॉन्च होने वाले प्रोजेक्ट्स में नाममात्र ही रह गए हैं. इसका नतीजा यह है कि खरीदार इसलिए नहीं दौड़ रहे कि घर उनके बजट में फिट बैठ रहे हैं, बल्कि इस चिंता में हैं कि कहीं कीमतें और न बढ़ जाएं। (अनंत ज्ञान)

### 2 करोड़ रुपए के लोन की असली लागत

**मौजूदा** होम लोन की ब्याज दरों (करीब 8.5-9 प्रतिशत) के हिसाब से 2 करोड़ रुपए के लोन की मासिक ईएमआई लगभग 1.6 से 1.8 लाख रुपए बैठती है। इसे आराम से चुकाने और बैंक को पैसा देने के बाद एक सामान्य जीवन जीने के लिए, परिवार की कुल कमाई (टैक्स कटने के बाद) कम से कम 3.2 से 3.6 लाख रुपए महीना होनी चाहिए. कौशिक लिखते हैं, 'यह लग्जरी नहीं है, यह सिर्फ सर्वाइवल का गणित है। पैसे के अलावा, वे उन 'छिपी हुई लागतों' की ओर भी इशारा करते हैं जिन्हें मापना मुश्किल है जैसे बढ़ता तनाव, रिस्क लेने की कम होती क्षमता और करियर में बदलाव न कर पाने की मजबूरी, क्योंकि कर्जदार भारी-भरकम किस्तों के बोझ तले दब जाता है।



### क्रेडिट साइकिल की चेतावनी

**कौशिक** ने व्यापक आर्थिक जोखिमों की ओर भी इशारा किया है। साल 2026 में भारत का घरेलू कर्ज जीडीपी के 40 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया है। यह आंकड़ा बताता है कि लोग अब अपनी जमा-पूंजी के बजाय कर्ज के भरोसे ज्यादा जी रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'यह अमीरी की लहर नहीं दिख रही है, बल्कि यह एक तपता हुआ 'क्रेडिट साइकिल' है।

## मणिपुर : भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद, नष्ट की 27 एकड़ अवैध अफीम की खेती

**एजेंसी इंफाल**

मणिपुर पुलिस ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अभियान चलाते हुए पिछले 24 घंटों के दौरान भारी मात्रा में हथियार जब्त करने के साथ ही बड़े पैमाने पर पहाड़ी क्षेत्र में की गई अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। पुलिस राज्य में शांति-व्यवस्था एवं कानून को लागू करने के लिए लगातार अभियान चला रही है।

मणिपुर पुलिस मुख्यालय ने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए जारी पोस्ट में बताया गया है कि बीते रविवार को सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले के तेंगनौपाल थानांतर्गत मोलनोम-मोलनोई गांव और आस-पास के इलाकों से अभियान चलाते हुए भारी मात्रा में हथियार एवं विस्फोटक बरामद किया। बरामद सामग्रियों में मुख्य रूप से एक एके-राइफल, एक पिस्तौल, दो इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार, एक सिंगल बैरल राइफल, दो जिंदा इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार बम, दस 7.62 एमएम के कारतूस और 14 आईईडी और आईईडी तार के बंडल जिन्हें मौके पर ही सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया। वहीं, एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने नोनी जिले के नंगबा थानांतर्गत लेंगलॉन्ग और ताइखांग के सामान्य इलाके में अभियान चलाते हुए मैगजीन के साथ एक 7.62 एमएम की एके-47 राइफल, मैगजीन के साथ एक यूएस कार्बाइन एम2, मैगजीन के साथ एक .22 बोर की पिस्तौल, एक डीजेआई ड्रोन, चार 8 एमएम ब्लैंक राउंड, 5.56 एमएम के 17 कारतूस, 7.62 एमएम की एके-47 के 39 कारतूस, आठ 9 एमएम की कार्बाइन राउंड, नौ 7.62 एमएम के एसएलआर के राउंड, सात 12 बोर के कारतूस, दो बाओफेंग रेडियो सेट और कॉर्टेक्स तार बरामद किया गया। मादक पदार्थों के खिलाफ जारी अभियान की कड़ी में सुरक्षा बलों ने रविवार को कांगपोकपी जिले के कांगचुप थानांतर्गत अवलमून, सोंग्लुंग और ल्हांगजोल इलाकों में फैली लगभग 27 एकड़ अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। खेती की जगहों पर मिली पांच झोपड़ियों को भी नष्ट कर दिया गया, साथ ही नमक के तीन बोरे और खाद के पांच बैग भी नष्ट कर दिए गए। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### एशियन चैंपियनशिप: शूट-ऑफ में वियतनाम की थुई ट्रांग से हारीं मनु

**एजेंसी, नई दिल्ली।** डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक बेहद करीबी मुकाबले में गंवाना पड़ा। फाइनल में मनु और वियतनाम की गुयेन थुई ट्रांग ने 35-35 हिट्स के साथ बराबरी की, जिसके बाद शूट-ऑफ कराया गया। शूट-ऑफ में थुई ट्रांग ने एक अतिरिक्त हिट लगाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह मुकाबला नई दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में खेला गया। भारत की ईशा सिंह ने 30 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि आठ निशानेबाजों के फाइनल में शामिल रिदम सांगवान 27 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं। हालांकि, व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण से चूकने के बावजूद भारत को टीम स्पर्धा में बड़ी सफलता मिली। मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की तिकड़ी ने कुल 1751 अंकों के साथ टीम स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। (अनंत ज्ञान)

### सूर्या की संयमित कप्तानी ने मेरा काम आसान कर दिया: गंभीर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार यादव की 'संयमित नेतृत्व क्षमता' की तारीफ करते हुए कहा कि टी-20 प्रारूप में कप्तान के तौर पर वह सभी कसौटी पर खरे उतरते हैं और इससे उनका दबाव भरा काम थोड़ा आसान हो जाता है। स्टार स्पोर्ट्स द्वारा साझा किए गए एक छोटे वीडियो में गंभीर ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप में सूर्यकुमार जैसे आक्रामक बल्लेबाज का कप्तान होना भारत के लिए सौभाग्य की बात है। इस वीडियो में यह नहीं पता चल रहा है कि गंभीर ने यह बयान कब दिया है। गंभीर ने कहा, 'सूर्यकुमार ने इस प्रारूप में मेरा काम बहुत आसान कर दिया है। वह लोगों के लिए एक बेहतरीन कप्तान हैं, यह सिर्फ इसलिए नहीं कि वह मैदान पर क्या करते हैं, या बल्लेबाज के रूप में कैसे हैं, या उनके शॉट्स इस प्रारूप में कैसे हैं।' उन्होंने कहा, 'कोच के तौर पर कभी-कभी आपके दिमाग में कई बातें चल रही होती हैं, लेकिन जब आप जानते हैं कि सूर्यकुमार माहौल को शांत बनाए रखेंगे, जैसा किसी भी कोच का सपना होता है, तो बहुत कुछ आसान हो जाता है।' गौर रहे कि भारत ने सूर्यकुमार की शानदार बल्लेबाजी के बूते शनिवार को विश्व कप के अपने शुरुआती मैच में अमेरिका को हराया था।

### अल-नासर को 'एशियाई चैंपियंस लीग टू' के लिए रोनाल्डो की वापसी की उम्मीद

**एजेंसी, रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी अरब आने के बाद अब तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीता है लेकिन उनके क्लब अल-नासर को उम्मीद है कि 41 साल का यह दिग्गज बुधवार को मैदान पर वापसी कर अपनी टीम को ट्रॉफी के करीब पहुंचाने में मदद करेगा। अल-नासर का मुकाबला एशियन चैंपियंस लीग टू के क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की करने के लिए तुर्कमेनिस्तान के अर्कादाग से होगा। पुर्तगाल के फुटबॉल खिलाड़ी रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में अल-नासर के पिछले दो मैचों में नहीं खेले। कुछ खबरों के मुताबिक वह क्लब की फंडिंग व्यवस्था से खुश नहीं थे। वह पिछले महीने ट्रांसफर विंडो में प्रतिद्वंद्वी अल-हिलाल से करीम बेंजेमा को मिले करार के मुद्दे पर खुश नहीं है। अल-नासर, अल-हिलाल, अल-इत्तिहाद और अल-अहली क्लब सऊदी अरब के सरकारी निवेश फंड के तहत आते हैं। सऊदी प्रो लीग (एसपीएल) ने कहा कि कोई भी खिलाड़ी क्लब या लीग से बड़ा नहीं होता।

### लिस की खूबसूरती के चर्चे हर जगह

**ईवा** लिस अपने देश जर्मनी की नंबर-वन टेनिस खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने दुबई में हुए डब्ल्यूटीए 1000 चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था। ईवा लिस के खूबसूरती के चर्चे हर जगह होते हैं।



**डेविस कप क्वालिफायर राउंड-1: दक्षिणेश्वर ने निर्णायक मुकाबले में किया दमदार प्रदर्शन**

# भारत ने नीदरलैंड्स को 3-2 से हराया

**एजेंसी, बेंगलुरु**

दक्षिणेश्वर सुरेश के निर्णायक मुकाबले में दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने नीदरलैंड्स को 3-2 से हराकर डेविस कप क्वालिफायर राउंड-1 में शानदार जीत दर्ज की। एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम बेंगलुरु में खेले गए इस मुकाबले में दर्ज की गई इस शानदार जीत से भारत सितंबर में होने वाले क्वालिफायर के दूसरे राउंड में पहुंच गया है, जहां दांव होगा आठ टीमों के डेविस कप फाइनल्स में जगह बनाने का। निर्णायक पांचवें रबर में सुरेश ने गाइ डेन आउडेन को 6-4, 7-6 (4) से हराते हुए भारत को यादगार जीत दिलाई। दबाव भरे इस मुकाबले में सुरेश ने कुल 15 ऐस लगाए। उन्होंने पहले सेट के सातवें गेम में ब्रेक हासिल कर बढ़त बनाई, जबकि दूसरा सेट बेहद रोमांचक रहा।

दोनों खिलाड़ी 6-6 तक सर्विस बचाने में सफल रहे, लेकिन टाईब्रेक में सुरेश ने संयम दिखाते हुए मुकाबला अपने नाम किया। दिन की शुरुआत से पहले मुकाबला 1-1 की बराबरी पर था। पहले मैच में सुरेश और युकी भांबरी की भारतीय जोड़ी ने डेविड पेल और सैंडर अरेंड्स को 7-6 (0), 3-6, 7-6 (1) से हराकर भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई। हालांकि इसके बाद जेस्पर डी जोंग ने वापसी करते हुए सुमित नागल को 5-7, 6-1, 6-4 से हराया और स्कोर 2-2 कर दिया। भारतीय टीम के कप्तान रोहित राजपाल ने सुमित नागल की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, 'पिछले 10 दिन हमारे लिए मुश्किल रहे हैं। हमारी नंबर एक खिलाड़ी सुमित नागल चोट से जूझ रहे थे। यह सुमित नागल का 50 प्रतिशत प्रदर्शन भी नहीं था। अगर वह पूरी तरह फिट होते तो कहानी कुछ और होती। इसके बावजूद उन्होंने शेर की तरह लड़ाई लड़ी, टीम का नेतृत्व किया, जैसा कि भारत के नंबर एक खिलाड़ी को करना चाहिए।' सुरेश पर बात करते हुए कप्तान राजपाल ने कहा, 'वह मेरा ट्रंप कार्ड हैं, जिसे मैं हर बार इस्तेमाल करता हूं और हर बार वह काम करता है।'

दक्षिणेश्वर सुरेश के इस ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ भारत ने नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबला जीतकर डेविस कप अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाया। (अनंत ज्ञान)



◆ **क्वालिफायर के दूसरे राउंड में बनाई जगह**

#### अपनी ताकत का किया पूरा इस्तेमाल: दक्षिणेश्वर

**अपने** प्रदर्शन और मानसिक तैयारी पर बोलते हुए सुरेश ने कहा, '6 फीट 6 इंच की ऊंचाई के साथ मैं भारत का इकलौता इतना लंबा खिलाड़ी हूं, इसलिए मुझे अपनी ताकत का पूरा इस्तेमाल करना होता है। मैं हर दिन सर्विस की प्रैक्टिस करता हूं। निरंतरता ही सबसे अहम है। अहम मौकों पर मैं खुद से कहता हूं कि यह मैंने लाखों बार किया है, यह सिर्फ एक और बॉल है।'

## रिंकू सिंह आईपीएल के बाद लेंगे सांसद प्रिया संग 7 फेरे



**एजेंसी, अलीगढ़**

क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज इसी साल जून में 7 फेरे लेंगे। दोनों की शादी काशी में होगी। परिवार ने सियासत से बचने को गेस्ट लिस्ट छोटी बनाई है। पिछले साल 8 जून को लखनऊ में रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी हुई थी। इसके बाद नवंबर, 2025 में शादी की डेट फिक्स हुई थी। लेकिन, शादी नहीं हो पाई थी। फिर फरवरी, 2026 की तारीख तय हुई, लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप और आईपीएल के चलते अब इसे जून के लिए शेड्यूल किया गया है। रिंकू के बड़े भाई सोनू सिंह ने बताया कि शादी के लिए पहले 11 और 12 जून की तारीखों पर चर्चा थी, लेकिन आईपीएल फाइनल की व्यस्तता को देखते हुए रिंकू ने नई तारीख निकलवाने को कहा है। सोनू सिंह ने कहा कि आईपीएल 26 मार्च से 31 मई के बीच प्रस्तावित है। जब रिंकू आईपीएल से फ्री होंगे, तभी शहनाई बजेगी। शादी काशी में होगी और रिसेप्शन अलीगढ़ में रखा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रन से दी शिकस्त

**मुन्से के आक्रामक अर्धशतक और लीस्क के ऑलराउंड खेल ने पहले ही मैच में दिलाई जीत**

**एजेंसी, कोलकाता**

सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से के आक्रामक अर्धशतक और माइकल लीस्क के ऑलराउंड खेल से स्कॉटलैंड ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में सोमवार को यहां इटली को 73 रन से रौंदकर पहली जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड के 208 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की टीम ऑफ स्पिनर लीस्क (17 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने बेन मानेंती (52) के अर्धशतक और हैरी मानेंती (37) के साथ उनकी चौथे विकेट की 73 रन की साझेदारी के बावजूद 16.4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। मार्क वाट ने भी 24 रन देकर दो विकेट चटकाए। स्कॉटलैंड ने इससे पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज मुन्से की 54 गेंद में दो छक्कों और 14 चौकों से 84 रन की पारी और माइकल जोन्स (37) के साथ पहले विकेट की उनकी 126 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 207 रन बनाए और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली पहली टीम बनी।

ब्रैंडन मैकमुलेन (नाबाद 41, 18 गेंद, चार छक्के) और लीस्क (नाबाद 22, पांच गेंद, दो छक्के, दो चौके) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। लीस्क ने अंतिम ओवर में थॉमस ड्रेका पर दो छक्के और दो चौके से 22 रन जुटाए। इटली को मैच की शुरुआत में ही झटका लगा जब चौथे ओवर में कप्तान वेन मेडसन के बाएं कंधे में चोट लगी और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। वह मैच में आगे हिस्सा नहीं ले पाए।

पिछले साल जुलाई में यूरोपीय क्वालीफायर में चार मैच में इटली के खिलाफ एकमात्र हार के बाद स्कॉटलैंड की टीम विश्व कप में सीधे जगह बनाने से चूक गई थी। बांग्लादेश के सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार करने के बाद स्कॉटलैंड को प्रतियोगिता में जगह मिली है। (अनंत ज्ञान)




## टी-20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे ने ओमान को 8 विकेट से हराकर दर्ज की बड़ी जीत

**एजेंसी कोलंबो**

जिम्बाब्वे ने टी-20 विश्व कप में शानदार वापसी करते हुए सोमवार को ओमान को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में जिम्बाब्वे के लंबे कद के तेज गेंदबाजों ने ओमान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी, जिसके बाद ब्रायन बेनेट और अनुभवी ब्रेंडन टेलर ने आसान लक्ष्य को बिना किसी दबाव के हासिल कर लिया।

ब्लेसिंग मुजराबानी, ब्रैड इवांस और रिचर्ड नगारावा की तेज़ गेंदबाजी तिकड़ी ने ओमान की 10 में से 9 विकेट झटककर इतिहास रच दिया। यह पहला मौका था जब जिम्बाब्वे के तेज़ गेंदबाज़ों ने टी-20 विश्व कप के किसी मैच में इतने विकेट लिए। पावरप्ले में मुज़राबानी सबसे घातक साबित हुए। उन्होंने शुरुआती छह ओवरों में गिरने वाले चार में से तीन विकेट झटके। नगारावा ने पावरप्ले में एक और मध्य ओवरों में दो विकेट चटकाए, जबकि इवांस ने आखिरी तीन विकेट लेकर ओमान की पारी का अंत किया। (अनंत ज्ञान)

#### पावरप्ले में मुजराबानी का कहर



**ओमान** की पारी की शुरुआत में नगारावा की शॉर्ट गेंदों को ओपनर्स ने संभाल लिया, लेकिन दूसरे छोर से मुज़राबानी की फुल लेंथ गेंद ने कप्तान जतिंदर सिंह को बैकफुट पर फंसा दिया। गेंद स्टंप्स में समा गई और यहीं से ओमान की विकेटों की झड़ी लग गई। नगारावा ने अगले ओवर में हम्माद मिर्ज़ा को शॉर्ट गेंद पर आउट किया। इसके बाद 44 वर्षीय आमिर कलीम थर्ड मैन पर कैच थमा बैठे। मुजराबानी ने करण सोनावाले को भी शॉर्ट गेंद पर विकेट कीपर के हाथों कैच कराकर ओमान को गहरे संकट में डाल दिया।

## मुंबई को हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा कर्नाटक

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल के 24वें प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को यहां 42 बार के चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 130 रन की पारी खेली जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की। बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत अब उत्तराखंड से होगी। भारत की टेस्ट और एकदिवसीय टीम के अहम सदस्य राहुल को रविचंद्रन स्मरण (नाबाद 83, 123 गेंद, 11 चौके) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। दोनों ने मैच के चौथे दिन चौथे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी करके कर्नाटक की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राहुल की पारी की बदौलत आठ बार का चैंपियन कर्नाटक लंच तक तीन विकेट पर 265 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में था। राहुल हालांकि लंच के तुरंत बाद तुषार देशपांडे का शिकार बने। देशपांडे और तनुष कोटियान ने इसके बाद कर्नाटक का स्कोर छह विकेट पर 285 रन कर दिया। बाइस साल के स्मरण ने इसके बाद अपना विकेट बचाने को तरजीह जबकि विद्याधर पाटिल ने 30 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 31 रन की पारी खेलकर कर्नाटक को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले राहुल ने अपनी पारी के दौरान काफी धैर्य दिखाया और कोटियान की गेंद पर चौके के साथ शतक पूरा किया। (अनंत ज्ञान)




◆ **लोकेश राहुल ने 182 गेंद में 14 चौकों की मदद से बनाए 130 रन**

## आज यूएई को हराकर ग्रुप में अपनी स्थिति मजबूत करने उतरेगा न्यूजीलैंड

**एजेंसी, चेन्नई**

न्यूजीलैंड मंगलवार को यहां टी-20 विश्व कप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को हराकर लगातार दूसरी जीत के साथ ग्रुप डी के शीर्ष पर अपनी जगह मजबूत करने के इरादे से उतरेगा। न्यूजीलैंड ने रविवार को अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराकर दो अंक हासिल किए और अब वे अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

अफगानिस्तान के खिलाफ जीत ने न्यूजीलैंड के लंबे और अनुभवी बल्लेबाजी क्रम की उपयोगिता को दिखाया। टीम ने धीमी पिच पर 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 14 रन पर दो विकेट गिरने के बावजूद आसानी से पांच विकेट से जीत हासिल की। मिचेल सेंटनर की अगुवाई वाली टीम अपने बल्लेबाजी क्रम के दो महत्वपूर्ण खिलाड़ियों फिन एलेन और रचिन रविंद्र से आत्मविश्वास बढ़ाने वाले प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। एलेन और रविंद्र पिछले मैच में मुजीब उर रहमान की स्पिन का शिकार हो गए थे लेकिन यूएई के पास उस तरह के स्तरीय गेंदबाज नहीं हैं। शीर्ष क्रम के ये दोनों बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच से पहले यूएई की टीम के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे। टीम को ग्लेन फिलिप्स से एक बार फिर अच्छी पारी की उम्मीद होगी जिन्होंने न्यूजीलैंड को मुजीब के दोहरे झटकों से उबारने में अहम भूमिका निभाई थी।

वहीं, यूएई में कप्तान मोहम्मद वसीम जैसे अनुभवी खिलाड़ी के अलावा आक्रामक बल्लेबाज अलीशान शराफू और अनुभवी तेज गेंदबाज जुनैद सिद्दीकी भी शामिल हैं। ये तिकड़ी किसी भी टीम को चौंकाने का दमखम रखती हैं। (अनंत ज्ञान)




#### संभावित टीमें

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी।

**यूएई:** मोहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, आर्यन शर्मा, ध्रुव पाराशर, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मयंक कुमार, मोहम्मद अरफान, मोहम्मद फारूक, मोहम्मद जवादुल्लाह, मोहम्मद जोहेब, रोहिद खान, सोहेब खान, सिमरनजीत सिंह।

## नई दिल्ली में नामीबिया से होगा नीदरलैंड का मुकाबला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पाकिस्तान को कड़ी टक्कर देने के बाद नीदरलैंड मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सुबह 11 बजे टी-20 विश्व कप ग्रुप-ए में नामीबिया के खिलाफ अपने दमखम की परीक्षा देगा। नीदरलैंड की टीम इस भरोसे के साथ दिल्ली पहुंची है कि वह ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को परेशान कर सकती है। श्रीलंका में टूर्नामेंट के पहले मैच में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को झकझोरने के बाद यह टीम अपने आत्मविश्वास को जीत में बदलना चाहेगी। वहीं, नामीबिया अपने अभियान की शुरुआत एक ऐसी टीम के खिलाफ करेगा जो पहले ही कड़े मुकाबले खेल चुकी है। पाकिस्तान के खिलाफ नीदरलैंड का 147 रन का स्कोर किसी एक बल्लेबाज पर निर्भर नहीं था। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने 37 रन बनाकर पारी संभाली, जबकि बास डी लीडे (30) और कॉलिन एकरमैन (14 गेंदों में 20) ने मध्य ओवरों में तेजी दी। मैच के 13वें ओवर में चार विकेट पर 105 रन बनाने के बावजूद उसने आखिरी सात ओवर में सिर्फ 42 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिये। नामीबिया के कम अनुभवी, लेकिन विविधता से भरे गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ भी मध्य ओवर निर्णायक साबित हो सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ नीदरलैंड के गेंदबाजों ने भी प्रभावित किया। पॉल वैन मीकेरेन (20 रन पर दो विकेट) की सटीक गेंदबाजी और रोएलोफ वान डर मर्वे (13 रन पर एक विकेट) की किफायती स्पेल ने पाकिस्तान को संघर्ष करने पर मजबूर किया। वहीं, दूसरी ओर अनुभवी गेरहार्ड इरास्मस की अगुआई में नामीबिया युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा संतुलन रखती है। (अनंत ज्ञान)

◆ **दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 11 बजे शुरू होगा मैच**

## प्रीमियर लीग: मैनचेस्टर सिटी की लिवरपूल पर 2-1 से रोमांचक जीत

**एजेंसी, लंदन**

मैनचेस्टर सिटी ने प्रीमियर लीग खिताब की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखते हुए एनफील्ड में खेले गए मुकाबले में लिवरपूल को 2-1 से हरा दिया। मुकाबले के आखिरी पलों में किए गए शानदार प्रदर्शन की बदौलत सिटी ने नाटकीय वापसी करते हुए अहम जीत दर्ज की। मैच से पहले मैनचेस्टर सिटी अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल से नौ अंक पीछे थी।

आर्सेनल ने शनिवार को सुंदरलैंड को 3-0 से हराया था, जिससे सिटी पर दबाव और बढ़ गया था। इस बीच मुकाबले में 75वें मिनट में डोमिनिक स्जोबोस्लाई ने शानदार फ्री-किक गोल दागकर लिवरपूल को बढ़त दिला दी और ऐसा लगा कि सिटी की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। हालांकि, मैनचेस्टर सिटी ने हार नहीं मानी। 84वें मिनट में बर्नार्डो सिल्वा ने एरलिंग हालैंड के हेडर के बाद मिले मौके को भुनाते हुए बराबरी का गोल किया। इसके बाद हालैंड ने पेनल्टी पर गोल कर सिटी को 2-1 की बढ़त दिला दी। यह पेनल्टी तब मिली जब मथियस नून्स को लिवरपूल के गोलकीपर एलिसन ने गिरा दिया।

मैच के बाद सिटी के कोच पेप गार्डियोला ने कहा, 'यह प्रीमियर लीग के लिए शानदार मुकाबला था। पहला हाफ बहुत अच्छा रहा, लेकिन दूसरे हाफ में थोड़ा थकान दिखी। स्जोबोस्लाई का गोल शानदार था, लेकिन इसके बाद हमारी टीम ने कप्तान बर्नार्डो के नेतृत्व में शानदार वापसी की।' (अनंत ज्ञान)

#### इंटर मिलान ने सासुओलो को हराकर बढ़त बनाई

**एजेंसी, रोम।** इंटर मिलान ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे सासुओलो को रविवार को 5-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी बढ़त आठ अंक कर ली। यान बिसेक और मार्कस थुराम ने इंटर के लिए पहले हाफ में जबकि लोटारो मार्टिनेज, मैनुअल अकांजी और लुइ हेनरिक ने दूसरे हाफ में गोल दागे। इस जीत से इंटर मिलान के 24 मैच में 58 अंक हो गए हैं। एसी मिलान की टीम 23 मैच में 50 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टीम मिलाना कोर्टिना ओलंपिक के कारण इस सप्ताहांत नहीं खेली। इंटर मिलान की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं जीत है। (अनंत ज्ञान)

**स्वर्णिम दौड़** 80 वर्ष से अधिक आयु में अजमेर में 7वीं मास्टर्स एथलेटिक्स गेम्स में दिखाया दम

## ऊना के दो वेटरन खिलाड़ियों ने जीते छह पदक

**अनंत ज्ञान**

**राजेश शर्मा, ऊना।** उम्र महज एक संख्या है—इस कहावत को चरितार्थ करते हुए ऊना के दो वेटरन खिलाड़ियों ने एक बार फिर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। फरवरी के प्रथम सप्ताह में राजस्थान के अजमेर में आयोजित 7वीं मास्टर्स एथलेटिक्स गेम्स में ऊना कॉलेज की सेवानिवृत प्राचार्य मैडम प्रेम शुक्ला और सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक ओम प्रकाश शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल छह पदक अपने नाम किए। अब दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की तैयारियों में जुट गए हैं।

80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में भाग लेते हुए मैडम प्रेम शुक्ला ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर सभी को प्रेरित किया। उन्होंने 5 किलोमीटर दौड़ और 200 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल हासिल किया, जबकि 100 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस आयु में उनकी फुर्ती और दृढ़ संकल्प ने दर्शकों और अन्य खिलाड़ियों को भी हैरान कर दिया। वहीं 75 वर्ष आयु वर्ग में ओम प्रकाश शर्मा ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए तीन कांस्य पदक जीते।

उन्होंने 5 किलोमीटर, 1500 मीटर और 800 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर निरंतर अभ्यास और समर्पण का उदाहरण पेश किया।

मैडम प्रेम शुक्ला का कहना है कि अच्छे स्वास्थ्य और सक्रिय जीवन के लिए खेलों से निरंतर जुड़े रहना आवश्यक है। नियमित अभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। उन्होंने युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि वे पिछले चार दशकों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सैकड़ों प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि भले ही उन्हें सरकारी स्तर पर विशेष प्रोत्साहन न मिला हो, लेकिन अपने खर्च पर देश-विदेश में जाकर उन्होंने भारत और हिमाचल का नाम रोशन किया है। उनका मानना है कि किसी भी उम्र में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत की जाए तो सफलता निश्चित मिलती है।



मास्टर्स एथलीट ओम प्रकाश शर्मा और प्रेम शुक्ला। अनंत ज्ञान

#### स्वयं को कम न आंकें

**दोनों** खिलाड़ियों ने संदेश दिया कि कोई भी व्यक्ति स्वयं को कम न आंके। उम्र सफलता में बाधा नहीं बनती, बल्कि हौसला और अनुशासन ही असली पूंजी है। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती, और वहां 100 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। ऊना के इन दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।